CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, मंगलवार 9 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 115 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 17 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं: योगी पेज 2



टी-20 में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी टीम इंडिया खेल टाइम्स



हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम सम्पादकीय



क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी ने कसा शिकंजा पेज 12

# वंदे मातरम पर कांग्रेस ने किया विश्वासघात: मोदी

## कहा: कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेके

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदे मातरम के विरोध का नारा किया था बुलंद**
- **तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा था**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर वंदे मातरम के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में सोमवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदे मातरम के विरोध का नारा बुलंद किया तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। जवाहर लाल नेहरू ने ऐसे समय मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदे मातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि विरोध के पांच दिन बाद बीस अक्टूबर को जवाहर लाल नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को चिट्ठी लिखी और इसमें उन्होंने जिन्ना की भावना से अपनी सहमति जताई, जिसमें कहा गया कि यह गीत मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस को जो पत्र लिखा गया उसमें जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैंने वंदे मातरम का बैकग्राउंड पढ़ा है और मुझे लगता है इससे मुस्लिम भड़केंगे। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि 26 अक्टूबर से कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में वंदे मातरम की समीक्षा होगी। इससे पूरा देश हैरान था। पूरे देश में इसके विरोध में प्रभात फेरियां निकाली। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया। वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए।। कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी, इसलिए कांग्रेस को एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज भी वैसे ही हैं। आज भी कांग्रेस और उनके सहयोगी वंदे मातरम पर विवाद खड़ा करने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि वंदेमातरम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भावना क्या थी वह भी सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। उस समय दक्षिण अफ्रीका से इंडियन ओपिनियन नाम की एक पत्रिका निकलती थी, जिसमें दो दिसम्बर 1905 में महात्मा गांधी ने लिखा था यह गीत वंदेमातरम जिसे बंकिम चंद्र ने रचा है, पूरे बंगाल में अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। स्वदेशी आदोलन के पक्ष में विशाल सभाएं हुई जहां लाखों लोगों ने ये गीत गाया। उन्होंने लिखा कि यह गीत इतना लोकप्रिय हो गया जैसे ये हमारा राष्ट्रीय गान बन गया है। यह अन्य राष्ट्रों की गीतों से मधुर है। यह भारत को मां के रूप में देखता है और उसकी स्तुति करता है। उन्होंने कहा कि जो वंदे मातरम महात्मा गांधी को राष्ट्रीय गान के रूप में दिखता -शेष पृष्ठ दो पर

# आसाराम केस: सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता की याचिका की खारिज

## अंतरिम चिकित्सा जमानत नहीं होगी रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अदालत ने कहा: हाईकोर्ट तीन माह में निपटाए लंबित अपील**



**नई दिल्ली।** आसाराम बापू से जुड़े बहुचर्चित यौन-शोषण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मिली अंतरिम चिकित्सा जमानत को रद्द करने से इन्कार कर दिया है। सोमवार को दिए गए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता की याचिका खारिज करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा दी गई राहत में हस्तक्षेप करने से साफ मना कर दिया।

हालांकि अदालत ने यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि वर्ष 2018 से लंबित आपराधिक अपील का शीघ्र निस्तारण आवश्यक है और राजस्थान हाई कोर्ट से इसे तीन माह के भीतर निपटाने के लिए कहा है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने की। पीठ ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में हाईकोर्ट द्वारा दी गई चिकित्सा जमानत को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता, लेकिन मामले की लंबित स्थिति निश्चित रूप से चिंता का विषय है। शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि आईपीसी और पोक्सो अधिनियम के तहत गंभीर आरोपों में दोषसिद्ध व्यक्ति को इस तरह से बार-बार अंतरिम राहत देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आसाराम ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है और चिकित्सा जमानत की अवधि के दौरान सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही यह भी तर्क रखा गया कि आसाराम ऐसी 'वनस्पतिक अवस्था' में नहीं हैं, जैसा कि हाईकोर्ट के आदेशों में दर्शाया गया था। आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने पक्ष रखा। वहीं राजस्थान राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा और अधिवक्ता सोनाली गौर उपस्थित रहे। राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने शिकायतकर्ता की आपत्तियों का समर्थन करते हुए अपील की असामान्य देरी और पूर्व में ज़मानत शर्तों के उल्लंघन की ओर भी अदालत का ध्यान आकर्षित किया।

### भारत विरोधी पोस्ट के आरोपी प्रोफेसर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पर 'भारत विरोधी और अभद्र बयान' पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार असम के गोसाईगांव महाविद्यालय के निलंबित प्रोफेसर जोयनाल आबेदीन को सोमवार को जमानत दे दी। श्री आबेदीन को जमानत देते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह भी साफ कर दिया कि जमानत के आदेश को उन्हें नौकरी पर वापस रखने का आधार नहीं माना जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आबेदीन छह महीने से हिरासत में हैं और मुकदमे में काफी समय लगने की संभावना है, क्योंकि अभियोजन पक्ष को अभी भी चार गवाहों से पूछताछ करनी है। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उन्हें जमानत बांड जमा करने की शर्त पर रिहा किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में पारा 5.7 डिग्री, 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में शीतलहर का असर जारी है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में रविवार को न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मप्र के ज्यादातर शहरों में रविवार को पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित कई जिलों में शीतलहर चली। इंदौर में सर्दी का 10 साल का रिकार्ड टूट गया। यहां रविवार रात को 5.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इससे पहले 24 दिसम्बर 2015 को इंदौर में सबसे कम तापमान 7डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। यूपी के 20 जिलों में सोमवार को इस सीजन का पहली बार घना कोहरा देखने को मिला। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों में विजिबिलिटी इतनी कम हो गई कि सड़कों पर 10 मीटर दूर भी कुछ नजर नहीं आ रहा था। अयोध्या सबसे ठंडा शहर रहा। यहां पारा 5.5डिग्री सेल्सियस डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### गोवा नाइट क्लब हादसा: अग्निकांड में पांचवीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** गोवा के एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने की घटना के मामले में दिल्ली से एक गिरफ्तारी हुई है। इस अग्निकांड में 25 लोगों की जान चली गई थी। राज्य पुलिस ने दिल्ली से नाइट क्लब के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। यह गिरफ्तारी मामले की जांच में एक नया मोड़ ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान भरत कोहली के रूप में हुई है, जो दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके का निवासी है। कोहली पर नाइटक्लब के दैनिक संचालन की देखरेख की जिम्मेदारी थी। उसकी संलिप्तता नाइटक्लब के एक प्रबंधक से पूछताछ के दौरान सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोहली को आगे की पूछताछ के लिए गोवा ले जाया जाएगा। यह आग शनिवार रात को उत्तरी गोवा के अरापोरा में स्थित बिर्च बाय रोमियो लेन नामक नाइट क्लब में लगी थी। दुखद बात यह है कि आग की चपेट में आने वालों में अधिकांश नाइट क्लब के कर्मचारी ही थे।

### बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसम्बर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गई। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। अब इस मस्जिद के लिए जुटाए चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी। विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को घोषणा की कि वह फरवरी में 1 लाख लोगों से कुरान का पाठ करवाएंगे।

# इंडिगो उड़ान संकट 'गंभीर' पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इन्कार


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो एयरलाइंस की ओर से बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द किए जाने और देरी के कारण देश भर में उत्पन्न यात्री संकट पर सोमवार को चिंता व्यक्त की, लेकिन इसमें तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि लाखों यात्री हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं और इस व्यवधान के कारण कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। न्यायालय ने यह देखते हुए तत्काल सुनवाई से इन्कार कर दिया कि केंद्र सरकार ने पहले ही इस संकट का संज्ञान ले लिया है और वह इस पर कार्रवाई कर रही है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। लाखों लोग हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। हम जानते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और अन्य कठिनाइयां हो सकती हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने समय पर कार्रवाई की है और इस मुद्दे का संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर शीघ्र सुनवाई के लिए दायर याचिका में दावा किया गया कि एयरलाइन में परिचालन संसाधनों की कमी, विशेष रूप से गंभीर पायलट संकट और नए 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने में कठिनाइयों के कारण, यात्रियों को पर्याप्त सूचना दिए बिना बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द की जा रही हैं।

### इंडिगो संकट: 7वें दिन 500+ फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से अब तक 500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि हालात रोज बेहतर हो रहे हैं। 10 दिसम्बर तक ऑपरेशन नार्मल होने की उम्मीद है। वहीं इंडिगो ने दावा किया कि उसने पूरा नेटवर्क रीस्टोर कर लिया है। फ्लाइट आपरेशंस 91 फीसदी आन टाइम चल रहा है जो कि रविवार से 75 फीसदी ज्यादा है। उधर, राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो संकट उसके क्रू रोस्टरिंग और इंटरनल प्लानिंग सिस्टम में समस्याओं के कारण हुआ। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। जांच जारी है।



**नई दिल्ली: इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान जमा हो गया।**

### जापान में भूकंप के तेज झटके 7.6 रही तीव्रता सुनामी का अलर्ट

**टोक्यो।** जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। भूकंप का केंद्र आओमोरी प्रांत के तट से 80 किमी दूर, 50 किमी की गहराई पर था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है कि भूकंप आओमोरी और होक्काइडो के तट पर आया, उत्तर-पूर्वी तट पर तीन मीटर ऊंची सुनामी आ सकती है। अभी किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने चेतावनी जारी की है कि भूकंप के बाद उत्पन्न खतरनाक सुनामी लहरें जापान और रूस के तटों को प्रभावित कर सकती हैं, इसके अलावा भूकंप के केंद्र से 1,000 किमी के दायरे में आने वाले किसी भी क्षेत्र में विनाशकारी लहरों का खतरा बना हुआ है।

# जितने साल से मोदी पीएम, उतने साल नेहरू जेल में रहे: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **कहा: वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है**

**नई दिल्ली।** केरल की वायनाड सीट से चुनकर लोकसभा पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद में इस समय ये चर्चा इसलिए कराई गई, क्योंकि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं।

प्रियंका गांधी ने संसद में आगे कहा कि वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था। प्रियंका ने कहा कि वंदे मातरम नाम लेते ही स्वतंत्रता संग्राम की यादें और उसका साहस सामने आ जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 1930 के दशक में सांप्रदायिक की राजनीति उभरी तब ये गीत विवादित होने लगा। उन्होंने आगे कहा कि 1937 में नेताजी कोलकाता में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन कर रहे थे। 20 अक्टूबर का लेटर उन्होंने सुनाया, लेकिन इससे पहले उन्होंने नेहरू को एक चिट्ठी लिखी थी, इसका पीएम मोदी ने जिक्र नहीं किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं। 17 अक्टूबर को चिट्ठी के जवाब में नेहरू ने 20 अक्टूबर की चिट्ठी में लिखा कि मैंने तय किया है कि मैं 25 अक्टूबर को कोलकाता आऊंगा, टैगोर से मिलूंगा। 28 अक्टूबर को कांग्रेस ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित किया। इस कार्यसमिति की बैठक में सभी महापुरुष मौजूद थे। सभी इस प्रस्ताव से खुश थे। सहमत थे। संसद में वंदे मातरम पर हो रही बहस के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर इसकी जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 साल से आज़ाद भारत में जनता के दिलों में बसता आया है। प्रियंका ने पूछा कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए, न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदे मातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और भीमराव आंबेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री 12 साल से देश चला रहे हैं, और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आज़ादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे।

# राजधानी दिल्ली की हवा बेहद खराब

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **बीते 24 घंटे में छह अंक बढ़कर 314 पहुंचा एक्यूआई**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हवा की दिशा बदलने से प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। ऐसे में सोमवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई।

वहीं, आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 314 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें रविवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 330 दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 309, ग्रेटर नोएडा में 302 और गुरुग्राम में 278 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी मानहानि केस में मंगलवार को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई सोमवार को सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। इस दौरान राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गवाह राम चंद्र दुबे से जिरह की। कोर्ट शेष बयान दर्ज करने के लिए मंगलवार को फिर सुनवाई करेगी। यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा ने आरोप लगाया था कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पांच साल तक अदालती कार्यवाही चली है। राहुल गांधी के पेश न होने पर दिसम्बर 2023 में तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी थी।

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले की कोतवाली पुलिस ने कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाने में पहले से दर्ज मुकदमों में धारा 26 डी एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 61(2), 318(2), 340(2) बीएनएस और धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत शुभम जायसवाल, भोला प्रसाद एवं अन्य के विरुद्ध चल रहे मामले में दोनों आरोपियों को कोतवाली परिसर से पूछताछ के बाद रविवार देर शाम गिरफ्तार किया गया।

### एसआईआर को उप्र में लेकर राजनीतिक माहौल गरम

# घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अवैध घुसपैठियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों के नाम लिखा मार्मिक पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर को लेकर गरम राजनीतिक माहौल के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के के नाम चिट्ठी लिखकर सावधान रहने की अपील की है और साथ ही कहा है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

योगी ने एक्स पर प्रदेशवासियों को संबोधित पत्र जारी करते हुए कहा कि न्यायालय की हालिया टिप्पणी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता। सरकारी संसाधनों पर पहला अधिकार प्रदेश के नागरिकों का है, न कि अवैध रूप से रह रहे लोगों का। उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुचारु कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सभी नगर निकायों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों पर अनधिकृत कब्जे की सफाई आवश्यक है और योजनाओं से मिलने वाले लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को ही दिए जाएंगे। घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चिन्हित व्यक्तियों को डिटेंशन केंद्रों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसके लिए प्रत्येक मंडल में विशेष केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। योगी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे सतर्क रहें और किसी भी व्यक्ति को घर या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि सुरक्षा ही समृद्धि का आधार है। पत्र के अंत में मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए सरकार हर आवश्यक कदम उठा रही है।

### घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई से सपा को परेशानी क्यों: केशव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार प्रदेश में घुसपैठ रोकने और अवैध तत्वों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी को इससे परेशानी क्यों हो रही है। मौर्य ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि यदि पुलिस, प्रशासन और भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ काम कर रहे हैं, तो समाजवादी पार्टी को दर्द क्यों हो रहा है। उनका इनसे क्या रिश्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सपा सरकार के समय ही घुसपैठियों को सूची में शामिल कर संरक्षण देने का काम किया गया। सपा के शासनकाल में आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने के प्रयास भी किए गए थे, जो प्रदेश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ था। उपमुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव के हालिया बयानों को निराधार और भ्रम फैलाने वाला करार देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार देश के संसाधनों को मजबूत कर रही है, जबकि अखिलेश यादव केवल दुष्प्रचार में लगे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव में प्रचार करने गए अखिलेश यादव को उम्मीद थी कि उसके बाद उन्हें यूपी की मुख्यमंत्री कुर्सी का सपना और करीब नजर आएगा, लेकिन बिहार का परिणाम आते ही उनका सपना चकनाचूर हो गया है। इसी बौखलाहट में वे लगातार उल्टे-सीधे बयान दे रहे हैं और आगे भी देते रहेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि 2047 तक समाजवादी पार्टी और इसकी नेतृत्वकारी राजनीति का भविष्य अंधकारमय होने वाला है।

# अखिलेश ने सत्ता पक्ष को कठघरे में खड़ा किया

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: बताएं उनकी विचारधारा के लोगों ने कब वंदे मातरम का गायन किया

समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि जिस विचारधारा के लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में कभी भाग नहीं लिया, उसी विचारधारा के लोग आज 'वंदे मातरम' और आजादी के आंदोलन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

यादव ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर लोक सभा में चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के लोग आज हर उस अच्छी चीज को अपना लेना चाहते हैं, जिसमें उनकी दूर-दूर तक सहभागिता भी नहीं रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने देश तोड़ने का काम किया, वैसी ही विचारधारा के लोग आज फिर समाज में दरार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने को प्रखर 'राष्ट्रवादी' कहते हैं, दरअसल वे लोग 'राष्ट्रविवादी' हैं। ऐसे लोग आए दिन तरह-तरह के विवादों को जन्म देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ऐसा गीत है, जिसने लाखों लोगों को जागरुक किया, उन्हें नई ऊर्जा दी, ताकत दी। उनके जोश से अंग्रेज घबराने लगे और वंदेमातरम का गायन करने वाले विद्यार्थियों तक को देशद्रोही करार देकर जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम गायन मात्र के लिए नहीं है, इसकी भावना को अपनाया भी जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग आज वंदे मातरम को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वे बताएं कि आजादी से पहले उनकी विचारधारा से जुड़े लोगों ने कब वंदे मातरम गाया। वे बताएं कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर उन्होंने कब से अपने कार्यक्रमों या चुनावी सभाओं में लगानी शुरू की। जब सपा और बहुजन समाज पार्टी ने मिलकर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को पराजित किया, तब से भाजपा ने संविधान निर्माता के चित्र लगाने शुरू किए। यादव ने कहा कि आज की बात करें, तो सत्ता पक्ष बताए कि इंडिगो की उड़ानें कब तक नियमित होंगी। उप्र में 26 हजार स्कूल बंद कर दिए गए, इसका जवाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की मूल भावना देशप्रेम और भाईचारा को अपनाकर ही देश की बेहतर सेवा की जा सकेगी।

# एसआईआर को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख रही भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने विधायकों एसआईआर अभ्यास में जुटने को कहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की 11 दिसम्बर की बढ़ी हुई अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने पूरे राज्य में अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी इकाइयों को सत्यापन प्रक्रिया को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' देने के निर्देश दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों से स्पष्ट कहा है कि वे कम से कम एक सप्ताह तक सभी गैर-जरूरी कार्यक्रमों को किनारे रखकर पूरी तरह एसआईआर अभ्यास में जुट जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी कीमत पर 'घुसपैठिए' और 'गैर-कानूनी मतदाता' मतदाता सूची में न बने रहें। पार्टी इकाइयों से ऐसे नामों को तुरंत चिन्हित कर हटाने के लिए कहा गया है। पिछले हफ्ते पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में योगी ने कहा था कि जब विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध कर रहा था, उसी समय उसके कार्यकर्ता जमीन पर सक्रिय होकर नए नाम जुड़वा रहे थे और 'लाखों फर्जी वोटर' पकड़े गए थे। बीते दिनों राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष के साथ हुई बैठक में भी एसआईआर प्रमुख मुद्दा रहा। फील्ड सुपरविजन को मजबूत करने के लिए दोनों उपमुख्यमंत्रियों को 25-25 जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा मंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी विशेष क्षेत्रों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि सत्यापन में शत प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता अमेठी, रायबरेली जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलों में लगातार दौरे कर रहे हैं और जिला इकाइयों के साथ बैठकें कर प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। भाजपा ने अपने पन्ना प्रमुखों और बूथ स्तर की टीमों को सक्रिय कर दिया है। इन्हें घर-घर संपर्क अभियान चलाने, हटाने के लिए चिहिनत वोटरों की मदद करने तथा पुनरीक्षण के दौरान फैलने वाली गलत सूचनाओं का जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा खोखले प्रतीकवाद में लिप्त: महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर।** लोकसभा में वंदे मातरम पर विशेष चर्चा शुरू होने के बाद जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि वह खोखले प्रतीकवाद में लिप्त है।

नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बहस की शुरुआत की। महबूबा ने सवाल किया कि इस तरह के राजनीतिक नाटक से बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी और लाखों भारतीयों को प्रभावित करने वाली अन्य गंभीर मुद्दों का समाधान कैसे होगा। एक्स पर एक पोस्ट में महबूबा ने कहा कि संसद 150 साल पुराने वंदे मातरम पर बहस में व्यस्त है, जबकि इंडिगो यात्री फंसे हुए हैं और जवाब के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को परेशान करने वाले संकटों का समाधान करने के बजाय, भाजपा खोखले प्रतीकवाद में लिप्त प्रतीत होती है। महबूबा मुफ्ती देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो का जिक्र कर रही थीं, जिसने दो दिसम्बर से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिससे हजारों यात्री भारत भर के हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। पीडीपी प्रमुख ने पूछा कि यह राजनीतिक नाटक कैसे नौकरियां उत्पन्न करेगा, बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करेगा या लाखों भारतीयों के वास्तविक समस्याओं से निपटेगा?

### पान मसाला से संबंधित विधेयक को प्रवर समिति में भेजा जाए: विपक्ष

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार पर पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' को हड़बड़ी में पारित कराने का आरोप लगाते हुए इसे संघीय व्यवस्था पर प्रहार बताया तथा विधेयक को विस्तृत अध्ययन के लिए प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में शुक्रवार को पारित इस विधेयक को सोमवार को राज्यसभा में पेश किया। कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने विधेयक पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है और उसे इसके लिए पैसे की व्यवस्था करने पर भी एतराज नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार इस विधेयक को बिना तैयारी के हड़बड़ी में लेकर आई है। उन्होंने कहा कि विधेयक का मसौदा स्पष्ट नहीं है और न ही सरकार की मंशा स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि सरकार का कहना है कि यह उपकर उत्पादन क्षमता पर लगाया जाएगा।



सेंसेक्स 85102.69
निफ्टी 25960.55



सोना रु. 128550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 189906
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में भारी गिरावट

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.68 अंक (0.71 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.90 अंक यानी 0.86 प्रतिशत गिरकर 25,960.55 अंक पर आ गया। शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 2.61 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में रियलिटी सेक्टर का सूचकांक करीब 3.5 प्रतिशत टूट गया। सार्वजनिक बैंकों के सूचकांक में भी लगभग 2.8 फीसदी की गिरावट रही। रसायन, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर करीब पांच प्रतिशत लुढ़क गया। इटरनल, ट्रेंट, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस में दो से ढाई फीसदी के बीच गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर में भी डेढ़ फीसदी के अधिक टूटे। एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एनटीपीसी, एलएंडटी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी एक फीसदी से अधिक टूटे। वहीं टेक महिंद्रा का शेयर 1.4 प्रतिशत के करीब चढ़ा।

### बीएसई ने इंडिगो से मांगा स्पष्टीकरण, शेयर आठ प्रतिशत लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजार बीएसई ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा विमान सेवा कंपनी इंडिगो को कारण बताओ नोटिस की खबरों के संबंध में एयरलाइंस से स्पष्टीकरण मांगा है। बीएसई ने सोमवार को बताया कि एक वेबसाइट की खबर का लिक देते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए और समय दिया है तथा इसमें विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# इंडिगो संकट का होटल कारोबार पर पड़ा बुरा असर

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के कारण पिछले एक हफ्ते में देश के प्रमुख शहरों में होटल उद्योग को सबसे जडादा नुकसान हुआ है और मौजूदा अनिश्चितताओं के कारण लोगों में हवाई यात्रा को लेकर भरोसा कम हुआ है। होटल कारोबार से जुड़े लोगों ने इस तरह के विचार व्यक्त किए हैं।

नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के क्लस्टर महाप्रबंधक मनुज बहल ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में कारोबार को बहुत बड़ा झटका लगा है। होटलों की बुकिंग में 20 प्रतिशत से जडादा की गिरावट आई है। लोग होटल इसलिए बुक नहीं कर रहे हैं, क्योंकि हवाई यात्रा को लेकर उनका भरोसा कम हुआ है। गौरतलब है कि नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप उत्तर भारत में शादी समारोह के लिए एक लोकप्रिय स्थल उदयपुर में हॉवर्ड जॉनसन और रमाडा एनकोर होटल चलाता है। राष्ट्रीय राजधानी के होटलों का हाल भी अलग नहीं है। होटलों में सिर्फ निजी बुकिग ही रद्द नहीं हो रही, बल्कि कारोबारी समारोह और सम्मेलन रद्द हो गए हो गए हैं, क्योंकि इनमें शामिल होने वाले लोग यात्रा नहीं कर पा रहे हैं।

लुटियंस दिल्ली में स्थित ली मेरिडियन की उपाध्यक्ष एवं महाबंधक मीना भाटिया ने कहा कि हालात को संभालना थोड़ा मुश्किल हो गया है, क्योंकि यह देश में सबसे ज्यादा यात्रा करने वाले समय में हुआ है। वहीं नई दिल्ली के द सूर्या होटल के उपाध्यक्ष संचालन गिरीश बिद्रा ने कहा कि हमें दिक्कतें हुईं, क्योंकि जिन मेहमानों को चेक आउट करके जाना था, वे जा नहीं पाए और जिन्होंने कमरे बुक किए थे, वे यात्रा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि जैसे ही हवाई टिकटों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए, जिन मेहमानों को चेक आउट करना था, उन्होंने कुछ और दिनों तक वहीं रुकने का फैसला किया।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के अलावा चीनी और दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं टूट गया। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 127 रुपये बढ़कर 3,858.67 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,858.82 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटा 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में बढ़त रही। तुअर दाल 205 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। मसूर दाल की कीमत 167 रुपये और चना दाल की 133 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल में 115 रुपये और उड़द दाल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 58 रिंगिट फिसलकर 4,094 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.72 प्रतिशत गिरकर में 51.32 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 76 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल 71 रुपये और सूरजमुखी तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट में रहा। वनस्पति 112 रुपये और मूंगफली तेल 70 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की औसत 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 107 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वंदे मातरम...**

था। यह गीत इतना महान था, तो पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ। इसके साथ विश्वासघात क्यों हुआ। कौन सी ताकत थी जिसकी इच्छा पूज्य बापू पर भी भारी पड़ गई और वंदे मातरम को विवादों में घसीट दिया। हमें उन परिस्थितियों को नई पीढ़ी को बताना जरूर है, आखिर क्यों वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया गया। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ने देश को हिम्मत दी थी। बंगाल की गलियों से निकली आवाज देश की आवाज बन गई थी।


उन्होंने कहा कि हमारे जांबाजों सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्ते पर चढ़ते थे और आखिरी समय में वंदेमातरम का उदघोष करते थे। उन्होंने कहा कि अनगिनत वीर सपूतों ने जुल्म सहा, लेकिन एक ही नारा था एक भारत श्रेष्ठ भारत। उन्होंने कहा कि मास्टर सूर्यसेन को जब फांसी दी गई तब उन्होंने अपने साथियों को एक पत्र लिखा था, जिसमें एक ही गूंज थी वंदे मातरम। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में कोई एक ऐसा भाव गीत नहीं हो सकता है, जो सदियों तक प्रेरित करता हो, लेकिन वंदेमातरम आज भी हमें प्रेरित कर रहा है। इसमें हमारी स्वतंत्रता, बलिदान, ऊर्जा, समर्पण और त्याग का मंत्र था। इस गीत की लोकप्रियता ने उसी कालखंड में वंदे मातरम की रिकॉर्डिंग दुनिया में पहुंचा दिया। उस समय लंदन के इंडिया हाउस में वीर सावरकर ने यह गीत गाया। उसी समय विपिन चंद्र पाल ने अखबार निकला, जिसका नाम भी वंदेमातरम रखा।

डगर डगर पर अंग्रेजों का नींद हराम करने के लिए वंदेमातरम काफी था। मैडम भीकाजी कामा ने भी वंदेमातरम अखबार निकाला। वंदेमातरम ने भारत को स्वाबलंबन का रास्ता दिखाया। उस समय माचिस की डिबिया से लेकर जहाज पर वंदेमातरम लिखा जाता था। यह स्वदेशी का मंत्र बन गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती ने वंदे मातरम को तमिल में लिखा था। उनके कई गीतों में वंदेमातरम की श्रद्धा नजर आती है। भारत का ध्वजगीत भी श्री भारती ने ही लिखा था। उन्होंने कहा कि जब संकटों का कालखंड होता है, तभी पता चलता है हम कितने सशक्त है।

1947 के बाद देश की चुनौतियां बदली लेकिन देश की जीवटता वही रहा। जब भी संकट आया भारत वंदेमातरम के साथ आगे बढा। एक जमाना था जब देश में खाद्य का संकट आया तब किसानों ने अन्न से भर दिया। कोराना संकट में भी यह भाव से देश खड़ा हुआ और आगे बढ़ गया। वंदेमातरम हमारे लिए सिर्फ स्मरण के लिए नहीं बल्कि उर्जा बन जाए। हम लोगों के ऊपर वंदे मातरम का कर्ज है। भारत के पास हर चुनौतियों को पार करने की ताकत है। यह हमारे लिए प्रेरणा है। हम आत्म निर्भर भारत का सपना लेकर चल रहे है।

# पांच से अधिक बार वाहन लापरवाही से चलाया, तो बीमा प्रीमियम में होगी वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सरकार कड़े कदम उठाने जा रही है।

इस दिशा में परिवहन विभाग ने सरकार को प्रस्ताव दिए हैं कि पांच से अधिक चालान वाले वाहन धारक के बीमा प्रीमियम में वृद्धि की जाए, ताकि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन अधिक जिम्मेदारी से करें। वहीं बीमा कंपनियों ने योजना पर सैद्धांतिक सहमति व्यक्त कर दी है। बीमा दावों का सेटलमेंट भी डिजिटल और तेज होगा, जिससे हादसे में घायल व्यक्तियों को तत्काल मुआवजा व उपचार सहायता मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ई-चालान व्यवस्था को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। परिवहन विभाग ने एनआईसी के सहयोग से पहले चरण में प्रदेश के 17 जिलों में ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले चालानों को ई-चालान पोर्टल पर एकीकृत किया गया है। शेष जिलों में भी यह प्रक्रिया शीघ्र लागू की जाएगी। प्रदेश सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं की पहचान, नियंत्रण और प्रवर्तन प्रक्रिया को डिजिटल और सुचारु बनाना है। वाहन और चालक संबंधी सभी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होने से ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने में आसानी होगी तथा बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। साथ ही इस व्यवस्था से चालानों की ऑनलाइन मॉनिटरिग संभव होगी तथा लंबित चालानों के निस्तारण में तेजी आएगी। इसके अलावा बिना बीमा और अवैध रूप से चलने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सरकार वाहन और सारथी एप, ई-डार, आईआरएडी और ई-चालान पोर्टलों को एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म पर जोड़ने का कार्य कर रही है। इस प्रणाली से दुर्घटना डेटा संग्रह और विश्लेषण रीयल-टाइम में होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ताला तोड़कर चोरी

## शातिर चोर ताला भी साथ ले गए, बढ़ रही वारदातें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शातिर चोरों ने कन्फैक्शनरी की दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखी नकदी, कमर्शियल गैस सिलेंडर, इन्वर्टर व बैटरा चोरी कर लिया। चोर दुकान का टूटा ताला भी अपने साथ ले गए। चोरी का पता सुबह दुकान खोलने आने पर चला। शहर कोतवाली के पीछे चोरी होने से हड़कंप मच गया। सर्दी का मौसम शुरू होते ही चोरी की वारदातें भी बढ़ती जा रही है। चोर लगातार हाथ मार रहे है। लेकिन पुलिस उन्हें नहीं पकड़ पा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद मुख्यालय पर चोरियों का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बीच बीती रात शहर कोतवाली के पीछे ही चोरी हो गई। स्थानीय निवासी दीपक कुमार ने करीब तीन माह पहले शहर कोतवाली के पीछे विदुर कुटी रोड पर डीएवी कालेज से थोड़ी दूरी पर श्रद्धा कन्फैक्शनरी के नाम से दुकान खोली थी। दीपक के मुताबिक वह सोमवार की सुबह सवेरे जब दुकान खोलने आए, तो उनका शटर खुला पड़ा था और शटर पर किसी भारी चीज से चोट के निशान थे। दीपक को मौके पर टूटा ताला भी नहीं मिला। चोर उनके दुकान में गल्ले की ऊपरी दराज से रोज की दुकानदारी के 700 रूपये व नीचे की दराज में सामान खरीदने के लिए रखे 10 हजार की नकदी, एक कमर्शियल सिलेंडर और इर्न्वटर व बैटरा चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। खास बात यह है कि शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी को चोरी की इस घटना के बारे में पता ही नहीं है। जिससे साफ जाहिर है कि पुलिस व्यवस्था कितनी फ्लाप हो चुकी है। लगातार चोरी की वारदातें हो रही है। सुरक्षा व्यवस्था रामभरोसे है।

# नूरपुर में बुजुर्ग को कार ने उड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** स्योहारा रोड पर तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को उड़ा दिया। बुजुर्ग की मौत की खबर सुनकर परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात स्योहारा रोड पर ग्राम भूतपुरी में एक विवाह मंडप के पास साइकिल सवार नत्थू सिंह (60 वर्ष) को एक कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। ग्रामीणों की मदद से घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार बुजुर्ग ग्राम स्थित विवाह मंडप में रात को चौकीदारी करता था तथा दिन में प्रियंका स्कूल में माली का काम करता था। मृतक के पुत्र मनोज कुमार की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। घटना से ग्राम में उदासी छाई हुई है। बताया जाता है कि कार काफी तेज रफ्तार थी।

# गुंडागर्दी: नहाते हुए बनाई वीडियो, धमकी देकर रेप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर थाना क्षेत्र का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले तो युवती के नहाने के दौरान अश्लील वीडियो बना ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर रेप किया। इतना ही नहीं, युवती की शादी होने पर आरोपियों ने ससुराल में वीडियो दिखाकर शादी तोड़ने का दबाव भी बनाया। पीड़िता ने मंडावर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर क्षेत्र के एक ग्राम की निवासी युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि ग्राम निवासी दो युवकों ने करीब एक साल पहले उसके घर से लगे घेर में नहाते समय उसकी एक आपत्तिजनक वीडियो बना ली थी। इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए उसे ब्लैकमेल करते रहे। पीड़िता ने बताया कि इस बीच उसका रिश्ता तय हुआ। जिसकी जानकारी दोनों आरोपियों को हो गई। इसके बाद उन्होंने उसका मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। युवती के मुताबिक उसने यह बात अपने माता-पिता को भी बताई थी, लेकिन शादी नजदीक होने और सामाजिक डर से परिवार ने चुप्पी साध ली। युवती का आरोप है कि 10 नवंबर की शाम लगभग छह बजे वह किसी काम से अपने घेर में गई थी, तभी दोनों युवक वहां पहुंच गए। युवती के मुताबिक दोनों ने तमंचा दिखाकर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ रेप किया। इसी दौरान पीड़िता की मां मौके पर पहुंच गई, तो आरोपी दीवार फांदकर जंगल की तरफ भाग निकले। शादी सिर्फ तीन दिन बाद तय होने के कारण परिवार ने उस समय भी पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई। पीड़िता की शादी 13 नवंबर को हुई और वह ससुराल चली गई। आरोप है कि आरोपियों ने वीडियो और घटना की जानकारी पीड़िता के ससुराल पक्ष को देते हुए उसे छोड़ने का दबाव बनाया। युवती ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। एसओ सुमित राठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# फाइनल में पहुंची गढ़वाल रायफल

## नगीना में याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट

**अमान शम्सी**



**नगीना।** नगर में हिन्दू इंटर कॉलेज के पास मैदान में चल रहे याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्यारहवें दिन खेले गए मैच में गढ़वाल रायफल ने फरीदकोट को 4-1 के स्कोर से पराजित किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार को हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्तिथ मैदान पर फुटबॉल क्लब नगीना के तत्वावधान मे आयोजित याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्यारहवें दिन पहले सेमीफाइनल का एक मैच गढ़वाल रायफल व फरीदकोट के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वाल रायफल की टीम ने फरीदकोट को 4-1 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

इस मैच में रेफरी सुभाष कपूर उर्फ पप्पी, लाइनमैन गौहर निसार व शमशाद मुल्तानी तथा कमैंन्ट्रेटर आजम मुल्तानी व इरफान अंसारी रहे।

इस मौके पर सिद्दीक मुल्तानी, शानू मालिक, ताहिर मुल्तानी, जाहिद अंसारी, हाशिम इस्लाम, शेख नौशाद परवेज, निसार मुल्तानी, नासिर मुल्तानी, मोहसिन चांद, शाकिर उस्मानी, अब्दुल हमीद, जहांगीर खलीफा, लाला विनोद अग्रवाल, कुंवर अमरजीत, अजीम मुल्तानी, मोहसिन उर्फ चांद भाई, नूर मौहम्मद, बहार आलम मुल्तानी, शेख मौहम्मद जमशेद, शिब्ली निसार, काका अंसारी, आबिद मुल्तानी, जाहिद अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# झालू अधिवक्ता संघ का चुनाव



**झालू।** स्थानीय अधिवक्ता संघ झालू के वार्षिक चुनाव रविवार को सरस्वती विद्या केंद्र में चुनाव अधिकारी साजन सिंह एडवोकेट की निगरानी में सम्पन्न हुए। वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें एक बार फिर अनुभव और कार्यशैली पर भरोसा जताते हुए करतार सिंह एडवोकेट को अध्यक्ष तथा फहीम अहमद एडवोकेट को सचिव पद के लिए पुन: चुना गया। नई कार्यकारिणी में इसरार अहमद उपाध्यक्ष, हितेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष तथा अनिल चौधरी मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जल्द आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष पद पर पुन: निर्वाचित होने के बाद करतार सिंह एडवोकेट ने कहा कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में अधिवक्ता साथियों के सुख-दु:ख में सदैव साथ दिया है और आगे भी किसी के सम्मान पर आंच नहीं आने देंगे। उन्होंने भरोसा जताने के लिए समस्त अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान साजन सिंह, इसरार अहमद, अनिल चौधरी, राजीव सिंह, मनोज कुमार सेठी, अजीत सिंह, उमंग काकरान, फैज अहमद, हितेश अग्रवाल, नवनीत चौधरी, शिवम अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सुमित चौधरी, अंबिका राणा, जितेन्द्र सिंह, मो. शादाब शाह, इकराम सोनू, गोपी चौधरी, नरेंद्र सिंह, कौशल चौधरी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वरिष्ठ अधिवक्ता राम नारायण का निधन



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम मोरना निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण सिंह का सुबह छह बजे हार्ट अटैक आ जाने से निधन हो गई। उनके निवास पर हजारों लोगों सहित अलग-अलग पार्टी के नेताओं व अधिवक्ताओं का जमवाड़ा लग गया। वह एक नेक दिल व मिलनसार व्यक्ति थे। मोरना जिला पंचायत सीट से लगातार तीन बार जिला पंचायत सदस्य रहे। वह इलाके के प्रसिद्ध व्यक्ति थे। उनकी सभी राजनीतिक दलों में अच्छी खासी पकड़ थी। उनको हार्ट अटैक से मौत होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ा नुकसान है। राम नारायण सिंह की हिन्दू-मुस्लमानों में बहुत अच्छी पकड़ थी। वह कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं करते थे उनके घर के दरवाजे हर वक्त गरीबों के लिए खुले रहते थे। उनकी अंतिम यात्रा में समाजवादी पार्टी के विधायक राम अवतार सिंह सैनी, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, धामपुर विधानसभा के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, पूर्व मंत्री कुतुबुद्दीन, पूर्व मंत्री मूलचंद सिंह चौहान, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके बबली, संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता गालिब मंसूरी, महासचिव नईम अहमद एड., शमीम अहमद एड., नफीस जाफरी एड., फहीम अहमद एड., ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान, वरिष्ठ सपा नेता ऊदल सिंह चौहान, चौधरी अजयवीर एड, सतवीर एड., गुलसिताब एड., नवनीत सिंह चौहान, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ बोबी, भाजपा मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र जोशी, सतवीर त्यागी आदि मौजूद थे। अंतिम यात्रा में हर किसी की आंखें नम थी।

### हथियार के साथ जव्वाद गिरफ्तार

**मंडावर।** थाना प्रभारी सुमित राठी के नेतृत्व में बालावाली चौकी इंचार्ज आदेश कुमार बैरियर के पास चैकिंग कर रहे थे। तभी उन्होंने बाइक सवार जव्वाद पुत्र खुर्शीद निवासी सुठारी नहदपुर, थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार को रोका। उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर का मिला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसकी बाइक सीज करते हुए उसका उचित धाराओं में चालान कर दिया।

### साइबर ठगी के प्रति किया जागरूक

**हीमपुर दीपा।** साइबर ठगी से बचने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज पुलिस ने रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगवा कर उसे थाना क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों में घुमाया। साथ ही लोगों से फोन पर आने वाले मैसेज, फ्रॉड कॉल से मांगे गए ओटीपी आदि को साझा न करने की अपील की गई। इन दिनों साइबर ठगों का जाल इस कदर फैला हुआ है कि वह कभी गैस कनेक्शन के ओटीपी, तो कभी बैंक के ओटीपी के नाम पर, कभी रिश्तेदार बनकर तो कभी फ्रॉड मैसेज भेज कर लोगों के बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं। लोगों की पल भर की लापरवाही उनके बैंक खातों में पड़ी। हजारों, लाखों और करोड़ों की रकम पलक झपकते ही शून्य करा देती है। इन साइबर ठाकुर से बचने के लिए आल्हा अधिकारियों के निर्देशन पर हीमपुर दीपा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम हीमपुर दीपा, रतनपुर खुर्द, मुढाल, रेहरा, सबदलपुर, पिपली जट,रावटी,लदूपुरा, भवानीपुर, अकबरपुर तिगर,गदनपुरा राजपुर परसू, मुबारकपुर खादर,योनियां, उल्हेड़ा, झाल आदि गांव में लाउडस्पीकर बंदी ई रिक्शा को घुमाया जिसके माध्यम से लोगों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया गया।

### कासमपुर गढ़ी में दीनी जलसा



**कासमपुर गढ़ी।** मदरसा इस्लामिया अरबिया जिया उल कुरान में एक अजीमुशान सालाना जलसा मुनाकीद हुआ। जिसकी सदारत हजरत अलहाज मौलाना नसीम अहमद कासमी इमाम जामा मस्जिद नांगलोई दिल्ली ने की। कारी मोहम्मद आरिफ ने निजामत की। तिलावत मुफ्ती मोहम्मद जाहिद ने की। नाते पाक कारी मोहम्मद जावेद साहब थेपुरी ने पेश की। मेहमान खुसुसी हजरत मौलाना मुफ्ती तोहिद आलम साहब उस्ताद मदरसा शाही मुरादाबाद और हजरत मुफ्ती अब्दुल नासिर साहब नाइब मो. हतमिम मदरसा शाही मुरादाबाद ने अपनी नसीहतों से नवाजा और लोगों से कहा कि आपस में इत्तेफाक और इतिहाद से रहो। किसी के बारे में बुरा मत सोचो और किसी से झगड़ा फसाद ना करो। जुआ एवं शराब व मोबाइल आदि से दूर रहो। तभी तुम लोग कामयाब हो सकते हो और उन्होंने लोगों से तालीम हासिल करने की भी अपील की। इस मौके पर हाफिज होने वाले पांचों बच्चों को पगड़ी बांधकर उनकी हौसला अफजाई की गई। आखिर में सदरे मोहतरम हजरत मौलाना नसीम अहमद कासमी की दुआ पर प्रोग्राम का इखतताम हुआ। आखिर में मदरसे के नाजिम मौलाना सरताज कासमी ने तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया। प्रोग्राम में शिरकत करने वाले कारी जावेद इकबाल हलीमी, कारी शमशेर, मुफ्ती वसीम, कारी इमरान, कारी इरशाद, डॉ. गुफरान, मास्टर नसीम, हाजी मौहम्मद, शफी मोहतमीम, मदरसा और दीगर हजरत ने शिरकत की।

### हादसे में तीन घायल

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम उद्योवाला में हादसा हो गया। मोहम्मद सुहैल पुत्र शकील अहमद निवासी ग्राम सुआवाला, मोहम्मद उवेश पुत्र मोहम्मद जाफर व मोहम्मद जुनेद पुत्र जरीफ अहमद निवासी ग्राम सुआवाला बाइक पर सवार होकर अफजलगढ़ से वापस जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार को बचाने के चक्कर में तीनों बाइक सवार युवक नाले में जागे गिरे। ग्रामीणों का कहना है कि कार सवार मौके से फरार हो गय। बाइक सवार एक युवक को सिर में गंभीर चोट आ गई है। तीनों युवकों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर अवस्था को देखते हुए बिजनौर हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है। जिसमें दो युवक ठीक अवस्था में है। जिनको उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

इस मार्ग पर आएदिन हादसे हो रहे है। तेज रफ्तार वाहनों की वजह से हादसे होते है।

# नहटौर एसओ की जेब में नाबालिग छात्रा

## तीन माह से लापता नाबालिग पुत्री की बरामदगी को पूछने नहटौर थाने गई थी पीड़ित विधवा रीना शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** योगी राज में भी पुलिस के पीड़ितों के लिए अपना अलग-अलग नजरिया है। जहां जनपद मुख्यालय से लापता दो छात्राओं की बरामदगी के लिए पुलिस की 28 टीमें दिन-रात एक किए है और पूरी ताकत लगा रही है, वहीं नहटौर निवासी विधवा अपनी तीन माह से लापता नाबालिग पुत्री की तलाश में भटक रही है। इतना ही नहीं अपनी पुत्री के बारे में जानकारी करने गई थाने गई विधवा के सामने एसओ नहटौर के बोल बिगड़ गए। एसओ ने विधवा को धमकाते हुए कहा कि हमारी जेब में है लड़की, जो तुम्हें दे दें। पीड़िता ने इसकी शिकायत एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के मौहल्ला जोशियान निवासी विधवा रीना शर्मा पत्नी स्व. अरविंद शर्मा का कहना है कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसके तीन बच्चे है। बडी बेटी 15 वर्ष की है तथा दो उससे छोटे बच्चे है। विधवा का कहना है कि 15 वर्षीय पुत्री 19 सितंबर की शाम पांच बजे ट्यूशन पढ़ने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। देर शाम तक भी छात्रा के घर न लौटने पर विधवा मां ने अपने आसपास और रिश्तेदारों में उसकी खोजबीन की, पर सफलता नहीं मिली। इसके बाद रीना ने 20 सितंबर को नहटौर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और पूरा मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। पीड़िता को तीन माह बीतने के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं मिल पाया।



तीन माह से लापता नाबालिग बेटी की तलाश में विधवा नहटौर व पुलिस अधिकारियों चक्कर काट रही है। एसओ नहटौर धीरज नागर ने कहा कि छात्रा को तलाश किया जा रहा है। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि पीड़िता से कुछ भी गलत नहीं कहा गया है। जबकि एसओ ने पीड़िता को ही धमकाया है। विधवा रीना शर्मा का कहना है कि नहटौर थाने में उसकी बेबसी पर मजाक उड़ाया गया। विधवा ने बताया कि वह अपनी बेटी की बरामदगी की खबर पूछने गई थी, लेकिन एसओ ने उल्टा मुझे ही झिड़क दिया। एसओ ने कहा कि तुम्हारी लड़की हमारी जेब में है, जो तुम्हें दे दें। इतना ही नहीं एसओ ने पीड़िता व उसके रिश्तेदारों पर ही नाबालिग छात्रा को भगाने का आरोप लगा दिया। पीड़िता थाने से निराश होकर जिला मुख्यालय पहुंची और एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बेटी की जल्द बरामदगी की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि पुलिस अधीक्षक ने उसे तीन दिन का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद भी नहटौर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जनपद के पुलिस अधिकारियों का कहना है कि छात्रा बरामदगी के पूरे प्रयास किए जा रहे है। कई टीमें छात्रा की बरामदगी को लगाई गई है। नहटौर एसओ को भी छात्रा की शीघ्र बरामदगी के लिए कहा गया है। शीघ्र छात्रा को बरामद कर लिया जाएगा। लेकिन सवाल यह उठता है कि नहटौर के एसओ को गंदी जुबान निकालने की अनुमति किसने दी। यह भी सच्चाई है कि योगी राज में पुलिस कुछ ज्यादा ही निरंकुश हो गई है। पुलिस पीड़ितों के साथ ही अच्छा व्यवहार नहीं करती है। जिससे सरकार की छवि पर असर पड़ रहा है।

# झंडा दिवस पर सम्मानित हुए पूर्व सैनिक राजीव तोमर 'फौजी'

**नरेश कुमार**



**सीमा से चौकी तक अनुशासन और सेवा-भाव का अद्भुत उदाहरण**

**झालू।** स्थानीय पुलिस चौकी पर तैनात पूर्व फौजी राजीव तोमर उर्फ 'फौजी' क्षेत्र में अपनी अनुशासनप्रिय कार्यशैली, निष्ठा और सेवा-भावना के कारण सम्मान और प्रेरणा की मिशाल बने हुए हैं। भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने देश सेवा की भावना को जीवन का प्रमुख संकल्प बनाए रखा है। चौकी पर उनकी तैनाती के दौरान उनकी कार्यशैली सेना के कठोर अनुशासन और प्रशिक्षण की सजीव मिसाल पेश करती है।

हमेशा अलर्ट रहना, कर्तव्य को सर्वोपरि रखना और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपे गए दायित्वों को पूर्ण समर्पण के साथ निभाना उनकी पहचान बन चुका है। स्थानीय नागरिक बताते हैं कि फौजी राजीव तोमर न केवल सख्त अनुशासन वाले जवान हैं, बल्कि आम जनता के प्रति अत्यंत संवेदनशील और विनम्र भी हैं। उनकी मानवता का एक प्रेरक उदाहरण उस समय सामने आया, जब नहटौर तिराहे पर ड्यूटी के दौरान उन्होंने तपती धूप में पैदल जा रहे एक थके हुए व्यक्ति को देखा। तुरंत उसे पानी पिलाया और फिर अपनी चप्पल उतारकर दे दी, ताकि वह नंगे पांव दहकती सड़क पर चलने से बच सके। यह घटना आज भी क्षेत्र में उनके सेवा-भाव की मिसाल के रूप में याद की जाती है। इसी उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता और मानवीय संवेदना को देखते हुए झंडा दिवस पर दयानंद बाल विद्या मंदिर (आर्य समाज) ने उन्हें विशेष सम्मान से विभूषित किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि 'फौजी जैसे लोग समाज के वास्तविक प्रेरणास्रोत हैं, जो वर्दी बदलने के बाद भी सेवा और समर्पण की भावना को जीवित रखते हैं।'

सीमा पर देश की रक्षा से लेकर समाज की सुरक्षा तक राजीव तोमर 'फौजी' की यह प्रेरणादायी यात्रा बताती है कि एक सच्चा सैनिक जहां भी तैनात हो, उसकी सेवा-भावना हमेशा राष्ट्रहित में ही समर्पित रहती है। राजपूताना रायफल्स में सेवा देने वाले राजीव कुमार के परिवार की सैन्य परंपरा प्रेरणा बनी है। ग्राम बामनौली के राजीव कुमार पुत्र स्व. ओमवीर सिंह 14 जनवरी 1999 को गौरवशाली राजपूताना रायफल्स में भर्ती हुए थे। उनके परिवार की पहचान आज सैन्य परंपरा से जुड़ी हुई है। राजीव के दो भाई भी भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। जबकि परिवार के भतीजे अर्धसैनिक बलों में देश की रक्षा में तैनात हैं।

राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें बचपन से ही फौजी अनुशासन और देशभक्ति की प्रेरणा घर के माहौल से मिली।

# मरीजों की जान से खेल रहे झोलाछाप

## स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार की वजह से मिल रहा पनपने का मौका

**विशेष संवाददाता**

**बिजनौर।** जनपद में झोलाछाप चिकित्सकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की कृपा से कई झोलाछाप ने नर्सिंग होम तक खोल रखे है। जहां मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। खुले आम झोलाछाप बड़े-बड़े नर्सिंग होम चला रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को इसकी कोई जानकारी नहीं है। जिनकी शिकायत मिलने पर कार्रवाई के नाम पर झोलाछाप को नोटिस थमाकर मामला शांत कर दिया जाता है। झोलाछाप अपने क्लीनिक व निर्सग होम के सामने बड़े-बड़े अक्षरों मे एमबीबीएस अथवा कोई अन्य डिग्री लिखा बोर्ड लगाने में परहेज नहीं करते हैं। यह सामान्य रोगियों का इलाज ही नहीं, आपरेशन करने से भी बाज नहीं आते है।

ऐसे नर्सिंग होम में प्रसव नहीं आपरेशन तक किए जा रहे है। अप्रशिक्षित लोगों द्वारा प्रसव कराने अथवा आपरेशन करने से कई रोगियों की जान भी जा चुकी है। बताया जाता है कि आशाओं की मिलीभगत से धंधा फल - फूल रहा है। धंधा कई आशाएं मोटे कमीशन के लालच में गर्भवतियों को झोलाछाप के नर्सिंग होम तक पहुंचा देती है। इन्हें केवल अपने कमीशन से मतलब होता है। भले ही अप्रशिक्षित झोलाछाप से गर्भवती की मौत ही क्यों न हो जाएं। उन्हें तो गर्भवती को ऐसे नर्सिंग होम तक पहुंचा कर अपना कमीशन पक्का करना होता है। झोलाछाप ही गर्भवतियों का प्रसव कराते है। कई बार वह जटिल आपरेशन करने से भी वह नहीं हिचकिचाते है। अप्रशिक्षित हाथों से प्रसव कराने के कारण कई बार प्रसूता और नवजात की मौत तक हो जाती है। किसी मरीज की मौत होने पर स्वजनों के हंगामा करने की स्थिति में नर्सिंग होम संचालक साम, दाम, दण्ड भेद जैसी किसी भी नीति को अपना कर पीछा छुड़ा लेते है। यहां तक कह देते है कि उनका स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पैसा जाता है। शिकायत करने पर उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। अंत में पीड़ित परिवार को कुछ धनराशि देकर लिखित में समझौता कर लेते है।




यदि कोई व्यक्ति झोलाछाप की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से करता है तो वह अपना क्लीनिक व नर्सिंग होम बंद कर दूसरे स्थान पर किसी अन्य स्थान पर पुन: खोल कर गोरखधंधा फिर चालू कर देता है। ऐसा कई बार हो चुका है। पुराने हॉस्पिटल के स्थान पर नया नामकरण तक कर देते है उसके बाद बड़ी चालाकी से यह अवैध नर्सिंग होम खुल रहे हैं।

देहात क्षेत्रों में सैकड़ों नर्सिंग होम झोलाछाप अपने अपने घरों में चला रहे हैं। जिनमें आये दिन मौत का तांडव होता रहता हैं। ऐसा ही एक मामला कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के एक नर्सिंग होम व जच्चा बच्चा केंद्र में हुआ हैं। जिसमें आशा द्वारा गर्भवती महिला प्रसव कराने पहुंची थी, उसका ऑपरेशन एक 25 वर्ष के युवक से करवा दिया, जो कि अपने आप को एक सर्जन बताता है। लेकिन उसके पास ना तो कोई डिग्री है और न ही वह सर्जन हैं। वह स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी का करीबी माना जाता है। जिनके भरोसे वह नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे अवैध नर्सिंग होम व जच्चा बच्चा केंद्रों पर जाकर ऑपरेशन करता है। ऑपरेशन करने की मोटी रकम वसूल कर मरीज को वहीं खुला छोड़कर वापस निकल जाता हैं। बीते दिनों एक झोलाछाप के नर्सिंग होम में प्रसव के बाद एक महिला की हालत बिगड़ गई। इस पर नर्सिंग होम संचालक ने प्रसूता को बिजनौर रैफर कर दिया। स्वजन प्रसूता बिजनौर ले जा रहे थे कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस पर स्वजनों ने खूब हंगामा भी किया। घटना की जानकारी मिलने पर एसीएमओ प्रमोद देशवाल ने उक्त नर्सिंग होम की सील करने की उपरी कार्रवाई की। उन्होंने यह भी बताया कि नर्सिंग होम में कोई लेबर रूम नहीं था। मौके पर मात्र एक महिला मिली। उसने बताया कि वह साफ सफाई का काम करती है। नर्सिंग होम संचालक को चिकित्सा पेशा करने संबंधी वैध प्रमाणपत्र दिखाने संबंधी नोटिस दिया गया। कार्रवाई के चलते जवाब नहीं मिलने पर संचालकों के खिलाफ सीज करने की कार्रवाई तो हुई। उधर स्वास्थ विभाग की सांठ गांठ के चलते अवैध रूप से खुले नर्सिंग होम्स सीज होने के कुछ दिन बाद ही पुन: खुल जाते हैं।

नोडल अधिकारी अपनी जेब गर्म करने किसी भी समय अपने घर से चेलेनुमा ड्राइवर के साथ उगाई करने निकल जाते हैं। सबन्धित उच्चधिकारियों का नाम लेकर छोटे से क्लीनिक वाले से लेकर नर्सिंग होम सहित क्षेत्रीय सरकारी अस्पतालों व आयुष्मान कार्ड केंद्रों पर सुबह हो या देर शाम पूरे महीने उनसे अपना ओर विभाग का हिस्सा लेने पहुंच जाते हैं। आरोप है कि नोडल अधिकारी अवैध वसूली कर रकम कमाने का अपना सबसे अच्छा एरिया मानते हैं। नोडल अधिकारी न तो किसी झोलाछाप के नर्सिंग होम व क्लीनिक को सील कर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते है और न ही यह सुनिश्चित करते है कि वह फिर कहीं दूसरा नर्सिंग होम तो नहीं खोल चुका है। झोलछाप चिकित्सकों को सजा भी नहीं मिलती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अपहरण कांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पुलिस ने 23 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जबकि दो आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं। थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में टीम लगातार फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### दो आरोपी अभी भी फरार

प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल 2025 को युवती की मां द्वारा दर्ज कराई गई। तहरीर के आधार पर दर्ज अपहरण मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों शोएब पुत्र चंद गोलू उर्फ गुल्लू पुत्र चंद और अरुण पुत्र सरजू को गिरफ्तार कर लिया है। तहरीर में इन तीनों के अलावा समीर पुत्र सुनील और संजय पुत्र पत्ते के नाम भी सामने आए थे जो अभी फरार हैं। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक काजल तेवतिया को सौंपी गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी और मानवीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर लगातार दबिशें दीं। इसी क्रम में पुलिस ने अपहृत युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। जिससे पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी टीम ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रूप से तलाश अभियान चलाया तीनों वांछित आरोपियों को पकड़ने के बाद उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि फरार चल रहे दोनों आरोपी समीर और संजय की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है और उन्हें भी शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा।

पुलिस का कहना है कि मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और पीड़िता को हर संभव न्याय दिलाया जाएगा।

# टिक्टिंग मशीनों में यूपीआई सुविधा न होने से सरकारी बसों में परेशान हो रहे यात्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सरकारी बसों में ई-टिक्टिंग मशीनों में यूपीआई सुविधा न होने से 'यात्रियों को डिजिटल भुगतान करने में परेशानी हो रही है। डिजिटल पेमेंट की सुविधा न होने से यात्रियों को खुले पैसे की समस्या से जूझना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी असुविधा हो रही है। इससे 'कैशलेस इंडिया' अभियान बाधित हो रहा है।

सरकार द्वारा रोडवेज बसों में ई-टिक्टिंग मशीनें लागू करने से परिचालकों को टिकटों पर पंचिंग करने राहत मिली है, लेकिन कई रोडवेज बसों में ई-टिक्टिंग मशीनों में आज तक ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा आरंभ नहीं हो पाई है जिससे परिचालकों व यात्रियों को आज भी किराए के लेन देन में होने वाली दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बड़ी संख्या मेंऑनलाइन पेमेंट के आदी हो चुके लोग जब बस में सफर करते हैं तो वहां पर भी वे यूपीआई या एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पेमेंट करते हैं, लेकिन ई-टिक्टिंग मशीनों में आनलाइन पेमेंट की सुविधा नहीं होने के चलते उन्हें मजबूरी में निजी यूपीआई पर पेमेंट देनी पड़ रही है।

अक्सर परिचालकों को भी ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा न होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अगर वे यात्रियों से मना करते हैं तो यात्री झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। मजबूरी में परिचालकों को अपने निजी यूपीआई पर पेमेंट लेनी पड़ती है।

कई बार यात्री साथ में सफर कर रहे दूसरे अनजान यात्रियों को ऑनलाइन पेमेंट करके उनसे कैश लेकर परिचालक को देते हैं। फिलहाल सरकारी बसों में यात्री व परिचालक कैशलेस इंडिया का सपना पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।

## एक नजर

### स्योहारा में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम सम्पन्न



**स्योहारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को विद्या भारती द्वारा सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित क्षेत्रीय सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाना तथा समाज में समृद्ध भारत के सपने को साकार करने हेतु सप्त शक्तियों को जागृत करना रहा कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति में महिलाओं की पारंपरिक भूमिका शक्ति करुणा प्रेम त्याग एवं समर्पण को विस्तार से रेखांकित किया गया वक्ताओं ने कहा कि महिलाएँ परिवार की मर्यादा की संरक्षक होने के साथ-साथ समाज परिवर्तन की महत्वपूर्ण मार्गदर्शक भी हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मधुबाला शर्मा विशेष अतिथि नंदनी त्यागी एवं अति बिष्ट रहीं जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम देवड़ा ने की मुख्य वक्ताओं अपर्णा और पूर्णिमा ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए और महिलाओं को सामाजिक जागरूकता सांस्कृतिक मूल्यों एवं राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में शैल कुमारी बाल विकास विभाग कविता सारंग किड्स स्कूल की प्रधानाचार्य रेखा वार्ड-4 की सभासद सुभद्रा ममता त्यागी स्वाति रस्तोगी प्रियंका गर्ग फराह परवीन नीलम वर्मा पवन लता रीना डॉ सारंग और स्नेह लता शामिल रहीं कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और महिलाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दिलाया गया।

### युवती का शोषण करने वाला गिरफ्तार



**स्योहारा।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर एक युवक द्वारा खुद को सौरभ बताकर युवती से शारीरिक शोषण करने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। आधार कार्ड सामने आने पर आरोपी की असली पहचान उजागर हो गई। पुलिस के अनुसार युवती की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व उसकी इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती हुई थी। युवक ने अपना नाम और पहचान छुपाकर उसे झूठी जानकारी दी। इसी दौरान उसने युवती पर शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया और विरोध करने पर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता रहा घटना उस समय खुली जब एक दिन आरोपी की जेब से आधार कार्ड गिरने पर युवती को उसका वास्तविक नाम फैजान मलिक पता चला जो कि निवासी ग्राम खुड़ैली थाना मंडावर बताया गया है पहचान उजागर होने पर जब युवती ने विरोध किया तो युवक ने उसे धमकाते हुए शादी का दबाव और बढ़ा दिया पीड़िता की तहरीर के आधार पर स्योहारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी फैजान पुत्र अहमद को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में उस पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि होने पर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## एक नजर

### पार्टी कार्यालय का शुभारंभ



**नजीबाबाद।** विधानसभा नजीबाबाद क्षेत्र के हर्षवाड़ा में ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पार्टी कार्यालय का शुभारंभ हुआ, जिसका उदघाटन पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महताब चौहान पहुँचे, इस दौरान नजीबाबाद पहुँचने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महताब चौहान का ढोल नगाड़ों की थाप पर फूल मालाओं के साथ स्वागत हुआ। सर्वप्रथम महताब चौहान ने फीता काटकर पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष महताब चौहान ने प्रदेश महासचिव हाजी इंतजार, जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज की उपस्थिति में विशेष रूप से पूर्व प्रधान आफताब अंसारी व वसी मौहम्मद उर्फ बबलू को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका पार्टी में स्वागत किया, साथ ही महताब चौहान ने पूर्व प्रधान आफताब अंसारी को विधानसभा अध्यक्ष व वसी मौहम्मद उर्फ बब्लू को ब्लॉक अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। इनके अलावा अन्य लोगों ने भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता की। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महताब चौहान ने कहा कि ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन आगामी 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में बड़ी ताकत के रूप में उभरकर सामने आएगी, कोई भी राजनीतिक दल एआईएमआईएम को हल्के में आंकने की भूल न करें, एआईएमआईएम ने बिहार चुनाव में भी पांच सीटें जीती है, हमारी पार्टी लंबे समय से हमारा बूथ, सबसे मजबूत पर काम कर रही है, उन्होंने आगे कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस दलितों, मुसलमानों को केवल इस्तेमाल करती है और उनके मुद्दों पर खामोश रहती है, लेकिन ये अब नहीं होगा, असदुद्दीन ओवैसी पूरे देश के मुद्दों को संसद में उठाते है, उन्होंने पूर्व प्रधान आफताब अंसारी और वसी मौहम्मद के कार्यालय और उनके पार्टी में शामिल होने पर मुबारकबाद देते हुए यहां पार्टी को मजबूत करने पर भी जोर दिया। इसी के साथ जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज मुनव्वर अली, हकीम अब्दुस सलाम, अहसान पेंटर आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहसान पेंटर ने की। कार्यक्रम में बिजनौर प्रभारी शहजाद खा, डॉक्टर अनिरुद्ध, डॉक्टर जाकिर हुसैन, मौलाना हबीबुर्रहमान सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया

**नहटौर।** बिजली के निजीकरण नहीं किए जाने की मांग को लेकर मुरादाबाद में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ज्ञापन देने जा रहे भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी को उनके गांव जलालपुर तुर्क में पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया। सोमवार को गांव जलालपुर तुर्क में पुलिस ने पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन चौधरी,ब्लॉक उपाध्यक्ष कुलदीप राठी, जिला महासचिव अरविंद चौधरी,सत्येंद्र डबास,विजेंद्र लांबा,चिंटू आदि को हाउस अरेस्ट किया। सुबह 10:30 बजे से करीब 12:30 बजे तक 2 घंटे तक हाउस अरेस्ट रखा गया। बताया जाता है कि सोमवार को मुरादाबाद में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बिजली के निजीकरण नहीं किए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी ज्ञापन देने जा रहे थे।सूचना पर सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय व थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट रखा।12:30 बजे के बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ा। भारतीय किसान यूनियन सयुंक्त मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन चौधरी का कहना है कि बिजली के निजीकरण से किसानों व आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।बिजली के निजीकरण नहीं किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते इससे पूर्व ही पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया।

### धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने मांगे पूरी नहीं होने को लेकर आगामी 12 दिसंबर को विकास खंड कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी देते हुए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने पूर्व में विद्युत समस्याओं,निराश्रित गौवंश को पकड़वाए जाने,गन्ने का उचित मूल्य दिलाने व बकाया गन्ने का मूल्य शीघ्र दिलाने आदि की मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन दिया था।सोमवार को अपराह्न करीब 3:00 बजे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने मांगे पूरी नहीं होने पर आगामी 12 दिसंबर को खंड विकास अधिकारी के कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी देते हुए खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ,जिला संरक्षक महेंद्र सिंह ,ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश कुमार, पुनीत तुषियार, रोहित राणा, जैनेंद्र कुमार ,लोकेंद्र कुमार, राजवीर सिंह,अतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर की तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के कार्यकताओं ने समस्याओं का समाधान ना होने पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को समस्याओं से अवगत कराया और एक ज्ञापन सौंपा।

### धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के कार्यकताओं ने तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओ ने तहसीलदार को अपने समक्ष उपस्थित होने पर अनेक समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि किसानों की खतौनी में अंश निर्धारण में कमियों को दूर किया जाए, किसानों के दाखिल खारिज समय पर किया जाए, तहसील में लेखपाल एवं कानूनगो का समय पर किसानों से ना मिलना, प्रशासन द्वारा किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज निरस्त किए जाने, किसानों को खतौनी के लिए लाइन में लगना पड़े उचित व्यवस्था की जाए सही अनेकों समस्याओं को लेकर तहसीलदार संतोष कुमार को अवगत कराया गया और समस्याओं का निदान ना होने की स्थिति में बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने सभी समस्याओं के निवारण हेतु चार दिनों का समय तय किया गया जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह, सरदार इकबाल सिंह, कुलबीर सिंह, भोपाल राठी, पुनीत चौहान, हिमांशु चौधरी, गजेंद्र सिंह, प्रशांत चौधरी, धीर सिंह प्रधान, श्याम सुंदर राठी सहित बड़ी संख्या में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विज्ञान, चित्रकला एवं पर्यावरण पर आधारित एक कला प्रदर्शनी का आयोजन सर सय्यद मैमोरियल जूनियर हाई स्कूल में किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सुंदर वैज्ञानिक मॉडल, पर्यावरण से संबंधित चार्ट तथा आकर्षक कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं, जिन्हें देखकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों की खूब प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में मोहम्मद रेहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं लायबा परवीन ने द्वितीय एवं आरिफा सिदरा ने तृतीय स्थान प्राप्त करने किया। प्रतियोगिता में अयान, अलीशा, हिफजा, शगुफ्ता, शनाया, रोजी, इनाया, सना, अनाबिया, नाजमा आजमी, तस्मिया, अल-शिफा, सोफिया, शगुफ्ता, सोफिया, सिदरा, आरिफा, अफीफा, नबा, इफरा, अर्शी सहित कई छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में साहिबा तरन्नुम, इल्फा, असना, सलमा रहमानी एवं अन्य शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य अतिथि नूर मोहम्मद व तनवीर अंसारी ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू.डि. ) नगीना**

वाद सं. 211/2025

1. तोताराम उम्र लगभग 63 वर्ष पुत्र दौलत सिंह, 2. अजय कुमार उम्र लगभग 43 वर्ष पुत्र केदार सिंह, निवासीगण ग्राम खिजरपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**.....वादीगण**

**बनाम**

1. राहुल कुमार उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र पूरन सिंह, 2. ऋषिपाल उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्र कैलाश चन्द 3. प्रेमपाल उम्र लगभग 46 वर्ष पुत्र होरी सिंह निवासीगण ग्राम खिजरपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**...प्रतिवादीगण**

नोटिस अन्तर्गत आदेश 1 नियम 8 सी.पी.सी.

हरगाह कि वादीगण ने बहैसियत प्रतिनिधि ग्राम पंचायत ग्राम खिजरपुर विकास खण्ड व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद स्थायी निषेधाज्ञा खसरा नम्बरान 77, 94, 159 स्थित ग्राम खिजरपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर में खड़े विभिन्न प्रकार के पेड़ों को काटकर नींब खोदकर, रास्ते को बंदर करके मौके की वर्तमान स्थिति को परिवर्तित न करने की बाबत योजित किया है। वादग्रस्त सम्पत्ति में दिलचस्पी रखने वाले प्रतिनिधियों की संख्या बहुत है सब को वाद में पक्षकार बनाया जाना सम्भव नहीं है।

अतः जिस किसी को वाद में बहैसियत वादीगण एवं तरतीबी प्रतिवादीगण पक्षकार बनना हो वह नियत दिनांक 12.12.2025 को प्रातः 10 बजे न्यायालय में प्रस्तुत होकर अपना उज्र पेश करें अन्यथा, तत्पश्चात कोई उज्र काबिले समात न होगा।

नियत दिनांक:- 12.12.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, जिला बिजनौर।**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**

संख्या: 14 /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 18-11-25

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-495/1 स्थित मौहल्ला सिविल लाईन प्रथम बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती वालेश्वरी देवी पत्नी श्री सुनील के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थिनी श्रीमती राजबाला देवी पत्नी श्री पवन कुमार मौहल्ला सिविल लाइन प्रथम बिजनौर ने बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**

संख्या: 19 /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 05-12-25

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-134/10/21बी. स्थित मौहल्ला सिविल लाइन द्वितीय बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री चन्द्रप्रकाश पुत्र श्री छोटे लाल वर्मा के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थिनी श्रीमती रीनू वर्मा पत्नी श्री विजय वर्मा मौहल्ला सिविल लाइन द्वितीय बिजनौर ने बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**

संख्या: 16 /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 20-11-25

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-496/1 स्थित मौहल्ला चाहशीरी बी-24 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री खुर्शीद आलम पुत्र श्री मौहम्मद युनुस के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थिनी श्रीमती शाहाना परवीन पत्नी श्री इसरार अहमद मौहल्ला चाहशीरी बी-24 बिजनौर बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**

संख्या: /न.पा.परि.बि./2025-26 दिनांक:-

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-116, 117 स्थित मौहल्ला जाटान बी-3 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री महेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री रामचरन सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थीगण श्री मनोज कुमार सिंह पुत्र श्री महेन्द्र पाल सिंह व श्रीमती निर्देश चौधरी पत्नी श्री अंशुल कुमार, श्री शौर्य चौधरी पुत्र श्री अंशुल कुमार व कु. श्रेया चौधरी पुत्री श्री अंशुल कुमार मौहल्ला जाटान बी-3 बिजनौर ने वारिसान प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीगणों का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**

संख्या: 18 /न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 02-12-25

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-138 स्थित मौहल्ला भाटान बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री हैदर अली पुत्र श्री शमशेर अली के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थी श्री निसार अहमद पुत्र श्री हैदर अली मौहल्ला भाटान बिजनौर ने दानपत्र, शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद-बिजनौर )**

संख्या: /न.पा.परि.बि./2025-26 दिनांक:-

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143(1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-25 स्थित मौहल्ला चाहशीरी बी-22 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री मौ. युसुफ पुत्र श्री मौ. अय्यूब के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थिनी श्रीमती रूबिना खान पत्नी श्री लईक अहमद मौहल्ला चाहशीरी बी-22 बिजनौर ने बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

### नाम परितर्वन सूचना

मेरी पुत्री जिया रहमानी जो कि सेंट मेरी स्कूल नजीबाबाद में कक्षा-09 सी में शिक्षा ग्रहण कर रही है। मेरे द्वारा भूलवश पुत्री का प्रवेश कराते समय अपना नाम जिया उर रहमान खान दर्ज करा दिया था, जो कि गलत है, जबकि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही नाम जिया उर रहमान है। स्कूल अभिलेखों में जिया उर रहमान खान के स्थान पर मेरी पुत्री के पिता यानि मेरा नाम जिया उर रहमान करने की कृपा करें। **जिया उर रहमान पुत्र अब्दुल रहमान, निवासी मौहल्ला हवेलीतला जाब्तागंज, कस्बा व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, उ.प्र.**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे आधार कार्ड व प्रमाण पत्रों में मेरा नाम खालिद शाह, khalid shah है, जो सही है । जबकि मेरे पासपोर्ट में khalid husain हैं, जो गलत है। भविष्य में मुझे खालिद शाह, khalid shah के नाम से जाना जाए।

**खालिद शाह पुत्र मतलूब शाह, मौहल्ला कलालान नगीना, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदीप कुमार पुत्र जितेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम ढक्का कर्मचंद, थाना धामपुर, जिला बिजनौर द्वारा पूर्व में बनाए गए पैन कार्ड में नाम का विवरण त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया था। पूर्व में जारी पैन कार्ड संख्या EAMPK6111C में नाम रितेश कुमार पुत्र जितेन्द्र पाल सिंह अंकित है, जो कि गलत है। उक्त पैन कार्ड को निरस्त किया जाना आवश्यक है। वास्तविक एवं सही नाम प्रदीप कुमार पुत्र जितेन्द्र सिंह है, जिनका सही पैन कार्ड संख्या DCLPK0121C है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर लिखित रूप से सूचित करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई दावा मान्य नहीं होगा।

## एक नजर

### नगर पालिका ने अलाव जलवाए



**स्योहारा।** बढ़ती ठंड को देखते हुए स्योहारा नगर पालिका प्रशासन ने जनहित में बड़ी पहल की है नगर के प्रमुख चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है ताकि रात में ड्यूटी करने वाले कर्मियों राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को ठिठुरन से राहत मिल सके नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल के निर्देश पर यह व्यवस्था तेजी से लागू की गई है दोनों अधिकारियों ने साफ कहा कि नगर के किसी भी व्यक्ति को सर्द रातों में परेशानी नहीं होने दी जाएगी अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने बताया कि पालिका का प्राथमिक लक्ष्य है कि कड़ाके की ठंड में किसी को तकलीफ न उठानी पड़े उन्होंने कहा कि अलाव व्यवस्था लगातार जारी रहेगी और जरूरत के अनुरूप इसे और बढ़ाया भी जाएगा अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नगर पालिका परिसर में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है जिसमें रात में ठहरने गर्म पानी बिस्तर और आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध रखा गया है उन्होंने पालिका कर्मचारियों की टीम को निर्देश दिए हैं कि अलाव की मॉनिटरिंग और रैन बसेरों की साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो नगर पालिका के कर्मचारी लगातार मुख्य चौराहों फव्वारा चौक बस अड्डा पटवारीयान चौराहा दरगाह रोड सहित अन्य स्थानों पर अलाव जलाने और उनकी देखभाल में लगे हैं नगरवासियों ने पालिका प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है और इसे मानवीय व सराहनीय कदम बताया है।

### बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल



**अफजलगढ़।** क्षेत्र के गांव उद्धोवाला टंकी के पास स्थित हाईवे एनएच 74 पर एक बुजुर्ग की विक्की अनियंत्रित होने से बुजुर्ग नीचे गिरकर कर गंभीर रूप से घायल हो गए, घायल को अफजलगढ़ एक निजी अस्पताल में दिखाया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग को घर भेज दिया है ग्राम वासियों ने बताया ग्राम निवासी पुक्खेवाला कमरुद्दीन फेरी का काम करते हैं जो फल लेने अफजलगढ़ जा रहे थे जैसे ही उनकी विक्की उद्धो वाला टंकी के समीप पहुंची अचानक बुजुर्ग की विक्की अनियंत्रित होकर फिसल गई और बुजुर्ग नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, घायल को राहगीरों की मदद से इलाज के लिए एक निजी अस्पताल अफजलगढ़ में भर्ती कराया, जहाँ पर डॉक्टर ने उचार के बाद उनको घर भेज दिया है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बढ़ापुर।** ग्राम वीरभानवाला निवासी जोगा सिंह की पत्नी परमजीत कौर 50 वर्ष की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में महिला की मृत्यु पति द्वारा रस्सी या चुन्नी से गला घोंटकर करने का आरोप है। थाना क्षेत्र के ग्राम वीरभानवाला निवासी जोगा सिंह की पत्नी परमजीत कौर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के भाई की सूचना पर सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप व थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दृश्य महिला की मृत्यु पति द्वारा गला घोटकर किया जाने का आरोप है मामले की जांच की जा रही है। अभी कोई तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाई की जाएंगी। मृतका के तीन बेटी और एक बेटा है एक बेटी की शादी हो चुकी है।

### स्योहारा युवक गंभीर रूप से घायल

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला पटवारियान स्थित शिव मंदिर के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया हादसे में मोहल्ला खालिक नगर मंसूर सराय निवासी आमिर पुत्र शमीम गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे बाद में धामपुर रेफर किया गया है। आमिर मोटरसाइकिल पर सवार होकर मुर्गा मार्केट से फव्वारा की ओर जा रहा था इसी दौरान फव्वारा की दिशा से आ रहे एक टेंपो और एक तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आमिर अपना संतुलन खो बैठा और सीधे टेंपो के नीचे जा गिरा हादसे में आमिर की कमर की हड्डी में गंभीर फ्रैक्चर हो गया स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत सीएचसी स्योहारा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए धामपुर रेफर कर दिया वर्तमान में वहां उसका उपचार जारी है। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टेंपो मोटरसाइकिल और बुलेट तीनों वाहनों को हिरासत में ले लिया है जबकि हादसे के बाद दोनों चालक मौके से फरार हो गए पुलिस उनकी तलाश में जुटी है स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर अक्सर तेज रफ्तार में वाहन गुजरते हैं जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है क्षेत्रवासियों ने सड़क पर नियंत्रण और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# संसद में गूंजी सांसद चंद्रशेखर की आवाज

## प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया सांसद चंद्रशेखर आजाद ने रखे तीन बड़े जनहित प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद भवन में किसानों, स्वास्थ्य व्यवस्था और वंचित समाज से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधायी प्रस्ताव पेश कर राजनीतिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है। इन प्रस्तावों के जरिए सांसद ने सीधे तौर पर ग्रामीण भारत, कमजोर वर्ग और किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर उठाया है।



संसद में रखे गए प्रस्तावों में सबसे प्रमुख किसानों को उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी अधिकार देने का विधेयक है। इसके जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि किसान अब बाजार के रहम पर न रहें और उन्हें उनकी मेहनत का पूरा मूल्य कानूनी संरक्षण के साथ मिले। लंबे समय से किसान संगठनों की यह मांग रही है कि एमएसपी को केवल सरकारी नीति नहीं बल्कि कानून का दर्जा दिया जाए, ताकि व्यापारी किसानों से मनमानी कीमत पर फसल खरीद न कर सकें।

सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया कि दूसरा अहम प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना से जुड़ा है। यह प्रस्ताव खासतौर पर पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उन इलाकों के लिए बहुत अहम माना जा रहा है जहां आज भी गंभीर मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली या बड़े महानगरों का रुख करना पड़ता है। सांसद ने तर्क दिया कि आधुनिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल रिसर्च सेंटर बनने से न केवल इलाज की सुविधा बढ़ेगी। बल्कि स्थानीय युवाओं को मेडिकल शिक्षा और रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

सांसद चंद्रशेखर ने संसद में तीसरा प्रस्ताव अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के खिलाफ होने वाले अत्याचार के मामलों में तेज और प्रभावी न्याय दिलाने के उद्देश्य से पेश किया गया है। इसके तहत एक राष्ट्रीय स्तर की विशेष व्यवस्था बनाने की बात कही गई है, जो ऐसे मामलों की निगरानी, जांच और पीड़ितों को समय पर राहत दिलाने का काम करेगी। प्रस्ताव में यह भी संकेत दिया गया कि मौजूदा व्यवस्था में कई मामलों में देर होने से पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता, जिसे दूर करना जरूरी है।

इन तीनों प्रस्तावों को अभी संसद में औपचारिक रूप से पेश किया गया है। फिलहाल ये कानून नहीं बने हैं, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे एक मजबूत सामाजिक एजेंडा के रूप में देखा जा रहा है। यह स्पष्ट किया गया है कि ये तीनों प्रस्ताव अभी केवल संसद में पेश किए गए हैं और फिलहाल विचाराधीन स्थिति में हैं। इन पर विस्तृत चर्चा, संसदीय समितियों की समीक्षा और फिर बहुमत से पारित होने की प्रक्रिया बाकी है। जब तक सरकार की औपचारिक मंजूरी और राष्ट्रपति की सहमति नहीं मिलती, तब तक इन्हें कानून का दर्जा नहीं मिलेगा। फिलहाल यह राजनीतिक स्तर पर बहस और भविष्य की नीति का संकेत माने जा रहे हैं।

### यदि ये प्रस्ताव कानून बन जाते हैं, तो क्या मिलेगा लाभ

अगर संसद में ये प्रस्ताव पारित होकर कानून का रूप ले लेते हैं, तो इसका सीधा असर देश के किसानों, गरीब तबके और वंचित समाज पर पड़ेगा। किसानों को उनकी फसलों का तय और सुरक्षित दाम मिलने की व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे उनकी आय में स्थिरता आ सकती है। ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में अत्याधुनिक इलाज की सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे गंभीर बीमा. रियों में बाहर जाने की मजबूरी कम हो जाएगी। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के नागरिकों को न्याय मिलने की प्रक्रिया तेज होगी और सामाजिक असंत. लन को कम करने की दिशा में बड़ा कदम माना जाएगा।

# बिजली और बीज विधेयक 2025 आम आदमी और किसानों पर दोहरी मार : रवि चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चान्दपुर।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां द्वारा आज गांव मिर्जापुर-बकैना के साथ-साथ भारत के सभी गावों में सरकार द्वारा पारित बिजली बिल 2025 व बीज बिल 2025 की प्रतियां जलाकर बिलो की घोर निंदा की गयी।



मण्डल अध्यक्ष रवि चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए बिजली बिल 2025 और बीज बिल 2025 देश के किसानों, मजदूरों, और मध्यम वर्ग के हितों पर सीधा हमला हैं। ये विधेयक आवश्यक सेवाओं को निजी कंपनियों के हवाले कर उनकी मुनाफाखोरी का रास्ता साफ कर रहे हैं। यह विधेयक बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण को निजी कंपनियों को सौंपेगा, जिनके मुनाफे की गारंटी कानून में की जाएगी। अब तक उद्योगों से ज्यादा दर लेकर आम उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली दी जाती थी यह व्यवस्था खत्म हो जाएगी, जिससे किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली बेहद महंगी हो जाएगी। स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जो प्रीपेड रिचार्ज की तरह काम करेंगे। पैसा खत्म होते ही बिजली कट जाएगी। पीक आवर्स (जैसे शाम 5-8 बजे में रेट सामान्य से बहुत ज्यादा (लगभग -24 यूनिट) हो सकते हैं। तूफान या अन्य नुकसान से सप्लाई टूटने पर मरम्मत का पूरा खर्च निजी कंपनियां आम जनता से वसूलेंगी। पैसा नहीं देने पर बिजली कटी रहेगी। जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि बीज बिल 2025 से छोटे व्यापारी बिना रजिस्ट्रेशन के बीज नहीं बेच पाएंगे। केवल बड़ी कंपनियों को लाइसेंस मिलेगा, जिससे वे पूरे बीज बाजार पर हावी हो जाएंगी। बीज पर नियंत्रण का अर्थ है पूरी फसल पैदावार पर नियंत्रण। विधेयक बिना पंजीकरण के विदेशी कंपनियों को बीज का खुला आयात करने की अनुमति देता है। जिससे देश की खाद्य सुरक्षा और स्थानीय कृषि जलवायु के अनुकूल बीजों का विकास खतरे में पड़ जाएगा। बड़ी कंपनियां ऐसे बीज बेचेंगी, जिन्हें अधिकतम खाद और कीटनाशक की जरूरत होगी, जिससे किसानों का खर्च बढ़ेगा और वे पूरी तरह कंपनियों पर निर्भर हो जाएंगे। फसल खराब होने पर मुआवजे या जिम्मेदारी का विधेयक में कोई जिक्र नहीं है। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां सरकार से अपील करती है कि आधुनिक जीवन और आजीविका के लिए बिजली और बीज अनिवार्य जीवन-दाता हैं। इन्हें कंपनियों की लूट का साधन नहीं बनने दिया जा सकता । इस अवसर पर कुंदन सिंह, महिपाल सिंह, सतेंद्र चौधरी, नरेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, मेहर सिंह, हैप्पी, पीतम पाल, सुबोध पाल, ब्रह्मपाल, हारून सिंह, लीडर, घाशी राम, योगेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे ।

# वन रेंजर कार्यालय पर चल रहा धरना प्रदर्शन समाप्त

### किसानों की मांगें मान लेने का मिला आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का जो धरना वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय चांदपुर रेंज पर चल रहा था, वन क्षेत्राधिकारी द्वारा किसानों की सभी मांगें मान लेने का आश्वासन मिलने के बाद फिलहाल धरना स्थगित कर दिया गया है।



धरने पर उपस्थित तहसील अध्यक्ष चौधरी हरीराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल सिंह, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष याकूब, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ, फरमान खान, अनिल सिद्धू, बब्बू खान, राजीव कुमार, सुधांशु चौधरी, प्रताप सिंह, अशोक कुमार, रोहतास प्रधान, बलजीत सिंह, दिवेश चौधरी, नदीम सैफी, अशरफ अली, राहुल, अर्श मलिक आदि बड़ी संख्या में सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन टिकट ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र कानपुर कार्यकर्ताओं ने वन रेंजर कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये जाने की मांग को लेकर धरना जारी कर रखा था। आज आश्वासन मिलने के बाद धरना फिलहाल स्थगित कर दिया है। इससे पहले धरना स्थल पर यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### आरोपी धर्मेंद्र का चालान

**कोतवाली देहात।** नाबालिक को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि एक युवक उसकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मेंद्र पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम बरूकी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस दौरान पोक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई।

## एक नजर

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यून्स में एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया। शुभारम्भ महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य विमल कुमार भारती एवं मुख्य वक्ता प्रतीक जैन द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य वक्ता प्रतीक जैन ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि समय का हम कैसे सही प्रयोग कर सकते है और अपनी मेहनत और लगन से अपने भविष्य को कैसे उच्च स्तर तक ले जा सकते है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है। जिसे आप दुनिया को बदलने के लिए उपयोग कर सकते है। (ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हैड) डॉ. समीर अहमद, परीक्षा नियंत्रक गौरव मलिक, (कोर्डिनेटर) जितेन्द्र सिंह, महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी जीत सिंह एवं शिक्षकगण डॉ. एकता मलिक, मधुलिका राजपूत, नरेशपाल सिंह, नाजिश, जितेन्द्र कुमार, प्रभात कुमार, निधि चौहान, बृजनेश्व सिसौदिया, परमजीत कौर, नीशू सिंह, राजेश कुमार, रश्मि शर्मा, सतेन्द्र कुमार, मंश अग्रवाल, जसवंत सिंह, शिवम कुमार, रजत चौहान, संजना राजपूत, अंजली, गौतम, सूर्यप्रताप सिसौदिया, वैभव कटारिया, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, दिव्यांश अग्रवाल, सचिन कुमार, अवनीश, रीना देवी आदि उपस्थित रहे।

### रामनारायण सिंह का हार्ट अटैक से निधन



**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रबंधक एडवोकेट राम नारायण सिंह का रविवार देर रात हार्ट अटैक आने के कारण निधन हो गया। उनकी मृत्यु की सूचना पर इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज में छुट्टी घोषित की गई। कॉलेज स्टाफ ने और छात्र एवं छात्राओं ने भगवान से उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और ईश्वर से अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। सूचना पर मोरना स्थित उनके आवास पर शौक संवेदना प्रकट करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

### तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर



**धामपुर।** कालागढ़ मार्ग पर राजपूताना के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने चावल से भरे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक फरीद पुत्र बाबू निवासी मौहल्ला पक्का बाग, गंभीर रूप से घायल हो गया। फरीद शेरकोट की ओर से चावल लेकर धामपुर आ रहा था। जैसे ही उसका ई-रिक्शा कालागढ़ मार्ग स्थित एनएच-74 पर राजपूताना के पास पहुंचा, तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कार सवार वाहन की चाबी निकालकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस ने ई-रिक्शा व क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम



**चान्दपुर।** ग्राम रामपुर रसूलपुर में थाना शिवाला कलां पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को प्रचलित साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, लिंक फ्रॉड, फर्जी कस्टमर केयर नंबर, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी निवेश योजनाओं से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा आमजन को निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया किसी भी अनजान लिंक को साझा न करें। बैंक अकाउंट, एटीएम, पिन, पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। कॉल या मैसेज के माध्यम से मिलने वाले फर्जी ऑफर/इनाम पर विश्वास न करें। संदिग्ध एप डाउनलोड न करें तथा स्क्रीन-शेयरिंग एप का उपयोग न करें। सोशल मीडिया अकाउंट पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य सक्षम करें। साइबर अपराध होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करें। थाना शिवाला कलां पुलिस ने जनता से सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना शिवाला कला व उनका पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

### स्योहारा में एनसीसी कैडेट्स ने दिखाई प्रतिभा



**स्योहारा।** 32 यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के निर्देशन में एआरएसएम इंटर कॉलेज स्योहारा में सोमवार को स्वच्छता अभियान के तहत निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई कार्यक्रम का संचालन बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल गणेश शंकर के निर्देश पर लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता 1 दिसंबर से शुरू हुई है और 15 दिसंबर तक चलेगी जिसमें क्षेत्र के अन्य विद्यालय भी सहभागिता कर रहे हैं विद्यालय की प्रधानाचार्या मधुबाला शर्मा ने कहा कि कचरा प्रबंधन और लॉजिस्टिक चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार के ठोस कदमों की आवश्यकता है लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा ने बताया कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य छात्रों में शौच मुक्त कचरा प्रबंधन पुनर्चक्रण और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण की जागरूकता फैलाना है पूर्व एनसीसी अधिकारी कांता प्रसाद पुष्पम ने कहा कि स्वच्छता को दैनिक आदत बनाना ही समाज परिवर्तन की असली शुरुआत है कार्यक्रम में कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा और जागरूकता का संदेश दिया

# खेलकूद प्रतियोगिता में हिमांशु और इमराना ने मारी बाजी







### सौफ्तपुर में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल की ओर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में 1500 मीटर बालक वर्ग में हिमांशु व 800 मीटर बालिका वर्ग में इमराना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सौफतपुर स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने किया। जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में निशांत, युवराज, हृदयांश, बालिका वर्ग में श्वेता, जानवी, अंशिका, 200 मीटर बालक वर्ग में गौरव, लवजीत, ललित, बालिका वर्ग में इमराना, मो. हिनी, श्वेता, 1500 मी. बालक वर्ग में हिमांशु, हृदयांश, जानू कुमार, 800 मीटर बालिका वर्ग में इमराना, पारुल, जानवी, सीनियर बालक वर्ग 100 मीटर में गौरव, जेवियर टोप्पो, केहर सिंह, बालिका वर्ग में वंशिका, सीमा, वंशिका शर्मा, 200 मीटर बालक वर्ग में अर्जुन, आदित्य, अर्पित चौधरी, बालिका वर्ग में वंशिका, आशी, शिवांगी, 1500 मीटर बालक वर्ग में अरुण, नितिन, रवि, 800 मीटर बालक वर्ग में जसकीरत सिंह, इशांत राणा, शौर्य, बालिका वर्ग में मोहिनी, विधि, वंशिका शर्मा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग लंबी कूद में अभिनव, बालिका वर्ग में सीमा, जैवलिन थ्रो बालक वर्ग में उपलक्ष लांबा, बालिका वर्ग में रितिका, गोला फेक बालिका वर्ग में समीक्षा राठी, चक्का फेंक में वंशिका राणा, सीनियर बालक वर्ग लंबी कूद में अरुण, बालिका वर्ग में मोहिनी, गोला फेक बालक वर्ग में आयुष कुमार, जैवलिन थ्रो बालक वर्ग में हर्षित चौधरी, सब जूनियर बालिका वर्ग गोला फेक में शिवि जैवलिन, थ्रो बालिका वर्ग में कनक राठी, चक्का फेक में कनक राठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी सब जूनियर में जलालाबाद की टीम विजयी रही। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मौहम्मद शुएब, मौहम्मद दानिश, कपिल राणा, रोबिन राणा, संजीव, टीकम, हर्ष, मुकुल राठी आदि का सहयोग रहा।

# दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा देख भावुक हुए शिक्षक

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सोमवार को बाबूराम सिंह भायसिंह महाविद्यालय परिसर में तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें परिषदीय स्कूलों के 63 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मुंशी लाल पटेल ने हरी झंडी दिखाकर किया। दिव्यांग बच्चों ने अपनी अद्भुत ऊर्जा उत्साह और खेल प्रतिभा से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। एकेडमिक स्पोर्ट्स मीट में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने लंबी दौड़, 50 मीटर दौड़ कुर्सी दौड़ एवं रस्साकशी सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अपना बेहतर प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और खेल कौशल ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। दिव्यांग बच्चों की मेहनत रंग लाई उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी मुंशी सिंह पटेल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी प्रतिभागियों को मेडल और लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल शिक्षक महावीर सिंह विशेष शिक्षक अजय सिंह राम उमेश सिंह ताराचंद दुष्यंत कुमार धर्मपाल रवि प्रकाश पिंकी सिंह ममता रानी आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

## राजनीतिक दलों के बीएलए संग बीएलओ ने की चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के मौहल्ला कोट गर्बी स्थित जूनियर हाईस्कूल मे बूथ संख्या 313, 314, 316 एवं 317 के बीएलओ द्वारा एसआईआर को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे राजनैतिक पार्टियों के बीएलए एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। बीएलए को अवसेंट मृतक एवं शिफ्टेड मतदाताओं एएसडी सूची दिखाई गई एवं शुद्ध मतदाता सूची हेतु सहयोग पर चर्चा की गई।



सम्भल-माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटर व हाईस्कूल की परीक्षा केन्द्रों की समीक्षा करते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# कार से रौंदे गए दो भाइयों में एक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अरटिगा वाहन से रौंदे गए बाइक सवार दो भाईयों में एक ने उपचार के दौरान दिल्ली के अस्पताल में मद तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात अरटिगा वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बहजोई थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर नसरूल्लापुर निवासी बुन्दू खान के दो पुत्र अफजाल और शमशेर मोटर साईकिल स्प्लैंडर (यूपी 22 बीएच1947 से) घर से गए थे। बाइक सवार दोनों भाई बहजोइ की ओर से अपने गांव मिर्जापुर नसरूल्लापुर आ रहे थे। बाइक सवार बहजाई के डी आर फैक्ट्र इस्लाम नगर रोड पर पहुंचे तभी तेज गति में आ रही फेद रंग की मारूती अरटिगा ने मोटर साईकिल को टक्कर मार दी। अरटिगा चालक ने हद तो उस समय कर दी थी कि

### ०टक्कर मारकर काफी दूर तक घसीटा

टक्कर मारकर दोनों को काफी दूर तक घसीटा और दूर लेजाकर फैंका।जिसमें दोनो भाई गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद व स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को चन्दौसी रोड स्थित अस्पताल में उपचार को भर्ती कराया गया,लेकिन प्राथमिक उपचार के शमशेर की चिंता जनक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के लोक नायक जय प्रकाश नाराण अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। उपचार के लिए भर्ती कराये गए शमशेर ने जिन्दगी और मौत से जंग लड़ते हुए दम तोड़ दिया। दिल्ली पुलिस ने मृतक का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा। हंसते खेलते परिवार के युवक की मौत ने परिजनों पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया। परिजनों की सिसकियां थम नहीं रही है। बहजोई पुलिस ने अज्ञात मारूती अरटिगा चालक के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जबकि दूसरे घायल का उपचार किया जा रहा है। उसकी हालत भी गम्भीर है।

# जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 51432 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

०जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों को लेकर की चर्चा
०भौतिक सुविधाओं की ली जानकारी
०बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अन्तर्गत यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। जिले में परीक्षा केन्द्रों को लेकर बैठक का आयोजन कर समीक्षा की और केन्द्रों पर भौतिक सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिश-निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने 2026 के लिए परिषद् द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्रों की संख्या तहसील बार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तहसील सम्भल के अन्तर्गत कुल (36) जिनमें 07 राजकीय , 13 अशासकीय सहायता प्राप्त, 16 वित्तविहीन तथा तहसील चंदौसी के अन्तर्गत कुल (19) जिनमें 02 राजकीय 12 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 05 वित्तविहीन एवं तहसील गुन्नौर के अन्तर्गत कुल (14) जिनमें 03 राजकीय, 07 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 04 वित्तविहीन रहेंगे। उन्होंने बताया कि परिषदीय परीक्षा 2026 में हाईस्कूल में 27786 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट में 23646 परीक्षार्थी एवं कुल 51432 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिलाधिकारी द्वारा आपत्ति के निस्तारण को लेकर जानकारी लेकर आवश्यक दिश्सस-निर्देश दिए। इसके साथ जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने जिला विद्यालय निरीक्षक आवंटित किए गए परीक्षा केंद्र पर उनमें भौतिक सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली और पूर्व में जो केंद्र बनाए गए थे उनमें भौतिक सुविधाओं की क्या स्थिति थी इसकी भी जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी गन्नौर एम एल पटेल एवं राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

# गोवा में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गोवा के उत्तरी क्षेत्र में स्थित अर्पोरा गांव के एक नाइट क्लब में शनिवार रात सिलेंडर ब्लास्ट से भीषण आग लगने से लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया गया। नगर के लोगों ने कहा कि ऐसी घटना कैसे हुई। इसकी जांच हो और दोषियों पर कार्यवाही की जाये। पर्यटक केंद्र पर ऐसे हादसे लोगों को परेशानी का सबब हैं। घटना में 23 की मौत हो गई। आग सिलेंडर ब्लास्ट के कारण लगी थी। गोवा में हुए दर्दनाक हादसे में 23 लोगों की मौत पर हम सभी उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं।वैसे सरकार ने मृतकों के परिजनों को मुआवजे देने की भी घोषणा की है। शोक व्यक्त करने वालों में सोनू, रविराज गुप्ता, सलोनी वार्ष्णेय, कंचन वार्ष्णेय, शीतल, क्रिष आदि रहे।

# विस्तारीकरण की मांग पूरी न हुई, तो करेंगे बड़ा आन्दोलन

### ०व्यापारियों ने प्रदर्शन कर दी चेतावनी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गजरौला तक रेल लाइन के विस्तारीकरण की वर्षो पुरानी मांग को लेकर व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रर्दशनकारियों ने मांग पूरी न होने पर बड़े आन्दोलन की चेतावनी दी।

व्यापारी सुरक्षा फोरम के बैनर तले बड़ी संख्या में व्यापारी शंकर भूषण चौराहा पर एकत्र हुए। हाथों में विभिन्न नारों लिखी तख्तियां लेकर सरकार से विस्तारीकरण मांग पूरी करने की अपील की। व्यापारियों का कहना है कि यह मुद्दा दशकों से लंबित है, लेकिन सरकारें अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा सकी हैं। व्यापारी नेता जमीलुर्रहमान ने कहा कि सम्भल जनपद रेल संपर्क के मामले में बेहद उपेक्षित रहा है। मुरादाबाद से सम्भल तक केवल एक डिब्बे की पैसेंजर ट्रेन चलती है, जो चौबीस घंटे में एक फेरा लगाती है। इसके अलावा सम्भल का रेल मार्ग से किसी भी अन्य शहर या प्रदेश से सीधा संपर्क नहीं है। इस कारण व्यापार, उद्योग और रोजमर्रा की



सम्भल-शंकर चौराहे पर रेलवे लाइन के विसतारीकरण की मांग करते व्यापारी।

आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि यदि सम्भल से गजरौला तक रेल लाइन का विस्तार हो जाए तो सम्भल सीधे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश के तमाम प्रमुख शहरों से एक ही मार्ग से जुड़ जाएगा। यह न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा बल्कि जिले के विकास के नए रास्ते खोलेगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इस प्रस्ताव पर विचार नहीं किया तो व्यापारी समुदाय बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उनका कहना है कि सम्भल जैसे बड़े जिले को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलना आवश्यक है और इसके लिए वे आंदोलन जारी रखेंगे। बता दें कि रेलवे लाइन विस्तारीकरण की मांग दश्कों पुरानी है। कई संगठन विस्तारीकरण की मांग को लगातार प्रयास कर रहे हैं जबकि पूर्व में आन्दोल भी हो चुके है। लाइन के विस्तारीकरण को मंजूरी मिल चुकी है परन्तु राजनैतिक कारणों से बजट जारी नहीं हो सका है।

## एसडीएम कोर्ट पोषक पर लाइन निर्माण कार्य से प्रभावित रहेगी बिजली आपूर्ति

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पोषक लाईन निर्माण अनुरक्षण कार्य कि लिए कल आज विद्युतापूर्ति पांच घंटे बाधित रहेगी। विद्युत व्यवधान के लिए वैकल्कि तैयारी पूर्व में ही सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

मंगलवार आज 33/11 के वी विष्त उपकेन्द्र सम्भल टाउन से र्निगत 11 के वी एसडीएम कोर्ट पोषक पर लाईन निर्माण अनुरक्षण कार्य किया जाना है। जिसका अनुमानित समय प्रात: 09 बजे से दोपहर दो बजे तक रहेगा। इस दौरान एसडीएम कोर्ट, टाउन-1 न्यू फीडर ग्रामीण व नार्थ ग्रामीण पोषक की विद्युतापूर्ति पूर्णत: प्रभावी रूप से बंद रहेगी। उक्त विष्त बंदी से 11 के वी एस डीएम कोई पोषक से सम्बंन्धित क्षेत्र (डा. कालोनी, राम विहार कालोनी, शिव मंदिर कालोनी, शहज़ादी सराय, एकता विहार कालोनी, मुरादाबाद रोड, बेगम सराय, राम विहार कालोनी (टाउन-1) व न्यू ग्रामीण एवं नार्थ ग्रामीण (मंडलायी, खानपुर, पलथा व बझेड़ा) पर स्थित औद्यौगिक /वाणिज्यिक/घरेलू आदि उपभोक्ताओं की विष्तापूर्ति प्रभावित रहेगी।

# प्राकृतिक खेती में अधिक से अधिक कृषक आय बढ़ाने को जिले के 15 किसान गुजरात में ले रहे प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नेशनल ऑन नैचुरल फार्मिंग (एन एम एन एफ) योजना के तहत कृषकों को प्राकृतिक खेती की विद्या सिखाने व उसके उत्पादन बढ़ाने को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिले के 09 कलस्टर योजना बनाकर 1125 कृषकों का चयन किया गया है।

भारत सरकार द्वारा संचालित योजना नेशनल ऑन नैचुरल फार्मग (एन.एमएन.एफ.)के तहत जनपद के विकास खंड जुनावई में 09 कलस्टर योजना बनायी गयी है। योजना के तहत 1125 कृषकों को एक एकड़ प्रति कृषक का चयन कर प्राकृतिक खेती करायी जा रही है। जिसमें किसानों को प्राकृति खेती करने की विद्या सिखायी जा रही है। जिससे कि कृषक रसायन मुक्त प्राकृतिक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि के लिए जिले के 15 किसान जनपदीय उप कृषि निदेशाक के कार्यालय में कार्यरत विषय वस्तु विशेषज्ञ वस्तु विशेषज्ञ दलेले सिंह के साथ गोपालभाई सुतरिया के संगठन बंसगिरि गौशालय एवं गौ तीर्थ विद्यापीठ, अहमदाबाद गुजरात गये हुए है। जहां किसान प्राकृतिक खेती में अधिक से अधिक उत्पाद और उससे होने वाली कृषक आय में वृद्धि के सम्बंध में प्रशिक्षण हासिल करेंगे। प्रेशिक्षित होकर वह वापस आहर अपने व अपने आसपास के किसानों को भी उक्त जानकारी देकर कृषि में बढ़ावा ला सकें और कृषक आय में वृद्धि कर सकेंगे।

# पोल से टकराकर बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गांव जाते बाइक पोल से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर डांडा निवासी अरविंद अपनी बाइक पर सवार होकर सोमवार की भोर में करीब 4 बजे कस्बा गवां की ओर से अपने गांव जा रहा था। जैसे ही वह केसरपुर तिराहे से गुजरा तभी कुछ दूरी पर चलने के बाद केसरपुर अनूपशहर मार्ग पर बाइक बिजली के खंभे से जाकर टकरा गई। हादसे में अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अरविंद के स्वजनों को घटना की सूचना

### ०परिजनों में मचा कोहराम, शव पीएम को भेजा

दी स्वजनों में अरविंद की मौत पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निशांत राठी ने बताया की शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूटी को टक्कर मार ई-रिक्शा पलटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तेज रफ्तार में आ रहे ई रिक्शा की स्कूटी से टक्कर हो गयी। हादसे में इ रिक्शा सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि ई रिक्शा सवार सवारी बाल-बाल बच गए, जबकि स्कूटी सवार मामूली घायल हो गया।

# दान पुण्य जप, तप और सत्संग का है पूस मास में महत्व: मिश्र

### ०सूर्यदेव की उपासना कर पुण्य लाभ करें अर्जित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** पूस यानी (पौष) माह में सूर्य भगवान की उपासना खासा महत्व है। सूर्य अराधना से सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य में वृद्धि होती है।

पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि पूस (पौष) का महीना शुरू हो गया है। यह माह सूर्य देव की उपासना के लिए उत्तम माना जाता है। सौभाग्य एवं बेहतर स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। पूर्वजों को जल तर्पण करने से वह खुशहाली का आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने बताया कि पंचांग का दसवां महीना पौष माह का विशेष धार्मिक महत्व है। जप, तप एवं सत्संग करने से पाप नष्ट होते हैं। पंडित सत्यम मिश्रा ने बताया कि पौष माह में खिचड़ी का प्रसाद लगाना चाहिए। गरम वस्त्रों का दान करना चाहिए। भगवान सूर्य की आराधाना कर आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। पौष माह हेमंत श्रृतु के अंतर्गत आता है। इसलिए ठंड भी अधिक पड़ती है। उनके अनुसार पूर्णिमा 3 जनवरी को मनाई जाएगी। 16 दिसंबर को सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इसलिए लोगों को इस माह सूर्यदेव की उपासना कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## बदलते मौसम के मिजाज़ से बढ़ रहे खांसी जुकाम के मरीज़

शाह टाइम्स संवाददाता

**गवॉं।** बदलते मौसम के मिजाज से आए दिन बुजुर्ग महिलाओं सहित बच्चे भी खांसी जुकाम की चपेट में आ रहे हैं गवां क्षेत्र के पीएचसी गवां पर दवाएं भी वितरित की गई। सीने में दर्द व हडडी से संबंधित मरीजों को मेडिकल कॉलेज के लिए संदर्भित किया गया। पीएचसी पर समय में मौसम परिवर्तन के कारण विशेष रूप से बच्चों में वायरल फीवर, निमोनिया, डायरिया, खांसी व गले में खरास आदि होने की संभावना बढ़ जाती है। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं और समय-समय से टीका लगवाएं पीएचसी प्रभारी संजय यादव ने बताया है कि बदलते मौसम में ऊनी कपड़े एवं खान-पान पर विशेष ध्यान दें और दिनचर्या स्थिति पर को नजर अंदाज न करें। हल्का बुखार और जुकाम व खांसी आदि होने पर होने पर तत्काल चिकित्सक से सलाह ले।

# जिलाधिकारी ने पटलों पर किया स्थानांतरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी ने कर्मचारियों के पटल में फेरल बदल व स्थानांतरित किया है। जबकि पूर्व की भांति नाजिर सदर बने रहेंगे।

जिले में जिलाधिकारी में पटलों पर काम कर रहे कर्मचरियों का स्थानांतरण किया है। जिसके तहत सुरेन्द्र कुमार आशु लिपिक सम्बद्ध चन्दौसी तहसील जिलाधिकारी के आशुलिपिक बनाये गए है। इसके अलावा प्रधान सहायक हैरान सिंह लिपिक विनियमित क्षेत्र जनपद मुख्यालय रीडर जिलाधिकारी/ स्था. निकाय लिपिक कलैक्ट्रेट सम्भल पेशकार रीडी जिलाधिकारी बनाये गए हैं। प्रधान सहायक मौ. सरवर सी आर ए कलैक्ट्रेट राजस्व, अभिलेखापाल कलैक्ट्रेट सम्भल से तहसील गुन्नौर के लिए स्थानांतरित किया गया है। प्रधान सहायक कुमार शानू वी आई पी लिपिक/लोकायुक्त शिकायत/दैवीय ापदा से आयुध सहायक बनाया गया। इसके अलावा मौ. यूनुस वरिष्ठ सहायक आयुध सहायक/न्याय सहायक/चरित्र प्रमाणपत्र/परीक्षा से सम्बंधित कार्य से दैवीय आपदा सहायक के पटल पर भेजा गया। वरिष्ठ सहायक स्वाति अको बिल सहायक तथा आयु लिपिक जिलाधिकारी सम्भल/ पैट्रोलियम एन ओ सी पवन प्रताप सिंह वरिष्ठ सहायक को न्याय सहायक के साथ चरित्र प्रमाण पत्र/परीक्षा से सम्बंधित कार्य का अतिरिक्त प्रभारी दिया गया है।जबकि चार अन्य के पटल भी बदले गए हैं।

# बाल विवाह के खिलाफ स्कूली बच्चों ने ली शपथ

### ०2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बाल अपराधों की रोकथाम और बाल विवाह एंव बाल मजदूरी व बाल तस्करी को रोकने के लिए लगातार जनपद सम्भल में जागकरूता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन, प्रयत्न संस्था एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद मे लगातार अलग-अलग स्थानो पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बाल अपराध मुक्त भारत एवं बाल अपराध मुक्त जनपद सम्भल बनाने के लिए स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी मे जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देशन में सोमवार को नूरियों सराय में सेन्ट होली चाईल्ड पब्लिक स्कूल स्कूली बच्चों को शपथ दिलाकर




सम्भल- बाल विवाह के खिलाफ शपथ लेते स्कूली बच्चे।

बाल विवाह को रोकने का आहवान किया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी इस बाल अपराध के खिलाफ जागरूक किया गया। संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बच्चों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई और बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल विवाह की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर देनी है। जिससे की 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर फील्ड कोऑर्डिनेटर सिराज अहमद विद्यालय के इंचार्ज गुफरान, इकराम अली, बुशरा अरशद, अलका , इशा, जोहा, बुशरा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एमआरपी और ऑफर की वास्तविकता जांचे



सम्भल-मिशन शक्ति में एफएमसीजी के उपयोग वस्तुओं की जानकारी देतीं।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति के तत्वावधान में नई पीढ़ी के उपभोक्ता को एफ.एम.सी.जी. रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं खरीदते समय उपभोक्ता जागरुकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने कहा कि उत्पाद का एमआरपी और ऑफर की वास्तविकता जांचें खुला या क्षतिग्रस्त सामान न लें। नकली ब्रांडों से सतर्क रहें। ऑनलाइन खरीदारी में रेटिंग और रिटर्न पॉलिसी देखें। भुगतान करते समय डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखें और खरीद का रिकॉर्ड संभालकर रखें। इस कार्यक्रम में एन.के.बी.एम.जी. महाविद्यालय,चंदौसी की असिस्टेंट प्रोफेसर आरती त्रिपाठी ने छात्र छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोजमर्रा का सामान खरीदते समय उपभोक्ता को गुणवत्ता, कीमत और एक्सपायरी तिथि पर ध्यान देना चाहिए। विश्वसनीय ब्रांड और प्रमाणित दुकानों से ही सामान लें। पैकिंग की स्थिति, वजन और बिल अवश्य जांचें। किसी भी प्रकार की शिकायत पर उपभोक्ता अधिकारों का उपयोग करें। छात्र-छात्राओं ने एक सर्वे फार्म भी भरा और उपभोक्ता जागरुकता के बारे में अपने ज्ञान का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. रीतू भटनागर ने किया। कार्यक्रम में डा विजय लक्ष्मी शर्मा,डा हुमा फातिमा, डा. अर्चना बंसल, डा. अनुभा गुप्ता, डा. जोहरा जबीं, डा. मीनाक्षी गोयनका सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

# तीर्थ परिक्रमा के पुर्नजीवित कर्ता को किया सम्मानित



शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा को सम्भल तीर्थ परिक्रमा को पुनर्जीवित करने के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

हसनपुर रोड पर स्थित चाहल चौथ पर आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महिपाल सिंह ने कहा कि हिंदुत्व, समाज और धर्म जागरण हेतु समर्पित हिंदू जागृति मंच की सेवा को सदैव याद किया जाता रहेगा। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने सम्भल तीर्थ परिक्रमा को सन 2008 में पुनर्जीवित करके सराहनीय, प्रशंसनीय, स्मरणीय और अभिनंदनीय कार्य किया है। हिंदू जागृति मंच के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि स्वामी भगवतप्रिय जी महाराज, चौधरी महिपाल सिंह, डा. अरविंद कुमार गुप्ता, भारत सिंह यादव, मंच के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय डी के शर्मा, चौधरी खिलेंद्र सिंह, जयप्रकाश गुप्ता सहित अनेक जनों ने आत्मिक बल प्रदान करते हुए सम्भल के हितार्थ सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा दी है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाधयक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, चौधरी खिलेंद्र सिंह, सोनू चाहल, महीपाल सिंह तथा चाहल चौथ से जुड़े हुए अनेक जनों ने हिंदू जागृति मंच की प्रदेश अधयक्ष अजय कुमार शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वक्ताओ ने सम्भल की परिक्रमा को सम्भल की आन बान शान बता कर परिक्रमा कार्य को और अधिक ऊंचाई देने का संकल्प लिया। चाहल चौथ के प्रबंधक चौधारी खिलेंद्र सिंह ने चाहल चौथ स्थान की महिमा एवं स्वर्णिम इतिहास का वर्णन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महिपाल सिंह ने की

# संस्थापक सदस्य को बरसी पर याद कर पेश की खिराजे अकीदत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जवाहर लाल मैमोरियल इंटर कॉलेज के संस्थापक सदस्य को बरसी पर याद किया और चिराजे अकीदत पेश की गई।

मौहल्ला गिन्नौरी में जवाहर लाल इंटर कॉलेज सिरसी के संस्थापक सदस्य अल्हाज मरहूम हाजी अशफाक अहमद कुरैशी संस्थापक फातिमा सोशल वेलफेयर एजुकेशनल सोसाइटी सिरसी की याद मे उन्ही के मकान पर हुई। मजलिस की शुरुआत कारी रिजवान की तिलावत से हुई। जिसमे उनकी समाजी खिदमात और सादा जिन्दगी पर रौशनी डालते हुए मौलाना मोहम्मद सादिक कासमी जसपुर नैनीताल खतीब वा इमाम मदीना मस्जिद सिरसी ने फिक्र ए आखिरत पर लोगो को उभारा और पाकीजा जिन्दगी गुजारने सुन्नत वा शरयात को अपनाने पर जोर दिया। और तालीम की एहमयत को बताया। और अपने बच्चो कुरान की तालीमात दिलाने और उस पर अमल करने पर जोर दिया। हाफिज मोहम्मद दाउद की पुरके आवाज मे नात सुनकर लोग खुश हुए। तो मौलाना सादिक की नात ने लोगो को सफ़रे हज की याद ताजा कर अश्क बार कर दिया।मौलाना मोहम्मद नासिर ने रसूमात को खत्म कर सुन्नतो को अपनाने और रसूल ए अकरम से सच्ची मोहब्बत अपने किरदार मे उतारकर अमल करने पर जोर दिया।

# चक्कर की मिलक इलाके में पानी की टंकी बनी सेल्फी प्वाइंट, युवा अपनी जान के साथ कर रहे खिलवाड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक में रामगंगा नदी किनारे स्थित करीब 200 फीट ऊंची पानी की टंकी इन दिनों युवाओं के लिए रोमांच का अड्डा बन गई है। यह टंकी अब सोशल मीडिया के लिए 'मौत का सेल्फी प्वाइंट' बन चुकी है। हर दिन दर्जनों युवक यहां बिना किसी अनुमति और सुरक्षा के टंकी पर चढ़कर खतरनाक सेल्फी लेते नजर आते हैं, जिससे किसी भी पल बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।स्थानीय लोगों के अनुसार शाम होते-होते यहां भीड़ बढ़ने लगती है। कई बार युवा टंकी के किनारों पर खड़े होकर वीडियो और फोटो बनाते हैं। हल्की सी फिसलन या संतुलन बिगड़ने पर नीचे गिरना तय है, क्योंकि टंकी के आसपास न तो कोई सुरक्षा व्यवस्था है और न ही किसी तरह की निगरानी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद युवक मानने को तैयार नहीं होते। इस ऊंचाई पर चढ़ना न सिर्फ जानलेवा है बल्कि पूरी तरह अवैध भी है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि टंकी के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा ऊपर चढ़ने से रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की जाए। वहीं अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को ऐसे खतरनाक रोमांच से दूर रखें। क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए तो यहां कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। फिलहाल पानी की यह टंकी रोमांच खोज रहे युवाओं को आकर्षित कर रही है, लेकिन यहां की लापरवाही किसी भी दिन बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। प्रशासन की निष्क्रियता और सुरक्षा प्रबंधों की कमी को लेकर लोग गंभीर चिंता जता रहे हैं।



# आवारा पशु ने ली बुजुर्ग की जान, कई बार हो चुके हैं लोग इनका शिकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिला अध्यक्ष मोहम्मद रिहान एडवोकेट ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर छुट्टा जानवरों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि दो साल के अंतराल में यह छुट्टा जानवर बिहार में दो लोगों की जान भी ले चुके हैं। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिला अध्यक्ष मोहम्मद रेहान एडवोकेट द्वारा जिला अधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विशेष आर्थिक क्षेत्र के गोल चम्कर निकट पुलिस चौकी पर छुट्टा बिझार (बैल) पिछले दो साल से लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे है। ये छुट्टा गौवंश चौक पर बैठे रहते हैं व इनमें से कुछ अति उत्तेजक हैं जो वहाँ से गुजरने वाले लोगों पर हमलावर हो जाते हैं। बीस दिन पूर्व इन्होने वहादुरपुर राजपूत के राजघ्कुघ्मार पुत्र डा. महेन्द्र की जान ले ली व उसका साथी छोटे पुत्र भीकम अस्पताल में भर्ती है। बीते कल लालपुर गैंगवारी निवासी मरगूब पुत्र छोटे पर हमला कर उसको मार डाला है। इससे पूर्व जुबैर पुत्र मुस्तफा निवासी रसूलपुर हमीर को भी हमला कर घायल कर दिया था। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि इस गंभीर विषय का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए में हैं गौशाला में छुड़वाने का कष्ट करें।



## एक नजर

### महे कर रहे खेतों में नुकसान, किसान हो रहे परेशान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महो की भरमार होने के कारण किसान परेशान हैं महे छोटी फसलों को निरंतर नुकसान पहुंचा रहे हैं और किसान कुछ नहीं कर पा रहे हैं। बतादें कि क्षेत्र में नीलगाय और महो की काफी भरमार है जिसके कारण सरसों एवं अगैती गेहूं की फसल को उनसे काफी नुकसान हो रहा है वह जितनी फसल खा रहे हैं उससे ज्यादा उसमें नुकसान कर रहे हैं इन पर रोक लगाना किसान के बस में भी नहीं है अगर कोई किसान खेतों पर तार. बंदी करने की कोशिश करता है तो उसमें भी सरकारी कानून बाधक बन जाते हैं इसलिए किसान केवल मन मसोस कर रहने को मजबूर है किसानों ने काफी पहले नील गाय को पकड़वाकर वनों में छुड़वाए जाने की मांग उठाई थी लेकिन इस पर भी आज तक कोई काम नहीं हो पाया और महो के साथ-साथ अब खुला घूम रहा गोवंश भी किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहा है। जिसके चलते किसानों का नुकसान हो रहा है और किसान परेशान है।

### जिलाधिकारी ने राजकीय आईटीआई चन्दौसी में मतदान बूथों का विस्तृत निरीक्षण किया



**चन्दौसी।** सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी में आगामी चुनावों को दृष्टिगत मतदान बूथों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

उन्होंने भाग संख्या 133 से 138 तक के बूथों की सूची, व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद बीएलओ एवं नगरपालिका के सभासदों से बूथों की स्थिति, मतदाता सूची, प्रकाश व्यवस्था, रैंप, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी डॉ. पैंसिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बूथों पर मतदाता सूची अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए, ताकि मतदाताओं को अपने नाम की पुष्टि करने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने यह भी कहा कि बूथ परिसर साफ-सुथरा रहे और दिव्यांगजन तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्त तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

### आर्म्स एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना असमोली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 17/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में वारण्टी अभियुक्त मुस्तफा पुत्र मौ0 अली निवासी ग्राम शहबाजपुर कला थाना असमोली जिला संभल को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया।

# महिलाओं व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया।

विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# भाकियू की बैठक में पदाधिकारियों ने नागेंद्र के सिर पर रखा छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष का ताज, दूसरे पक्ष ने अवैध बताते हुए कहा दो-तीन दिन में हो जाएगी स्थिति साफ

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन टिकैत में ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर चल रही रस्साकसी के चलते आज किसान भवन पर आयोजित बैठक में रमपुरा निवासी नागेंद्र सिंह को छजलैट ब्लॉक का अध्यक्ष घोषित कर दिया गया और 10 मीटर लंबी पड़ी उनके सर पर बांधी गई। दूसरे पदाधिकारियो ने इसे अवैध बताते हुए दो-तीन दिन में स्थिती साफ किए जाने की बात कही है। बतादे कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत में ब्लॉक अध्यक्ष के निधन के उपरांत खाली चल रहे पद पर उन्हीं के बेटे अंगद चौधरी को बैठाया गया था भरी सभा के बीच अंगद के सिर पर पगड़ी बांधी गई आज किसान भवन पर मासिक बैठक से एक दिन पहले जिला महासचिव यशपाल सिंह चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष सुदेश मुखिया के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नागेंद्र को छजलैट ब्लॉक से अध्यक्ष घोषित कर दिया गया बैठक में गन्ना सचिव खेत सिंह को उप जिला अधिकारी को प्रेषित ज्ञापन सोपा गया और मिलो पर अलग-अलग केंद्र के हिसाब से गन्ना मूल्य अलग-अलग दिए जाने का आरोप लगाया। बताया गया कि खलीलपुर स्थित दीवान शुगर मिल के केंद्र पर 395 रुपए 80 पैसे गन्ना मूल्य किसानों को मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ स्योहारा मिल के गन्ना केंद्र पर 388 मूल्य किसानों को मिलता है।



इसी तरह सदरपुर कुरी रवाना आदि क्रय केंद्रों पर एक ही गांव के किसानों को 7.80 पैसे प्रति कुंतल अवध शुगर मिल स्योहारा द्वारा कम मूल्य दिया जा रहा है। बैठक में गन्ना केंद्रों पर किसानों के साथ चल रही घटतौली को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की गई। जिला महासचिव चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि गांव गांव जल निगम द्वारा सड़के तोड़ दी गई है इन सड़कों को ठीक करने में प्रधान को 10 सालों से भी ज्यादा समय लग जाएंगा ऐसी स्थिति में गांव के विकास की बात करना बेमानी है मोढ़ा तय्या गांव स्थित रेलवे कंटेनर डिपो के लिए किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है पक्की सड़कों के किनारे की जमीन को कच्ची दिखाकर मुआवजे का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। पाइप लाइन वाले गाटों में खनन परमिशन को निरस्त कराये जाने की मांग की गई। इस मौके पर जिला महासचिव चौधरी यशपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष सुदेश मुखिया सुरेंद्र सिंह पूर्व प्रधान दीपेंद्र सिंह शीशपाल सिंह समरपाल सिंह हरपाल सिंह सुशील यादव जितेंद्र सिंह रामकुमार सिंह राजेंद्र सिंह चरण सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन चौधरी यशपाल सिंह और अध्यक्षता चौधरी शीशपाल सिंह की रही।

# टिमिट ने किया हरिद्वार स्थित स्वावलंबन केंद्र का शैक्षिक भ्रमण आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मरादाबाद।** मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा एमबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 29 नवम्बर 2025 को हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के "स्वावलंबन केंद्र" का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार, नवाचार तथा सामाजिक उद्यमिता की व्यवहारिक समझ प्रदान करना रहा।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्वावलंबन केंद्र में संचा. लित विभिन्न गतिविधियों, जैसे कुटीर उद्योग, कौशल विकास कार्यक्रम, आत्मनिर्भर उद्यम मॉडल तथा वैल्यू-बेस्ड बिजनेस प्रैक्टिसेज का गहन अवलोकन किया। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि सीमित संसाधनों में किस प्रकार टिकाऊ एवं समाजोपयोगी व्यावसायिक मॉडल विकसित किए जा सकते हैं।इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने शैक्षिक भ्रमण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "कक्षा-कक्षीय शिक्षा के साथ-साथ ऐसे शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। स्वावलंबन केंद्र जैसे संस्थान विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। यहां प्राप्त अनुभव विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करता है, जो भविष्य में उन्हें एक सफल एवं संवे. दनशील प्रबंधक बनने में सहायक सिद्ध होगा।" उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के अनुभवों को अपने करियर निर्माण में आत्मसात करें।शैक्षिक भ्रमण के समापन पर विद्यार्थियों ने इसे ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और व्यावहारिक सीख से भरपूर बताते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं टिमिट के प्रति आभार व्यक्त किया।



# एसएम कॉलेज में प्राचार्य-प्रबंधतंत्र विवाद

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने की संस्तुति

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में आयोग चयनित नियमित प्राचार्य तथा महाविद्यालय प्रबंधतंत्र के बीच चल रहे विवाद पर उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने गंभीर रुख अपनाते हुए कॉलेज में प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने की संस्तुति की है। यह निर्णय प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार की शिकायत पर हुई सुनवाई में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल की न्यायपीठ ने की। न्यायपीठ ने 25 अगस्त 2025 को निर्णय लिया, जिसे 04 दिसंबर 2025 को जारी किया गया। आयोग ने पाया कि प्रबंधतंत्र की हठधर्मिता, निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता तथा असहयोगात्मक रवैया महाविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुशासन को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। साथ ही यह भी माना गया कि शिकायतकर्ता डॉ. प्रवीण कुमार को नियमानुसार वेतन/जीवन निर्वाह भत्ता नहीं दिया जा रहा है और उनके महाविद्यालय में प्रवेश पर अवैधानिक रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा निदेशक तथा शासन के स्पष्ट आदेशों का प्रबंधतंत्र, प्राचार्य और सचिव द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा। विश्व. विद्यालय द्वारा 30 अप्रैल 2025 को डॉ. प्रवीण कुमार की निलंबन/बर्खास्तगी को निरस्त कर उन्हें बहाल करने तथा कर्तव्य निर्वहन का निर्देश दिया गया था, लेकिन प्रबंधतंत्र ने इन आदेशों पर अमल नहीं किया। पुलिस विभाग की जांच रिपोर्ट में भी यह स्पष्ट हुआ कि शिकायतकर्ता के विरुद्ध लगाया गया यौन उत्पीड़न का आरोप असत्य और साजिशन था। 09 मार्च 2025 और 28 अप्रैल 2025 की पुलिस जांच रिपोर्टों में आरोपों को खारिज करते हुए मामले को समाप्त कर दिया गया। आयोग ने इसे प्रबंधतंत्र द्वारा किया गया मानसिक, शारीरिक, आर्थिक और सामाजिक उत्पीड़न माना। महाविद्यालय प्रबंधतंत्र एवं कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा आयोग की सुनवाई में उपस्थिति न होना, आवश्यक दस्तावेज न प्रस्तुत करना, न विश्वविद्यालय के आदेशों का पालन करना और न ही शिकायतकर्ता को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने देना, आयोग ने इसे अत्यंत गंभीर माना है। आयोग ने कहा कि प्रबंध समिति की मनमानी और अवैधानिक कदमों से महाविद्यालय में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। आयोग ने प्रमुख सचिव (उच्च शिक्षा), शिक्षा निदेशक, कुलपति, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक संभल को आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने और डॉ. प्रवीण कुमार को निलंबन की तिथि से देय वेतन का तत्काल नियमित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया गया है।

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि उच्च अधिकारियों द्वारा आयोग के आदेशों पर कितनी शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की जाती है। पीडिघ्त पक्ष को उम्मीद है कि लंबे समय से चल रहे उत्पीड़न, अवैधानिक कृत्यों तथा असहयोगात्मक रवैये पर अब अंकुश लगेगा और उन्हें न्याय मिलेगा।

### स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरीमेंटल लर्निंग-3.0 के तहत कोतवाली में गोष्ठी आयोजित

**चन्दौसी।** थाना एएचटी जनपद सम्भल में सोमवार को इस्पेल 3.0 के नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी बहजोई डा0 प्रदीप कुमार के निर्देशन में पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरीमेंटल लर्निंग-3.0 के सुचारु क्रियान्वयन हेतु थाना चन्दौसी पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम हेतु जनपद के चयनित कॉलेज में एस.एम. कॉलेज चन्दौसी, बहजोई महाविद्यालय, जी डी कॉलेज हयातनगर, एमजीएम कॉलेज सम्भल, केकेएस महाविद्यालय नरौली, केके एस महाविद्यालय हजरतनगरगढ़ी, एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज चन्दौसी, मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चन्दौसी और बाबूराम सिंह भय सिंह मेमोरियल कॉलेज बबराला आदि से कुल 113 छात्र-छात्राएँ प्रतिभागी रहे। प्रत्येक संबंधित थाने से नोडल अधिकारी एसएसआई गिरीश गंगवार, एसआई देवेंद्र कुमार, एसआई रेनू राठी, इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, एसएसआई रोशन एलिज, एसआई राकेश कुमार तथा कॉलेजों से डॉ. विशेष पाण्डेय, मीनाक्षी सागर, ज्योत्सना शर्मा, प्रियंका, शीतल, गीता, मुजा. हिद, हरवीर आदि शिक्षकों ने छात्रों के साथ प्रतिभाग किया। गोष्ठी मे स्पेल के उद्देश्यों व प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया। छात्रों को पुलिसिंग का वास्तविक अनुभव, अनुशासन, जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और कानून के प्रति सम्मान विकसित करने का अवसर दिया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना, पुलिस-जनता के बीच विश्वास बढ़ाना, नशा विरोध, साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों की जानकारी, महिला सुरक्षा, समुदाय पुलिसिंग और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करना है। छात्रों को ड्रिल, परेड, कानून-व्यवस्था की समझ, ट्रैफिक प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, थाने व नियंत्रण कक्ष का भ्रमण, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और सामाजिक सेवा से जुड़े प्रयोगात्मक चरणों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कार्यक्रम अनुभवात्मक व सामाजिक सेवा चरण पर केंद्रित है, जिससे छात्र वास्तविक पुलिसिंग को नजदीक से समझ सकें। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को आपातक. ालीन सहायता हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 112, 1076, 181, 1090, 1098 व 108 के बारे में भी अवगत कराया गया।



# टीएमयू नर्सिंग ब्रह्मोत्सव में अग्नि ओवरऑल चैंपियन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग और तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव- ब्रह्मोत्सव-2025 में अग्नि टीम ओवर ऑल चैंपियन रही।

ओवर ऑल चौंपियनशिप का खिताब स्पोर्ट्स और क्लचरल इवेंट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर दिया गया। अग्नि टीम को डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने विजेता ट्राफी देकर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिताओं में वायु टीम ने सर्वाधिक 09 गोल्ड, 07 सिल्वर और 05 ब्रॉन्ज मेडल, नीर टीम ने 08 गोल्ड, 06 सिल्वर और 07 ब्रॉन्ज, अग्नि टीम ने 06 गोल्ड, 07 सिल्वर और 07 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, नर्सिंग कॉलेज, मुरादाबाद की प्रिंसिपल डॉ. जसलीन एम., नर्सिंग कॉलेज, अमरोहा की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास सिंह आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर इससे पूर्व टीएमयू के रिद्धि-सिद्धि भवन में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग सांस्कृतिक प्रोग्राम्स का शुभारम्भ हुआ। इस सुअवसर पर टीएमयू हॉस्पिटल में मनोचिकित्सा विभाग की प्रो. प्रेरणा गुप्ता, सीटीएलडी के उपनिदेशक डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में टीम अग्नि का भी जलवा रहा। फेस पेंटिंग में अग्नि के अमन कुमार विजेता रहे, जबकि टीम अग्नि की नगी थियानहोई दूसरे स्थान पर रही।

पॉट पेंटिंग में टीम आकाश की सोनिया रानी प्रथम और टीम अग्नि की निधि रानी द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में टीम वायु की अशिया, हिमांशी और शिवानी संयुक्त रूप से विजेता रही, जबकि टीम अग्नि की वंशिका, निधि, नूर और प्रज्ञा सेकेंड स्थान पर रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में टीम वायु के सचिन विजेता रही। टीम वायु के सफा तारिक दूसरे, जबकि टीम अग्नि की कामना तीसरे स्थान पर रही। कार्ड मेंकिंग में टीम अग्नि के नगी थियानहोई, प्रज्ञा शर्मा और सोनाक्षी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सोलो डांस में टीम अग्नि की केंजल अव्वल रही, जबकि उत्तरेक्शा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डुएट डांस में वायु के शिवम एंड सिमरन विजेता रहे और अग्नि के उदित एंड जेस्मिन सेकेंड स्थान पर रहे। सोलो सिंगिंग में आकाश टीम के आयुष प्रथम, जबकि नीर टीम के अंकुर द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप डांस में अग्नि टीम के किरणजीत एंड समूह विजेता रहा। आकाश टीम की रिया एंड समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संच. ालन मिस पवित्रा और वैष्णवी ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर्स-श्री सतीश प्रजापति, श्री रितिक कुमार, श्री विनय लाल, श्रीमती पूजा झा के साथ साथ प्रो. जितेन्द्र सिंह, डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. अनुषी सिंह, डॉ. सुमन वशिष्ठ, प्रो. विजी मोल, श्री वेदमूर्ति, श्री गौरव कुमार, प्रो. वरुण तोषनीवाल, श्री मुकुल सिंह, मिस शालू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।





**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र राजू व उसकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी जय सिंह निवासी भदौड़ा निकट शिव मंदिर थाना कटघर जिला मुरादाबाद।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने सगे छोटे भाई शमीउद्दीन को गलत संगत/गलत आचरण में पड़ने के कारण अपने सभी प्रकार के पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में शमीउद्दीन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
**शहाबुद्दीन पुत्र कयामुद्दीन निवासी कुरैशियान मस्जिद के पास फीलखाना थाना कोतवाली तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# कार्यालय नगर पंचायत ढकिया, मुरादाबाद।

**पत्रांकः**- 388/ न0पं0 ढकिया/2025-26 **दिनॉकः** 08.12.2025

**अन्तर्गत धारा-131(3) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916(2)**

सर्व साधारण एवं प्रभावित होने वाली व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद द्वारा कार्य को विनियमित तथा नियंत्रित करने सम्बन्धित प्रवृत्त उपनियम में नवीन उपविधियों शामिल करते हुए आलेख का प्रस्ताव किया है। नगर पंचायत ढकिया का कोई निवासी जिसे अधोलिखित प्रस्ताव अथवा उक्त उपनिगम के आलेख पर कोई आपत्ति हो या सुझाव देना हो तो इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के भीतर कार्यालय में आपत्ति / सुझाव लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने से सम्बन्धित उपविधियां**

नगर पंचायत ढकिया के अर्न्तगत् निवासित व्यक्तियों की सुविधाओं में अभिवृद्धि उनके अनुरक्षण व उनके स्तर में अभिवृद्धि के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 294 व धारा 299 के अधीन 'नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने के सम्बन्ध में निम्न वर्णित उपविधियों को नगर पंचायत ढकिया के द्वारा लागू किया जाता है, जोकि दिनांक 01. 04.2025 अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक, (जो भी बाद में हो) से प्रवृत्त /प्रभावी होगी।

**उपविधियाँ**

1. (1) यह उपविधियाँ नगर पंचायत ढकिया मुरादाबाद की 'नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने की उपविधि कहलायेगी।
(2) यह सम्पूर्ण नगर पंचायत ढकिया क्षेत्र में प्रवृत्त होंगी,
(3) यह उपविधि 2025 अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक, (जो भी बाद में हो) से प्रवृत्त होगी।

2. **परिभाषायें**-विषय / प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस उपविधि में -
(1) 'अधिनियम' का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 (उ.प्र. अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) से है।
(2) 'अधिशासी अधिकारी' से तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया के अधिशासी अधिकारी से है।
(3) 'चेयरपर्सन' से तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया के चैयरपर्सन/प्रशासनिक अधिकारी से है।
(4) 'अनुज्ञा' का अभिप्राय इस उपविधि के अधीन प्रदत्त 'अनुज्ञा' से है।
(5) 'वर्ष' से वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है।
(6) अनुज्ञा (लाइसेन्स) अधिकारी' का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी से है।
(7) 'निरीक्षक' का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया के ऐसे कर्मचारी से है जिसे नगर पंचायत ढकिया के बोर्ड, अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी द्वारा इस उपविधि के अन्तर्गत निरीक्षण के लिए नियुक्त किया गया हो।
(8) 'विज्ञापन/प्रचार' से तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया की सीमा में किसी भी माध्यम से किये जा रहे विज्ञापन/प्रचार से है जिसमें होर्डिंग, बैनर, कटआउट, लोकल टी0वी0 के माध्यम से, ध्वनि विस्तारक यन्त्र से, पम्पलेट/पर्चे चाहें व दीवारो पर चिपकाये जायें अथवा किसी समाचार पत्र में रखकर बंटवाये जाये, दीवार पेन्टिंग आदि से है परन्तु इसमें किसी व्यक्ति के द्वारा अपने कार्यस्थल पर/अपने कार्यस्थल की सीमा में बोर्ड होर्डिंग दीवार पेन्टिंग लगा अपने प्रतिष्ठान का नाम आदि लिखना शामिल नहीं है परन्तु अपने कार्यस्थल की सीमा से बाहर यदि कोई बोर्ड/होर्डिंग आदि लगाया जायेगा तब वह इस परिभाषा में आयेगा।
(9) ठेके का अर्थ प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य की उस अवधि से है जिसके लिये नियमानुसार प्रकाशन/विज्ञापन करके बोर्ड / प्रभारी अधिकारी के द्वारा नीलाम किया जायेगा।
**स्पष्टीकरणः**- ऐसे शब्दो और पदों को जो इस उपविधि में परिभाषित नही है किन्तु अधिनियम में प्रयुक्त हैं वही अर्थ होंगे जो नगरपालिका अधिनियम 1916 में उनके लिए दिये गये हैं।

3. नगर पंचायत के द्वारा अपने क्षेत्र में विज्ञापन/प्रचार करने वाले व्यक्ति से विज्ञापन/प्रचार का शुल्क प्राप्त करेगी जो कि निम्न प्रकार लिया जायेगा-

| | |
|---|---|
| (1) होर्डिंग/कट आउट से विज्ञापन/प्रचार करने में | 05/-रू. प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये)। |
| (2) बैनर से विज्ञापन/प्रचार करने की में | 02/-रू. प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये)। |
| (3) ग्लोसाईन बोर्ड से विज्ञापन/प्रचार करने में | 10/-रू. प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये)। |
| (4) दीवार पेन्टिंग से विज्ञापन/प्रचार करने मे | 02/-रू. प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये)। |
| (5) 2 वर्ग फुट या बड़े पोस्टर चिपकाकर विज्ञापन/प्रचार करने में | 500/-रू. प्रति सौ पोस्टर। |
| (6) 2 वर्ग फुट से कम पोस्टर चिपकाकर विज्ञापन/प्रचार करने में | 200/-रू. प्रति सौ पोस्टर। |
| (7) समाचार पत्र में पर्चे निकलवाकर विज्ञापन/प्रचार करने में | 100/-रू. प्रति हजार। |
| (8) लोकल टी.वी. पर स्लाईड लगाकर विज्ञापन/प्रचार करने मे | 500/-रू. (प्रतिमाह) 1 प्रति स्थान। |
| (9) ध्वनि विस्तारक यन्त्र से विज्ञापन/प्रचार करने में | 500/-रू. प्रतिदिन। |

उपरोक्त दरों का नवीनीकरण प्रत्येक वर्श के मार्च माह में नगर पंचायत बोर्ड के द्वारा या प्राप्त शासनादेश के अनुसार अधिशासी अधिकारी / चेयरपर्सन / प्रभारी अधिकारी के द्वारा किया जायेगा। स्पष्टीकरण (1) उपरोक्त के अतिरिक्त यदि किसी अन्य माध्यम से प्रचार/विज्ञापन किया जाता है तब उसका शुल्क निर्धारित करने का अधिकार नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को होगा। (2) उपरोक्त शुल्क केवल विज्ञापन/प्रचार का शुल्क है इसमें विज्ञापन/प्रचार सामग्री को निर्मित करने का कोई शुल्क नही है उक्त निर्माण का व्यय स्वयं पक्षकार के द्वारा वहन किया जायेगा।

4. नगर पंचायत के द्वारा विज्ञापन/प्रचार के शुल्क वसूली के लिये नियमानुसार प्रकाशन / विज्ञापन आदि करके ठेका छोडा जायेगा परन्तु यदि किसी कारणवश नगर पंचायत बोर्ड अथवा प्रभारी अधिकारी ठेका न दे सके तो बोर्ड अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी द्वारा उक्त शुल्क वसूली के लिये किसी कर्मचारी अथवा कर्मचारियों को नियुक्त किया जा सकता है।
5. ठेके की म्याद अधिकतम एक वर्ष के लिये होगी जो कि प्रत्येक स्थिति में 31 मार्च को समाप्त होगी चाहें किन्ही कारणवश ठेका 1 अप्रैल के स्थान पर कुछ समय पश्चात् ही क्यों ना छोड़ा गया हो इस सम्बन्ध में ठेकेदार को समय के सम्बन्ध में आपत्ति करने का कोई अधिकार ना होगा।
6. ठेकेदार को ठेका लेने के 15 दिवस के अन्दर शासनादेश के अनुरूप अनुबन्ध का पंजीकरण निर्धारित शुल्क पर करवाया जाना आवश्यक है जिसमें होने वाले समस्त व्यय को अदा करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी अनुबन्ध का पंजीकरण ना करवाये जाने की स्थिति में ठेका पंजीकरण के लिये निर्धारित की गई समयावधि 15 दिवस समाप्त होने के पश्चात स्वतः ही समाप्त हो जायेगा जिसके लिये निरस्तीकरण के किसी आदेश की आवश्यकता नही होगी तथा पुनः ठेका छोड़ने में होने वाली हानि को पूर्व ठेकेदार से वसूल करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा।
7. ठेकेदार ठेके की राशि के 1/2 भाग को ठेका लेते समय ही नगर पंचायत में जमा करेगा तथा शेष 1/2 धनराशि दो समान किश्तो में क्रमशः 31 जुलाई, 31 अक्टूबर, तक प्रत्येक स्थिति में जमा करेगा नगर पंचायत कार्यालय में जमा करेगा।
8. ठेके की अन्य शर्ते नगर पंचायत के द्वारा निर्धारित की जायेगी।
9. ठेकेदार अथवा नगर पंचायत कर्मचारी (जैसी भी स्थिति हो) उपरोक्त विज्ञापन/प्रचार की शुल्क वसूली उपरोक्त निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त वसूल नही करेगा।
10. ठेकेदार अथवा नगर पंचायत कर्मचारी निर्धारित प्रारूप में छपी हुई शुल्क की रसीद का ही इस्तेमाल करेगा और प्रत्येक रसीद पर क्रमांक अंकित होगा और रसीद बुक पूर्ण होने के बाद ठेकेदार/नगर पंचायत कर्मचारी रसीद बुक को नगर पंचायत कार्यालय में जमा करेगा जिसको नगर पंचायत के द्वारा पूरे वित्तीय वर्ष में सम्भाल कर रखा जायेगा।
11. ठेकेदार / नगर पंचायत कर्मचारी वसूली के लिये एक रजिस्टर भी रखेगा जिसमें प्राप्त शुल्क आदि अंकित किया जायेगा रजिस्टर पूर्ण होने के बाद ठेकदार/कर्मचारी रजिस्टर को नगर पंचायत कार्यालय में जमा करेगा जिसे नगर पंचायत में कम से कम 3 वर्षों के लिये सम्भाल कर रखा जायेगा।
12. ठेकेदार / नगर पंचायत कर्मचारी किसी निजि सम्पत्ति पर सम्पत्ति के स्वामी की सहमति के बिना विज्ञापन/प्रचार के लिये होर्डिंग/कटआउट, ग्लोसाईन बोर्ड, बैनर पर्चे आदि लगाने के लिये अनुमति नहीं देंगे।
13. ठेकेदार / नगर पंचायत कर्मचारी किसी ऐसे स्थान पर विज्ञापन/प्रचार के लिये होर्डिंग/कटआउट, ग्लोसाईन बोर्ड, बैनर पर्चे आदि लगाने के लिये अनुमति नहीं देंगे जिससे मार्ग अवरूद्ध हो रहा हो अथवा आम जनता को कोई असुविधा हो रही हो अथवा स्थल का सौन्दर्य खराब हो रहा हो।
14. ठेकेदार/नगर पंचायत कर्मचारी ऐसी सम्पत्ति पर भी विज्ञापन/प्रचार के लिये होर्डिंग/कटआउट ग्लोसाईन बोर्ड, बैनर पर्चे आदि लगाने के लिये अनुमति नहीं देंगे जिसपर आम जनता के द्वारा आपत्ति की जा रही हो।
15. ठेकेदार/नगर पंचायत कर्मचारी ऐसे किसी भी प्रचार/विज्ञापन की अनुमति नहीं देंगे जो कि भ्रामक, भडकावे वाला अथवा अन्य किसी प्रकार से अनैतिक, अश्लील अथवा कानून के विरूद्ध हो।
16. ध्वनि प्रसारक यंत्र से प्रचार/विज्ञापन अनुमति केवल दिन के 10 बजे से रात्रि के 8 बजे तक ही दी जायेगी। परन्तु परीक्षा के दिनो मे अथवा ऐसे दिनो मे जिसमे इस प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार/विज्ञापन की अनुमति देना उचित ना हो न दी जायेगी।
17. केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, नगर पंचायत के द्वारा सरकारी योजनाओ के प्रचार प्रसार के लिये किये गये विज्ञापन/प्रचार एवं ऐसे विज्ञापन/प्रचार जो किसी गुमशुदा की तलाश अथवा किसी सामाजिक उत्थान व समाज सेवा आदि के लिये बिना किसी लाभ के लिये किये जा रहे हो के लिये कोई शुल्क देय नही होगा।
18. नगर पंचायत के द्वारा छोडे गये ठेके के ठेकेदार के द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क वसूल किया जाता है अथवा अन्य ऐसा कोई कार्य किया जाता है जोकि इस उपनियम अथवा नगर पालिका अधिनियम में दिये गये प्रावधानो के विरूद्ध हो अथवा ठेकेदार के द्वारा कोई अनैतिक अथवा कानून के विरूद्ध कार्य किया जाता है तब ऐसी स्थिति में नगर पंचायत को ठेके की अवधि समाप्त होने से पूर्व ठेका निरस्त करने का अधिकार होगा।
19. कोई व्यक्ति उपनियम के किन्ही उपबंधो अथवा इन उपनियमो द्वारा उन पर आरोपित किन्ही अपेक्षाओ अथवा आभारो का उल्लंघन करता है या किसी व्यक्ति के कर्तव्य पालन मे हस्तक्षेप करता है या बांधा डालता है तो उसके विरूद्ध नगर पंचायत के द्वारा कार्यवाही की जायेगी और दोष सिद्ध होने पर उसे अर्थ दण्ड दिया जायेगा जोकि नगर पालिका अधिनियम की धारा 299 के अनुसार अंकन 1000 रू0 तक हो सकेगा तथा लगातार अपराध सिद्ध होने की दशा में उसे अतिरिक्त अर्थ दण्ड दिया जायेगा जोकि प्रथम दोष सिद्ध के दिनांक से प्रत्येक ऐसे दिनो के लिये अंकन रू0 25.00 (पच्चीस रूपये) तक हो सकता है।
20. यह कि उक्त उपविधियो मे आवश्यक संशोधन नगर पंचायत के बोर्ड के प्रस्ताव द्वारा किया जा सकेगा।
21. उपरोक्त उपविधियो मे वर्णित नियमो के विपरित कोई नियम/निर्देश शासन के द्वारा शासनादेश के माध्यम से जारी किया जाता है तब उक्त उपविधियो के प्रभाव में रहते हुऐ भी शासनादेश उपविधियो पर प्रभावी होगा और उक्त शासनादेश के विपरित उपविधि होने की स्थिति में शासनादेश मे दिये गये नियमो के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया,**
**मुरादाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकिया,**
**मुरादाबाद।**

# चन्दौसी में बढ़ती चोरी की वारदातें कई घर और लैब बने निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ठंड बढ़ते ही चोरों की सक्रियता भी लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस गश्त के बावजूद सूने घरों के ताले टूट रहे हैं और चोरी की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते चार दिनों में कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने रात के समय जमकर तांडव मचाया और पाँच घरों के ताले तोड़कर कीमती सामान व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। अभी पुलिस पहले की घटनाओं का खुलासा भी नहीं कर सकी थी कि चोरों ने दोबारा खाकी को चुनौती देते हुए नए स्थानों को निशाना बना लिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरआरके स्कूल के सामने स्थित एक लैब तथा एक फौजी के घर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यह स्थान पार्थ हॉस्पिटल से कुछ ही कदमों की दूरी पर है, जहाँ लोगों का लगातार आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद चोरों ने बेखौफ होकर मैक्स




लैब से इन्वर्टर बैटरी और अन्य कीमती सामान उड़ा लिया। इसी क्षेत्र में एक फौजी के घर में घुसकर चोरों ने नकदी पर हाथ साफ कर दिया। परिजनों के अनुसार, हाल ही में एक प्लॉट बेचा गया था और उसका पैसा घर में रखा हुआ था, जिसे किसी दूसरे प्लॉट की खरीद के लिए उपयोग किया जाना था। हालांकि पुलिस इस दावे की जांच कर रही है, क्योंकि खरीदार-विक्रेता के बीच अधिकतर लेनदेन सीधे बैंक खाते में होता है और 10 हजार से अधिक नकद लेनदेन प्रतिबंधित है। फौजी परिवार और मैक्स पैथोलॉजी की ओर से चोरी की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुं. चने का प्रयास कर रही है। यह उल्लेखनीय है कि चन्दौसी में इससे पूर्व भी चोरी की कई बड़ी घटनाएँ घट चुकी हैं। सीतारोड पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर इंस्पेक्टर रेनू सिंह के कार्यकाल में श्मशान घाट से चोर चाँदी का छत्र, जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये थी, चुरा ले गए थे। इसी क्षेत्र में चोरों ने छत के सहारे कमरे में घुसकर ओमप्रकाश क्लॉथ हाउस में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बराबर में स्थित जिम में भी सेंध लगाई गई थी। इसके अलावा पथरा के जूनियर हाईस्कूल में ताले तोड़कर मिड-डे मील के बर्तन और अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। इन घटनाओं का अब तक खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ाने, खासकर संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने और पुरानी घटनाओं का जल्द खुलासा करने की आवश्यकता है, ताकि चोरों के मन में पुलिस का भय कायम रहे।

## माता बालक की प्रथम गुरु होती है: बृजेश पाठक

**बिलारी।** कुमार कार्तिकेय भवन में चल रही सप्त दिवसीय श्री राम कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा बालक के निर्माण में माता का बहुत बड़ा हाथ होता है वह अपने बालक को जैसा चाहे वैसा बन सकती है क्योंकि मां बालक की प्रथम गुरु होती है! मां की गोद बालक की प्रथम पाठशाला होती है जहां बालक पहली बार बोलना सीखता है अतः मां का कर्तव्य है वह अपने बालक को शुभ संस्कार दे, भगवान की ओर प्रेरित करें! हमारे इतिहास में ऐसी माताएं हुई है जिन्होंने अपने मातृत्व की रक्षा की है ,भक्त ध्रुव की माता सुनीति ,चौतन्य महाप्रभु की माता शची लक्ष्मण जी की माता सुमित्रा यह ऐसी माताएं हैं जिन्होंने अपने बालकों को सद शिक्षा देकर भगवान की सेवा में समर्पित कर दिया !माता सुमित्रा ने लक्ष्मण जी से कहा श्री राम की सेवा कम पुण्यवान को प्राप्त नहीं होती है ,तुम बहुत पुण्यवान हो जो तुम्हारे मन में श्री राम की सेवा का संकल्प जागृत हुआ! जाओ और अपने जीवन को सफल करो! बालकों का संस्कारवान होना बहुत जरूरी है और यह संस्कार मां के द्वारा प्राप्त होते हैं !आज कथा के प्रारंभ में व्यास पीठ का पूजन असित गुप्ता एवं संदीप गुप्ता के द्वारा किया गया प्रसाद की व्यवस्था भी उन्हीं के द्वारा की गई सहयोग किया अखिलेश श्रीवास्तव दुष्यंत चौहान संजय जैन शिवओम गुप्ता श्रीकांत गुप्ता महेंद्र सिंह सुधीर अग्रवाल सुरेंद्र चुग नरेश कुमार गुप्ता अलंकार विजेंद्र चौहान रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव में अध्यक्ष बने अविनाश व सचिव बने जहांगीर, तहसील सभागार में हुआ चुनाव

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव में सर्वसम्मति के साथ अविनाश यादव को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सचिव पद को लेकर चुनाव हुआ। जिसमें सभी लेखपालों ने अपने वोट डाले। जहांगीर हुसैन को 38 वोट मिले। उन्हें सचिव मनोनीत किया गया, इसके अलावा अन्य पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। बिलारी के तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव में सबसे पहले अध्यक्ष अविनाश यादव को चुना गया। जिस पर सभी ने निर्विरोध चुने जाने पर उन्हें बधाइयां दी, सचिव पद पर दो दावेदार सामने आए जिसमें कपिल कुमार और जहांगीर हुसैन थे, लिहाजा दोपहर तक वोटिंग हुई। कपिल कुमार को 27 वोट मिले जबकि जहांगीर हुसैन को 38 वोट मिले। उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष नाजिया सुल्तान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हरिओम, सचिव जहांगीर हुसैन, उप सचिव सुमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुशल चौधरी, ऑडिटर कुमारी निक्की चौहान को चुना गया। ठाकुरद्वारा लेखपाल संघ के सचिव हिमांशु सिंह को चुनाव अधिकारी घोषित किया गया था। इसके अलावा संजीव सहरावत भी चुनाव अधिकारी बने, उनकी मौजूदगी में चुनाव संपन्न हुआ। इस मौके पर भारी तादात में लेखपाल संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे कार्यकारिणी की घोषणा के बाद जिला अध्यक्ष व जिला मंत्री के अलावा अधिकारियों को सूची भेजी गई।

## बच्चों के विवाद में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, पुलिस से की शिकायत

**कुन्दरकी।** थाना कुन्दरकी के निकटवर्ती गांव पंडिया में बच्चों के बीच हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी अरशद के बेटे की पड़ोसी राशिद के बेटे से कहासुनी हो गयी। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घायल देर शाम कुन्दरकी सीएचसी मेडिकल परीक्षण के लिए पहुंचे। वहीं गांव बाकीपुर में चुनावी रंजिश के चलते मारपीट की गई, पीड़ित ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।



## दहेज न लाने पर विवाहिता की पिटाई, तीन तलाक बोलकर घर से निकाला, पुलिस को दी तहरीर

**भगतपुर।** जनपद के भगतपुर थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। रामपुर जनपद के थाना टांडा क्षेत्र के भोला नगला निवासी अमीरज. हां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 4 मार्च 2024 को नौशाद निवासी उदावला, थाना भगतपुर से हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष उसके पिता द्वारा दिए गए दहेज से असंतुष्ट थे और आए दिन दहेज की मांग को लेकर गाली-गलौज व मारपीट करते थे।पीड़िता के अनुसार, 5 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 10 बजे पति नौशाद ने उससे दहेज में कार लाने की मांग की। पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर बताकर मना करने पर पति ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद सास हमशीरन, ससुर समशाद और ननद अर्शी ने भी उसे पीटा। पीड़िता ने किसी तरह जान बचाई। वह बताती है कि पिटाई के बाद उसके पति ने उसे तीन बार "तलाक" कहकर संबंध खत्म करने की घोषणा कर दी और घर से निकाल दिया।शरीर पर चोटों के निशान होने की बात कहते हुए अमीरजहां ने प्रभारी निरीक्षक भगतपुर से प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष-2007 अनुक्रमांक 0678778 का सह अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**निखिल कुमार पुत्र सुभाष चंद्र ग्राम दौलतपुरी डिलारी पोस्ट आलियाबाद थाना डिलारी मुरादाबाद।**
**मोबाइल नंबर-8218397866**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SHAMEEM AHMAD S/O AZIZULLAH से बदलकर SHAMEEM AHAMAD S/O AZIZULLA कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
**शमीम अहमद पुत्र अजीजुल्ला मौहल्ला मंझोली अफजलगढ़, जिला बिजनौर**

## आईएफटीएम में 'स्वस्थ मन, मजबूत शरीर' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट की ओर से विद्यार्थियों को शारीरिक फिटनेस एवं पूर्ण जीवन-शैली, मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्वास्थ्य की सही जानक. ारी देने के उद्देश्य से "स्वस्थ मन, मजबूत शरीर" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि योग आपका साथी है तथा बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर जीवन के लिए योग अपनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी 'योग और वेलनेस' को अपने जीवन में अपनाएं, स्वस्थ रहें, संतुलित रहें, और खुश रहें। वहीं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ मन, तथा मजबूत शरीर कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। यदि आप रोज 5 मिनट भी योग करेंगे, तो दिनभर आपका शरीर हल्का, मन शांत और विचार स्पष्ट रहेंगे। उन्होने कहा कि कॉलेज का जीवन चुनौतियों, दबाव और निरंतर व्यस्तता से भरा होता है, ऐसे में योग और वेलनेस आपके लिए ऊर्जा, शांति और संतुलन का सबसे सरल और सशक्त मार्ग बन



सकते हैं। योग से शरीर, मन, सांस, और भावनाओं का एक सुंदर मिलन होता है। योग हमें सिखाता है कि "वर्तमान में रहें, संतुलित रहें." और यही कल्याण का आधार है। यह सिर्फ शरीर को नहीं, बल्कि मन और भावनाओं को भी स्थिर करता है। इस कार्यशाला में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के 60 से अधिक छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान का असरः दुकानदार स्वयं हटा रहे अतिक्रमण

**चन्दौसी।** नगर में सड़कों पर दुक. ानदारों द्वारा किए गए स्थायी अतिक्रमण के कारण सफाई कार्य प्रभावित हो रहा था। सफाईकर्मियों को कचरा उठाने और सड़कें साफ करने में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए हाल ही में नगरपालिका द्वारा पुलिस बल के साथ विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दो दिनों तक घंटाघर से ब्रह्म बाजार होते हुए सीतारोड तक कार्रवाई की गई, जिसमें बुल्डोजर की मदद से कई अवैध अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान व्यापारी नेताओं ने उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया था कि नगरपालिका दुकान सीमा चिह्नित करवा दे, ताकि वे स्वेच्छा से अपने अतिक्रमण हटा सकें। इसी के बाद रोजाना माइक रिक्शे के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है कि अतिक्रमण



करने वाले स्वयं कब्जा हटाएँ, अन्यथा नगरपालिका सख्त कार्रवाई करेगी। अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब दिखाई देने लगा है।

कई दुकानदार स्वयं आगे आकर अपने अतिक्रमण हटाने में जुट गए हैं। नगरपालिका के अनुसार, स्वैच्छिक सहयोग बढ़ने से सड़कों पर अव्यवस्था कम होगी और सफाई व्यवस्था में भी सुधार आएगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि कुछ लोग फिर भी नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटने से यातायात सुगम होगा और बाजारों में पहले जैसी भीड़भाड़ की समस्या कम होने लगेगी।




# टी-20 मुकाबले में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी भारतीय टीम

**● भारतीय टीम आज दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच खेलेगी**

**कटक, वार्ता।** भारतीय टीम मंगलवार को बाराबती स्टेडियम की रोशनी में हालिया फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज आश्चर्यचकित कर सकते है। भारत कल आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा। इस साल के एशिया कप में अजेय रहने और ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ, उनमें आत्मविश्वास और दम दोनों हैं। इस प्रारुप में एक विश्व चैंपियन टीम, वे विस्फोटक बल्लेबाजी को एक विविध और खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के साथ मिलाते हैं। अभिषेक शर्मा, जो हमेशा शीर्ष पर एक जीवंत चिगारी रहे हैं, पावरप्ले में लय सेट करने का प्रयास करेंगे। शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच में स्थिरता के साथ स्ट्राइक रोटेट करने और शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

वहीं अगर निचले क्रम की बात की जाए तो हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और शिवम दुबे, या हर्षित राणा, वह गहराई और फिनिशिग टच देते हैं जो कुछ ही पलों में खेल का रुख बदल सकता है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण गति, स्विग और स्पिन का एक संगम है। जसप्रीत बुमराह, जो शायद दुनिया के सबसे धारदार तेज गेंदबाजों में से एक हैं, आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें अर्शदीप सिंह अपनी चतुराई और सटीकता से उनका साथ देंगे। कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपनी स्पिन वैरायटी से किसी भी बल्लेबाजी को मुश्किल में डाल सकते हैं। वहीं अगर दक्षिण अफ्रीका की बात की जाए तो वह हाल के टी-20 में उतार-चढ़ाव वाली फॉर्म के साथ आई है, जिसे पाकिस्तान और नामीबिया से हार का सामना करना पड़ा है। वे क्विटन डी कॉक और एडन मारक्रम के अनुभव पर भरोसा करेंगे ताकि शुरुआत में ही लय बनाई जा सके, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और डेवाल्ड ब्रेविस पर बीच के ओवरों में पारी को संभालने की जिम्मेदारी होगी। निचले क्रम में, डेविड मिलर और यानसन जैसे खिलाड़ी तेजी से रन जोड़ सकते हैं, लेकिन मेहमान टीम जानती है कि वे धीमी शुरुआत का जोखिम नहीं उठा सकते। दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी की अगुवाई खतरनाक एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी कर रहे हैं। वे अपनी गति और सटीकता से मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते है। यानसन की उछाल और अतिरिक्त तेजी एक और रोमांच जोड़ती है, लेकिन द. अफ्रीका को यहां सफल होने के लिए, भारत की बल्लेबाजी फॉर्म के खिलाफ उनका प्रदर्शन शानदार करना होगा। बाराबती स्टेडियम में आमतौर पर एक अच्छी पिच होती है, जिसकी बाउंड्री 65 से 70 मीटर के बीच होती है। लाइट्स में लाल मिट्टी की पिच अतिरिक्त गति और उछाल दे सकती है, जबकि शाम की ओस लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के पक्ष में हो सकती है। एक प्रतिस्पर्धी स्कोर 180-190 रन के आसपास रहने की संभावना है। ऐतिहासिक रूप से, भारत का टी-20 में द. अफ्रीका के खिलाफ पलड़ा भारी रहा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दूसरे वनडे में धीमे ओवर रेट पर भारत पर लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने भारत पर रायपुर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में धीमी ओवर-रेट के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अमीरात आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने यह कार्रवाई की, जब केएल राहुल की टीम समय में छूट के बाद भी दो ओवर पीछे रह गई थी। आईसीसी खिलाड़ियों और खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर हर उस ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है जो उनकी टीम निर्धारित समय में नहीं फेंक पाती है।

### साइकिलिस्ट खोइरोम रेजिया देवी ने जीता स्वर्ण पदक

**जयपुर, वार्ता।** केआईआईटी यूनिवर्सिटी की मणिपुरी साइकिलिस्ट खोइरोम रेजिया देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान - 2025 में महिलाओं की तीन किलोमीटर व्यक्तिगत परस्यूट का स्वर्ण पदक जीता। रेस खत्म होते ही रेजिया की खुशी देखते ही बनती थी। उन्होंने साई मीडिया से कहा कि मीनाक्षी चैंपियन एथलीट है। उसे हारना पसंद नहीं है और मुझे भी नहीं। मैंने अपनी जिदगी में इतनी उपेक्षाएं झेली हैं कि अब मैं हमेशा उपलब्धियों के लिए भूखी रहती हूं। इस जीत से मैंने खुद को, और उन सभी लोगों को जवाब दिया है जिन्होंने कभी कहा था कि मैं यह नहीं कर सकती। 3 किमी परस्यूट में उससे बेहतर कोई एथलीट नहीं है, इसलिए उसे हराना मेरे लिए खास उपलब्धि है। 2019 में चयन संबंधी उपेक्षाओं के कारण सेपाक टकरॉ छोड़कर साइक्लिंग अपनाने वाली रेजिया ने शुरुआती दिनों में जितनी निराशा, अस्वीकार और मानसिक तनाव झेला, उतना शायद ही कोई खिलाड़ी सह सके।

# शाकिब अल हसन ने टेस्ट व टी-20 से संन्यास वापस लिया

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में खेलने की इच्छा व्यक्त करते हुए टेस्ट और अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से अपना संन्यास वापस ले लिया है। शाकिब ने एक साल से अधिक के समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली है और पिछले साल ही उन्होंने टेस्ट और टी-20 से संन्यास लिया था। शाकिब ने मोईन अली के पॉडकास्ट में बात करते हुए कहा कि मैं आधिकारिक तौर पर सभी प्रारूपों से रिटायर नहीं हुआ हूं। यह पहला मौका है जब मैं इसका खुलासा कर रहा हूं। मेरी योजना बंगलादेश जाकर एकदिवसीय, अंतर्राष्ट्रीय टी-20 और टेस्ट की एक पूरी सीरीज खेलने के बाद रिटायर होने की है। उन्होंने कहा कि मैं एक ही



सीरीज में सभी प्रारूपों से रिटायर हो सकता हूं। इसकी शुरुआत टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट या फिर टेस्ट, वनडे और टी-20 से हो सकती है। दोनों ही तरह मैं संतुष्ट हूं, लेकिन मैं एक पूरी सीरीज खेलकर ही रिटायर होना चाहता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बंगलादेश लौटेंगे तो शाकिब ने कहा कि मुझे उम्मीद है। इसीलिए मैं टी-20 लीग्स में खेल रहा हूं। मुझे लगता है कि ए होगा। मुझे लगता है कि जब एक खिलाड़ी कुछ कहता है तो वह अपने शब्दों के साथ रहने का प्रयास करता है। अचानक वे इसमें बदलाव नहीं करते हैं। इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैं अच्छा खेलूंगा या नहीं। उसके बाद मैं एक खराब सीरीज खेल सकता हूं, यदि मैं खेलना चाहूं। लेकिन मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि ए पर्याप्त है। ए उन फैंस को अलविदा कहने का अच्छा तरीका होगा जिन्होंने मुझे हमेशा सपोर्ट किया है। घरेलू सीरीज खेलकर उन्हें कुछ वापस दिया जा सकता है। गेंदबाजी एक्शन को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं थोड़ा जानबूझकर ऐसा कर रहा था क्योंकि मैंने एक ही मैच में 70 से अधिक ओवर डाल दिए थे।

# गिल-पांड्या पूरी तरह फिट: सूर्यकुमार




**● गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में अकड़न हो गई थी**

**कटक, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से पहले कहा कि शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या पूरी तरह से स्वस्थ तथा फिट हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि दोनों 'गिल और पांड्या' स्वस्थ और फिट दिख रहे हैं। गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में अकड़न हो गई थी, जबकि हार्दिक सितम्बर में एशिया कप के दौरान लगी क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण बाहर थे।

गिल चोट के बाद से अभी तक नहीं खेले हैं, लेकिन हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वापसी की। बड़ौदा के लिए खेलते हुए, उन्होंने हर मैच में एक विकेट लिया, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने दोनों बार चार ओवर फेंके। बल्ले से, पंजाब के खिलाफ 42 गेंदों में उनके 77 रन नाबाद ने उनकी टीम को 223 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। भारतीय कप्तान ने कहा कि आपने एशिया कप में भी देखा था, जब वह 'हार्दिक' नई गेंद से गेंदबाजी कर रहे थे, तो उन्होंने प्लेइंग इलेवन के संबंध में हमारे लिए बहुत सारे विकल्प, कॉम्बिनेशन खोल दिए थे। यही वह टीम में लाते हैं। उनका अनुभव, जिस तरह से उन्होंने सभी बड़े मैचों, सभी आईसीसी, एसीसी स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि वह अनुभव बहुत काम आएगा और उनकी मौजूदगी निश्चित रूप से टीम को अच्छा संतुलन मिलेगा। गिल के टीम में वापस आने के साथ सूर्यकुमार ने यह स्पष्ट किया कि संजू सैमसन को मिडिल ऑर्डर में जगह के लिए जितेश शर्मा से मुकाबला करना होगा। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि ओपनर्स को छोड़कर सभी बल्लेबाजों को ऑर्डर में अपनी स्थिति के संबंध में लचीला होना होगा। उन्होंने कहा कि जब संजू टीम में आए, तो उन्होंने ऑर्डर में ऊपर बल्लेबाजी की। अब बात यह है कि ओपनर्स के अलावा, सभी को लचीला होना होगा। जब उन्होंने पारी की शुरुआत की तो उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन शुभमन ने उनसे पहले श्रीलंका सीरीज में खेला था, इसलिए वह उस जगह के हकदार हैं। लेकिन हमने संजू को मौके दिए। वह किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार है जो वास्तव में एक खिलाड़ी को नंबर तीन से छह तक कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए लचीला देखना अच्छा है। यही एक बात मैंने सभी बल्लेबाजों से कही है कि ओपनर्स के अलावा, सभी को बहुत लचीला होना होगा। दोनों 'सैमसन और जितेश' टीम की योजनाओं में शामिल हैं। इन दोनों जैसे शानदार खिलाड़ी टीम में होना हमेशा अच्छा होता है। एक ओपनिग कर सकता है।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने वेल्स को हराया




**● भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हिना बानो ने 14वें सुनेलिता ने 24वें व इशिका ने 31वें मिनट में गोल किए**

**चिली, वार्ता।** भारतीय टीम ने महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 के नौ से 16वें क्लासिफिकेशन मुकाबले में वेल्स को 3-1 से हराया। सैंटियागो में सेंट्रो डेपोर्टिवो डी हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हिना बानो ने (14वें), सुनेलिता टोप्पो ने (24वें), और इशिका ने (31वें) मिनट में गोल किए, जबकि वेल्स के लिए एकमात्र गोल एलोइस मोटने (52वें) मिनट में किया। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रामक तरीके से की, पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। भारत ने नियमित अंतराल पर मौके बनाए लेकिन शुरुआती गोल जल्दी नहीं कर पाया। वेल्स को पेनल्टी स्ट्रोक से बढ़त बनाने का अवसर मिला था, लेकिन निधि ने शानदार बचाव करते हुए उनके प्रयास को विफल कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिर में साक्षी राणा के शानदार खेल के बाद हिना बानो के टैप-इन से भारत आखिरकार डेडलॉक तोड़ने में कामयाब रहा। अपनी बढ़त को दोगुना करने के प्रयास में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर के साथ दबाव बनाए रखा। भारत लगातार मौके बनाता रहा और अपनी कोशिशों का फल मिला, साक्षी राणा के शुरुआती शॉट के बाद गेंद सुनेलिता टोप्पो के पास आई, जिन्होंने करीब से कोई गलती नहीं की और बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही भारत ने अपनी बढ़त को 3-0 कर दिया, जब वेल्स गोलकीपर से रिबाउंड होकर गेंद इशिका के पास आई और उन्होंने गोल कर दिया। ज्योति सिंह की टीम ने खेल की गति को नियंत्रित किया, लाइनों के बीच खेलकर और दबाव बनाते हुए वेल्स की रक्षा पंक्ति को परेशान किया। भारत ने मौके बनाना जारी रखा, वेल्स को अपने ही हाफ में धकेल दिया और तीसरे क्वार्टर को खत्म किया और आखिरी पीरियड में भी गेंद पर दबदबा बनाए रखा। वेल्स को दूसरे छोर पर एक मौका मिला और एलोइस मोट ने इसका फायदा उठाया, अपनी टीम के लिए एक गोल किया।

# टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान टीम में नहीं होगा कोई बड़ा बदलाव: सलमान आगा

**● आईसीसी के अनुसार पाक टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले टीम में कोई बड़े बदलाव की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि हर किसी को उसकी भूमिका बता दी गई, हम उसी के साथ आगे बढ़ेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, पाकिस्तान टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा, क्योंकि इस साल की शुरुआत में सलमान के टी-20 कप्तान बनने के बाद से टीम ने सबसे छोटे फॉर्मेट में हाल ही में सफलता हासिल की है। एशियाई टीम ने हाल ही में जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर त्रिकोणीय जीती थी और सलमान को उम्मीद है कि वहां खेलने वाली टीम के अधिकतर खिलाड़ी अगले साल सात फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्व. कप के 10वें संस्करण में भी टीम का हिस्सा होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक पॉडकास्ट में सलमान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि विश्व कप से पहले कोई बड़ा बदलाव होगा, यही संयोजन रहेगा। सभी खिलाड़ियों को उनकी भूमिका बता दी गई हैं, और हम इन्हीं भूमिका के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप से पहले छह मैच बचे हैं, हमें लगातार अच्छा खेलना होगा। हम इन छह मैचों में बड़े बदलाव नहीं कर सकते। सलमान जिन छह मैचों का जिक्र कर रहे हैं, उनमें से तीन मैच जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घर से बाहर होंगे, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को आखिरी रूप दे रही है, जिसमें पाकिस्तान को ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत, अमेरिका, नीदरलैंड्स और नामीबिया के साथ रखा गया है। अगर पाकिस्तान त्रिकोणीय में शामिल अपनी टीम के अधिकतर खिलाड़ियों के साथ रहता है, तो यह पूर्व कप्तान बाबर आजम और मुख्य तेज गेंदबाज नसीम शाह के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि ए दोनों उन खिलाड़ियों के ग्रुप में शामिल थे जिन्हें उस समय के बाद मैचों के लिए वापस बुलाया गया था। सलमान ने कहा कि हम इस ग्रुप के साथ छह महीने से खेल रहे हैं और नतीजे आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हम 2026 का टी-20 विश्व कप और फिर 2027 का एकदिवसीय विश्व कप जीतें। दोनों विश्व कप जीतना मेरा सपना है, अगर ऐसा होता है, तो मुझे बहुत खुशी होगी। उन्होंने ने कहा कि अभी के लिए, पाकिस्तान मेरी कप्तानी में टी-20 विश्व कप खेलेगा।

# बडौदा ने सर्विसेज को 13 रनों से हराया

**हैदराबाद, वार्ता।** अमित हरिराम पासी (114) की विस्फोटक शतकीय पारी के दम पर बडौदा ने सोमवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सर्विसेज को 13 रनों से शिकस्त दी। बडौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सर्विसेज के खिलाफ पांच विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बडौदा के लिए अमित हरिराम पासी ने 55 गेंदों में 10 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 114 रनों की शतकीय पारी खेली। शाश्वत रावत (14), कप्तान विष्णु सोलंकी ने (25), शिवालिक शर्मा (16), निनाद रथ्वा (12) रनों का योगदान दिया। भानु पनिया 15 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। सर्विसेज के लिए अभिषेक तिवारी ने तीन विकेट लिए। मोहित राठी और रवि चौहान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सर्विसेज, बडौदा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 208 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। सर्विसेज के लिए कुंवर पाठक और रवि चौहान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। नौवें ओवर में महेश पिठिया ने कुंवर पाठक को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कुंवर पाठक ने 29 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए (51) रन बनाए। इसके अलावा रवि चौहान ने 32 गेंदों में (51), कप्तान मोहित अहलावत ने 22 गेंदों में (41), नकुल शर्मा 13 गेंदों में (24) रन बनाकर आउट हुए। पुलकित नारंग चार गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

### हेनरी, सैंटनर, नाथन स्मिथ वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से हुए बाहर

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड टीम के तीन गेंदबाज मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मुख्य गेंदबाज हेनरी (पिडली में खिचाव), ऑलराउंडर नाथन स्मिथ (साइड में खिचाव) और स्पिन-गेंदबाज ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर (ग्रोइन इंजरी) के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर होने की पुष्टि की हैं। उन्होंने बताया कि क्राइस्टचर्च में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल ग्लेन फिलिप्स को आधिकारिक तौर पर सीरीज के बाकी मैचों के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। डेरिल मिशेल, जिन्होंने पहले टेस्ट में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर लंबा समय बिताया था, दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे और मिडिल ऑर्डर के मुख्य खिलाड़ी के तौर पर टीम में वापस आएंगे।

# एफसी गोवा ने तीसरी बार जीता सुपर कप

**गोवा, वार्ता।** एफसी गोवा ने पेनल्टी शूटआउट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट बंगाल एफसी को 6-5 से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप का खिताब अपने नाम किया। यहां पंडित जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में खेला गया खिताबी मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद भी गोल रहित रहा, सुपर कप का पहला फाइनल बन गया जिसका फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने कई गोल करने के मौके बनाए लेकिन वे 120 मिनट में गोल करने में नाकाम रही। शूटआउट में, एफसी गोवा के कप्तान बोरजा हेरेरा और ईस्ट बंगाल के मोहम्मद बासिम राशिद गोल करने में नाकाम रहे, जिससे मुकाबला सडन डेथ में चला गया। उदंता सिंह कुमाम और साहिल तवोरा ने गोवा को आगे रखा, जबकि हामिद अहदाद ने ईस्ट बंगाल के लिए गोल किया, लेकिन पीवी विष्णु चूक गए, जिससे मेजबान टीम ने ट्रॉफी जीत ली। गोवा को शुरुआती तकनीकी बदलाव करने पड़े, मिडफील्ड को स्थिर करने के लिए उदंता सिंह और निम दोरजी तमांग को मैदान में उतारा गया।

ईस्ट बंगाल आगे बढ़ता रहा क्योंकि महेश को ब्रेक से पहले दो और मौके मिले जो बाल-बाल चूक गए। दूसरा हाफ उतार-चढ़ाव भरा रहा। गोवा एनर्जी के साथ वापस आया, आयुष छेत्री और डेजान ड्राजकि ने ईस्ट बंगाल के डिफेंस को टेस्ट किया। लेकिन जल्द ही मेहमान टीम ने फिर से कंट्रोल हासिल कर लिया, बिपिन के सटीक पास ने मिगुएल और हिरोशी इबुसुकी के लिए मौके बनाए। ईस्ट बंगाल 74वें मिनट में गोल के सबसे करीब पहुंचा जब पीवी विष्णु का तेज शॉट गोलकीपर ऋतिक

**● सुपर कप का पहला फाइनल पहला बन गया जिसका फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ**

तिवारी के दस्तानों से फिसल गया, लेकिन उन्होंने समय रहते उसे लाइन से बाहर कर दिया। जोरदार अपील के बावजूद, रेफरी ने गोल नहीं दिया। गोवा ने तुरंत जवाब दिया, ब्रिसन फर्नांडिस ने दूर से शॉट मारा जो पोस्ट से टकराया और ड्राजिक ने फ्री हेडर मिस कर दिया। डिफेंडर पोल मोरेनो लगभग हाफवे से गोल करने ही वाले थे जब उनका क्लीयरेंस अप्रत्याशित रूप से गोल की ओर गया, जिससे प्रभसुखन सिंह गिल को क्रॉसबार पर एक मुश्किल बैकपेडलिग बचाव करना पड़ा। अतिरिक्त में और भी मौके मिले, जिसमें गिल ने सिवेरियो और टिमोर को गोल करने से रोकने के लिए अहम बचाव किए।



# मुख्यमंत्री योगी ने की विकास कार्यों और एसआईआर की समीक्षा

## सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मुरादाबाद पहुंचे, जहाँ उन्होंने दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों व एस आई आर प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री लगभग 11:30 बजे सर्किट हाउस पहुंचे। उनके आगमन से पहले क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह चाक-चौबंद कर दिया गया था। सर्किट हाउस परिसर और आसपास भारी पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य दिखाई दी।भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की शुरुआत की, जो करीब एक घंटे तक चली। बैठक में मंडल के जिला प्रभारियों, जिलाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों ने विकास परियोजनाओं, सरकारी योजनाओं की प्रगति तथा ैप्स से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ैप्स आम जनता से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर काम करें तथा मतदाता सूची का सत्यापन पूरी गंभीरता से करवाएं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में फर्जी वोटरों या बाहरी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि 2003 की मतदाता सूची के आधार पर मृत, स्थानांतरित या फर्जी वोटरों के नाम हटवाने की प्रक्रिया तेज की जाए।मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रति. निधियों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में टोली बनाकर घर-घर संपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि मतदाता सूची का सही सत्यापन हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे, इसकी निगरानी भी नियमित रूप से की जानी चाहिए। जनप्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि विकास परियोजनाओं की गति संतोषजनक रहे।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगामी वर्ष पंचायत चुनाव और उसके बाद विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, इसलिए संगठनात्मक तैयारी मजबूत रहनी चाहिए। उन्होंने पदाधिकारियों को बूथ लेवल तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।समीक्षा बैठक संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री मुरादाबाद से गाजियाबाद के लिए रवाना हो गए। सर्किट हाउस से निकलते समय भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और पुलिस बल ने पूरे मार्ग पर निगरानी बनाए रखी।








### मुख्यमंत्री के आगमन पर सर्किट हाउस के बाहर महिलाओं का हंगामा, भोजपुर पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



**मुरादाबाद।** सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सर्किट हाउस आगमन के दौरान बाहर माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया, जब भोजपुर थाना क्षेत्र की कई महिलाएं अपनी शिकायत लेकर पहुँच गईं। आरोप है कि क्षेत्र में एक किशोरी से छेड़छाड़ और इसकी शिकायत करने पर परिजनों से मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई। इसी नाराजगी में महिलाएं गेट पर इकट्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन करने लगीं।महिलाओं ने सर्किट हाउस के मुख्य गेट पर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री से मिलने की जिद पर अड़ गईं। पुलिस द्वारा अंदर जाने की अनुमति न मिलने पर गेट पर स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शन के दौरान किशोरी की मां और एक अन्य महिला भावुक होकर गश खाकर सड़क पर गिर पड़ीं, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें उठाकर महिला थाने भेजा।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सर्किट हाउस गेट पर महिला पुलिस फोर्स की अतिरिक्त तैनाती की गई। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को शांत कराया और मामले की जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद महिलाएं वहां से हटीं।मुख्यमंत्री के आगमन के बीच हुए इस हंगामे ने प्रशासन को कुछ समय तक परेशान कर दिया। महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, वह न्याय के लिए आवाज उठाती रहेंगी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच आगे बढ़ाने की बात कही है।

### अफसरों के बाद अब नेताओं की बारी: सर्किट हाउस में सीएम योगी ने कसे पेंच, कहा- वोटर लिस्ट में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद दौरे के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की धीमी गति पर गहरी नाराजगी जताई है। सोमवार सुबह सर्किट हाउस में सांसदों, विधायकों और स्थानीय जनप्रति. निधियों के साथ हुई अहम बैठक में सीएम ने साफ अल्टीमेटम दिया कि 11 दिसंबर तक वोटर लिस्ट अपडेट करने का काम हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रशासन के भरोसे रहने के बजाय जनप्रतिनिधि खुद जिम्मेदारी लें। अलीगढ़ और गाजियाबाद के बाद मुरादाबाद में सीएम की यह सख्ती बताती है कि सरकार वोटर लिस्ट में किसी भी तरह की लापरवाही या सुस्ती बर्दाश्त करने के मूड में बिल्कुल नहीं है।सीएम ने जोर देकर कहा कि 11 दिसंबर इस अभियान की अंतिम तारीख है, इसलिए अब वक्त बेहद कम है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को ताकीद की है कि वह केवल अधिकारियों पर निर्भर न रहें, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें और यह सुनिश्चित करें कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हर युवा का नाम वोटर लिस्ट में शामिल हो।

## एक नजर

### अमानताबाद में स्मार्ट मीटर व नए बीज बिल का विरोध, किसानों ने फूंकी प्रतिमाएं



**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दयाराम साहनी के नेतृत्व में रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव अमानताबाद में किसानों ने स्मार्ट मीटर लगाने और नए बीज बिल का विरोध करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में नए बीज बिल और बिजली बिल की प्रतिमा जलाकर अपना रोष व्यक्त किया। इस दौरान दयाराम साहनी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसानों और आम जनता पर असर डालने वाली नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाना बिजली के निजीकरण की ओर बढ़ता कदम है, जिससे बिजली दरों में भारी वृद्धि होने की आशंका है और आम उपभोक्ता उचित दर पर बिजली से वंचित हो सकता है। किसान नेताओं ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की भी जोरदार मांग की। प्रदर्शन में बलवीर सिंह, नत्थू सिंह, उदयवीर सिंह, मनोज कुमार, हाजी यासीन, महिपाल सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### लोहे का गाटर गिरने से मजदूर घायल

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सुरजननगर रोड पर स्थित कपड़ा मिल में काम रहे मजदून पर लोहे का गाटर गिर गया। जिसमें मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है। नगर में शहनाई मैरिज हाल के निकट एक कपड़ा मिल है। जहां पर जनपद बिजनौर के थाना नहटौर निवासी कासिम पुत्र मुनीर अहमद अपने साथी शाहिद सहित अन्य मजदूरों के साथ काम रहा था। तभी अचानक कपड़ा मिल में करीब 1.30 दोपहर लोहे का गाटर मजदूर कासिम के ऊपर गिर गया। जिसमें कासिम लोहे के गाटर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पायल हर्षित शुक्ला और ईएमटी विजय प्रकाश 108 एबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। जहां से घायल को उपचार के लिए 108 एबुलेंस की मदद से नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया है।

### तालाब में गिरी गाय को बाहर निकलवा कर बचाई जान, हालत गंभीर



**कांठ( शाह टाइम्स )** गोरक्षों के सहयोग से तालाब में गिरी गाय को फिलहाल निकलवा कर उसकी जान तो बचा ली गई लेकिन अभी उसकी हालत खराब बनी हुई है। गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा को बेगमपुर चौराहे के पास एक गाय के तालाब में गिर जाने की सूचना मिली इसकी सूचना उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी और तहसीलदार को दी दोनों के प्रयास से लेखपाल ने मौके पर जाकर नगर पंचायत की जेसीबी का सहयोग लेकर पानी में गिरी गाय को बाहर निकलवाकर पशु चिकित्सालय में पहुंचवाया गया। बताया गया कि अस्पताल में गाय का इलाज तो शुरू हो गया लेकिन उसकी हालत काफी खराब है गौ सेवा गतिविधि का कहना था कि प्रशासन से अपने पशुओं को निराश्रित छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वह काफी बार वार्ता कर चुके हैं लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई न किए जाने से गोवंश की काफी दुर्दशा हो रही है उन्होंने कहा कि गोवंश को बेसहारा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। इस मौके पर लेखपाल पशुधन प्रसार अधिकारी एवं गांव के लोग मौजूद रहे।

### जल स्तर कम होने से सिंचाई नहीं कर पा रहे किसान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नहर में पानी आने के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी तो आ गई लेकिन यह खुशी ज्यादा समय नहीं टिक पाई क्योंकि दो दिन बाद ही नहर का जलस्तर गिर गया और किसान फिर सिंचाई करने के लिए हाथ पैर हाथ रख कर बैठ गए। बतादे की किसान काफी समय से नहर में पानी छोड़े जाने की मांग करते चले आ रहे थे 30 नवंबर को पानी छोड़ने का आश्वासन भी मिला लेकिन इसके भी कई दिन बाद नहर में पानी आया। देर से ही सही किसानों के चेहरे पर कुछ खुशी तो आई लेकिन यह खुशी ज्यादा समय नहीं टिक पाई क्योंकि दो दिन पानी चलने के बाद इसका जल स्तर नीचे पहुंच गया इसकी वजह से किसान ना तो गेहूं की सिंचाई कर पा रहे हैं और ना ही गेहूं बुवाई के लिए पलेवा कर पा रहे हैं किसान नेहरो में पानी बढाने की मांग कर रहे हैं लेकिन इस संबंध में विभाग द्वारा किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं की जा रही जिसकी वजह से नेहरो में किसानों को कड़कडाती ठंड के चलते कहीं-कहीं बांध भी लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने नहर में मानक के मुताबिक पानी छोड़े जाने की मांग की है।

### किसान के ट्यूबवेल से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए चोर, दी तहरीर

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के गांव नियामतपुर इकरोटिया गांव के किसान साकिर अली ने अपनी निजी खेती किसानी के लिए प्राइवेट ट्यूबवेल लगवा रखा है, रविवार देर रात चोरों ने ताले तोड़कर उसमें रखे जरूरी सामान को चुरा कर फरार हो गए जिसमें रखा लगभग 50 हजार रुपए का सामान को चुराकर चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया वहीं दूसरी तरफ बने सरकारी ट्यूबवेल के भी ताले तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की लेकिन ताले नहीं टूटे और आहट होने पर चोर फरार हो गए, किसान साकिर अली ने अपने प्राइवेट ट्यूबैल पर हुई चोरी की तहरीर पुलिस को दी है और खुलासे की मांग की है वहीं दूसरी तरफ सरकारी ट्यूबवेल ऑपरेटर ने भी पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने छानबीन कर चली गई, किसान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है,



# अस्पताल में मृतका के गले से मंगलसूत्र चोरी करने के आरोपी को सिविल लाइंस पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अस्पताल में मृतका के गले से मंगलसूत्र चोरी करने वाले आरोपी को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना कांठ रोड स्थित सिद्ध हॉस्पिटल की है, जहां हार्ट अटैक से एक वृद्धा की मौत के बाद अस्पताल कर्मचारी ने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया।परिजनों की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी गया मंगलसूत्र भी बरामद कर लिया है।

दयानंद डिग्री कॉलेज के सामने रहने वाले अधिवक्ता संदीप भटनागर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार शाम उनकी बुआ सरोज भटनागर को हार्ट अटैक आया था। परिजन उन्हें तत्काल सिद्ध अस्पताल लेकर पहुंचे। इमरजेंसी वार्ड में अस्पताल कर्मचारी महिला को अंदर ले गए और परिवार को बाहर ही रोक दिया गया। कुछ देर बाद डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि वृद्धा की मौत हो चुकी है। बाद में जब शव बाहर लाया गया तो परिजनों ने देखा कि महिला के गले से उनका सोने का मंगलसूत्र और डायमंड पेंडल गायब है।शिकायत पर भी जब अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो परिवार ने सिविल लाइंस पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि ब्ब्ज्ट फुटेज में एक वार्ड बॉय ज्वैलरी उठाते हुए दिखाई दे रहा है, जिसके बाद उसे तुरंत पुलिस के हवाले कर दिया गया।जांच के दौरान पुलिस ने नवाबपुरा निवासी कर्मचारी अजय कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पुलिस पूछताछ में वह टूट गया और चोरी की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सोने का मंगलसूत्र बरामद किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का बड़ा फैसला, विश्व विद्यालय परीक्षाओं के बहिष्कार की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हिंदू कॉलेज में सोमवार को आयोजित शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद की बैठक में पारिश्रमिक भुगतान में लगातार हो रही देरी को लेकर गंभीर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि एम.जे.पी. रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा पुराने पारिश्रमिक का तत्काल भुगतान नहीं किया जाता और आगामी परीक्षा कार्यों के लिए 80 प्रतिशत अग्रिम ीवदवतंतपनउ जारी नहीं किया जाता, तो कर्मचारी विश्वविद्यालय परीक्षाओं का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से विश्वविद्यालय परीक्षाओं में ड्यूटी करने के बावजूद कर्मचारियों को भुगतान समय पर नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसी के विरोध में कर्मचारियों ने कड़ा रुख अपनाते हुए यह बड़ा निर्णय लिया है।कर्मचारियों ने कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट कर दिया कि जब तक लंबित पारिश्रमिक उनके खातों में नहीं पहुंच जाता और नई परीक्षाओं के लिए 80 प्रतिशत अग्रिम राशि नहीं दी जाती, तब तक वे किसी भी परीक्षा संबंधी कार्यख्रचाहे वह प्रश्नपत्र वितरण, कक्ष निरीक्षण, मूल्यांकन या अन्य दायित्वख्रनहीं निभाएंगे। परिषद ने यह भी घोषणा की कि 9 दिसंबर को शिक्षणेत्तर कर्मचारी सांकेतिक धरना देकर अपना विरोध और तीव्रता से दर्ज कराएंगे।इस निर्णय से आगामी विश्व. विद्यालय परीक्षाओं की व्यवस्था पर संकट गहराने लगा है। यदि विवाद जल्द नहीं सुलझा, तो परीक्षाओं की समय-सारणी प्रभावित हो सकती है। कॉलेज प्रशासन ने कर्मचारियों की मांगों को विश्वविद्यालय तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है, वहीं कर्मचारी परिषद अपने रुख पर अडिग है।



# एजेंट ने विदेश भेजने के नाम पर युवक से की ठगी

**■ गलत कंपनी में फंसाकर करवा रहा जबरन काम, पीड़ित ने एसपी से की कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के नई बस्ती मोहल्ला निवासी इकराम पुत्र रफीक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद को प्रार्थना पत्र देकर विदेश भेजने के नाम पर हुए बड़े फर्जीवाड़े की शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है कि उसी के मोहल्ले का रहने वाले एक व्यक्ति ने जो स्वयं को विदेश भेजने वाला एजेंट बताता है, उसके भाई को दुबई में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर गलत कंपनी में भेजकर फँसा दिया और अब उससे जबरन काम करवाया जा रहा है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि दिसंबर 2024 में एजेंट ने यह कहकर भरोसा दिलाया कि वह दिल्ली में ऑफिस चलाता है और कई लोगों को विदेश भेज चुका है। विश्वास में लेकर उसने इकराम के भाई से 1,60,000 रुपये हड़प लिए और फरवरी 2025 में उसे दुबई भेज दिया। एजेंट ने 40-50 हजार मासिक वेतन का वादा किया था, लेकिन वहां न तो कोई अच्छी कंपनी निकली और न ही वह वादा किया गया काम मिला। पीड़ित का कहना है कि उसका भाई दुबई में कठिन परिस्थितियों में फँसा है और गलत कंपनी में जबरन मजदूरी कराई जा रही है। इकराम ने आरोप लगाया कि एजेंट अब न फोन उठा रहा है, न कोई जानकारी दे रहा है। उल्टा बार-बार बात करने पर धमकी देता है, जिससे पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। इकराम ने एसपी से गुहार लगाई है कि एजेंट इरफान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उसके भाई को दुबई से सुरक्षित भारत वापस लाने की व्यवस्था कराई जाए।

# शिव मढ़ी मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय निर्माण पर विवाद तेज, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्राचीन शिव मढ़ी मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय निर्माण का विवाद एक बार फिर उभर आया है।

सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सर्किट हाउस आगमन के दौरान ठाकुरद्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने मंदिर भूमि पर चिकित्सालय निर्माण का विरोध जताते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिकारियों पर गलत तरीके से भूमि आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने तथा वास्तविक स्थिति छुपाने का आरोप लगाया गया। मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने बताया कि मंदिर की भूमि गाटा संख्या 595मि पर अवैध रूप से निर्माण का प्रयास किया जा रहा है, जबकि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में मढ़ी मंदिर के नाम पर दर्ज है। उन्होंने बताया कि राजस्व नक्शे में गाटा संख्या 595 का विभाजन स्पष्ट नहीं है तथा बड़े हिस्से पर सरकारी रास्ता मौजूद है, जिसकी अभिलेखों में दुरुस्तीकरण अब तक नहीं किया गया है। सर्किट हाउस में जिलाधिकारी तथा उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह से भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। दोनों अधिकारियों ने पुन: आश्वा. सन दिया कि मंदिर भूमि पर चिकित्सालय का निर्माण नहीं कराया जाएगा। साथ ही ठेकेदार के अब तक के व्यय की भरपाई कराने की बात भी कही गई, जिस पर सहमति जताई गई। इससे पहले भी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र बंधु गुप्ता के नेतृत्व में हुई समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री अनिल कुमार तथा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में मंदिर भूमि पर निर्माण रोकने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन कुछ समय रुकने के बाद पुन: निर्माण शुरू होने से विवाद फिर गहरा गया। मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर की भूमि पर समय-समय पर कब्जे के प्रयास होते रहे हैं, जिन्हें भक्तों ने हमेशा विफल किया है। उनका आरोप है कि कुछ अधिकारियों ने गलत रिपोर्टों के आधार पर उच्चाधिकारियों को गुमराह किया, जिससे निर्माण रोकने के आदेश प्रभावी नहीं हो पाए। ट्रस्ट का कहना है कि प्रस्तावित अस्पताल के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा गाटा संख्या 595ग (बंजरध्झाड़ी, मिल्कियत सरकार) को ही आवंटित किया गया था, न कि मंदिर की भूमि को। ट्रस्ट ने मांग की है कि पुरानी जांच रिपोर्ट को निरस्त कर निष्पक्ष जांच के लिए नई समिति बनाई जाए और जांच पूरी होने तक मंदिर भूमि पर हो रहे निर्माण को तत्काल रोका जाए। साथ ही अस्पताल को किसी वैकल्पिक सरकारी भूमि पर स्थानांतरित किए जाने का प्रस्ताव पारित कराया जाए। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का कहना है कि वे अस्पताल निर्माण के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि मंदिर की पवित्र भूमि को बचाने की मांग कर रहे हैं ताकि अस्पताल भी बन सके और मंदिर की भूमि भी सुरक्षित रहे।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025

## वंदेमातरम पर राजनीति

सोमवार को राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वंदेमातरम के साथ विश्वासघात किया और तुष्टिकरण की राजनीति के दबाव में वह वंदेमातरम के बंटवारे के लिए झुकी मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मौ. अली जिन्ना ने 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदेमातरम के विरोध का नारा बुलंद किया। उन्होंने सीधे देश के दिवंगत पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू और 1937 में कांग्रेस अध्यक्ष रहे जवाहर लाल नेहरू को यह कहकर विवादों में घेरा कि जब उनका सिंहासन डोलता दिखाई दिया, तब उन्होंने मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदेमातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाए वंदेमातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। वंदेमातरम को लेकर कांग्रेस की तरफ से भी जवाब आया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी वंदेमातरम पर चर्चा में भाग लिया और उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमि को रेखांकित करते हुए कहा कि वंदेमातरम केवल भावना नहीं बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था, लेकिन साथ ही इसमें यह भी जोड़ा कि संसद में इस समय यह चर्चा इसलिए कराई जा रही है क्योंकि आने वाले समय में पश्चिमी बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। प्रियंका गांधी का कहना था कि हम देश के लिए हैं और आप चुनाव के लिए हैं। प्रियंका के अनुसार इस समय वंदेमातरम पर लोकसभा में चर्चा कराने की कोई जरूरत ही नहीं थी। अपनी बात को वजन देते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 सालों से आजाद भारत की जनता के दिलों में बसता आया है। उन्होंने सवाल किया कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। संसद में इस पर बहस कराने के बजाए सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। उन्होंने तो यहां तक कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदेमातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रविंद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और आम्बेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान करना है। प्रियंका गांधी ने कटु लहजे में कहा कि पीएम 12 साल से देश चला रहे हैं और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आजादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे। इसमें कोई दोराय नहीं है कि वंदेमातरम पर इस समय संसद में चर्चा की कोई बहुत ज्यादा जरूरत नहीं थी। यूं भी यह चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिमी बंगाल में वास्तव में चुनाव होने जा रहे हैं और इस सच्चाई से हर कोई वाकिफ है कि भाजपा के लिए यह चुनाव मात्र एक चुनाव नहीं बल्कि एक मिशन जैसा है। वैसे भी वंदेमातरम जैसे प्रतिष्ठित गीत पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। पीएम मोदी ने जिस अंदाज में बात की, उन्होंने यही संकेत देने की कोशिश की कि सभी वंदेमातरम के पक्ष में थे लेकिन केवल पंडित नेहरू ही उसके विरोध में रहे हैं।

### योजनाओं का लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को



न्यायालय की हालिया टिप्पणी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता, सरकारी संसाधनों पर पहला अधिकार प्रदेश के नागरिकों का है, न कि अवैध रूप से रह रहे लोगों का, उप्र की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुचारू कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी क्रम में प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सभी नगर निकायों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, सार्वजनिक संस्थानों पर अनाधिकृत कब्जे की सफाई आवश्यक है और योजनाओं से मिलने वाले लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को ही दिए जाएंगे।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

## भारत-रूस की अटल साझेदारी





योगेश कुमार गोयल

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थाई प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं।

इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा .ष्टिकोण की .ढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030 नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है।

भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रूपए और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है। शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सु.ढ़ करेगा।


फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्ट्री की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है। भारत आज दुनिया के लिए 'फार्मेसी ऑफ द ग्लोब' बन चुका है। कोविड काल में दुनिया ने यह देखा कि दवा निर्माण केवल उद्योग नहीं बल्कि सामरिक शक्ति भी है। रूस में दवा निर्माण भारत को न केवल बाजार देगा बल्कि ऐसे समय में तकनीकी और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाएगा, जब पश्चिमी दवाईयों की आपूर्ति-राजनीति वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली पर नियंत्रण का उपकरण बन चुकी है। भारत-रूस संबंधों का सबसे ठोस और दीर्घकालिक आयाम ऊर्जा क्षेत्र है। रूस भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा-आपूर्तिकर्ता बन चुका है और उसने विश्व के ऊर्जा-संकट के मध्य भारत को अबाध आपूर्ति देकर यह साबित किया कि यह संबंध परिस्थितियों से संचा. लित नहीं बल्कि विश्वास पर आधारित है। सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा पर हुई चर्चा और कुडनकुलम प्लांट के विस्तार की पुनर्पुष्टि भारत की स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा रणनीति को एक नई दिशा देती है। रूस द्वारा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव उस परिवर्तन की पूर्वपीठिका है, जहां भारत विकेन्द्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से हर क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ सकेगा। यह भारत के नेट-जीरो संकल्प की व्यवहारिक यात्रा का महत्वपूर्ण चरण है। क्रिटिकल मिनरल्स का मुद्दा आने वाली औद्योगिक क्रांति की रीढ़ है। एआई, इलैक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, बैटरी निर्माण और रोबोटिक्स, इन सभी उद्योगों का अस्तित्व लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और रेयर-अर्थ मेटल्स पर निर्भर है। पश्चिमी देशों ने इन खनिजों पर एकाधिकारवादी नियंत्रण बनाने का प्रयास किया है जबकि भारत-रूस इस समीकरण को बदल रहे हैं। रूस के पास विशाल खनिज संसाधन हैं और भारत के पास विकासशील तकनीक, अनुसंधान क्षमता और उत्पादन की औद्योगिक शक्ति। दोनों का मिलन वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा को नया आयाम प्रदान करेगा।

भारत द्वारा रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन तक मुफ्त ई-टूरिस्ट वीजा की घोषणा कूटनीति को लोगों की चेतना में स्थापित करती है। यह सांस्कृतिक जुड़ाव की पुनर्पुष्टि है, जिसमें बौद्ध परंपरा, योग, भारत-रूस सांस्कृतिक आकर्षण और ऐतिहासिक धारा की निरंतरता उपस्थित है। यह पहल वैश्विक सूचना-राजनीति के युग में 'नैरेटिव स्वायत्तता' के निर्माण की ओर भी संकेत करती है, जिसे रूस के 'आरटी इंडिया' ब्यूरो की स्थापना आगे बढ़ाएगी। इस शिखर वार्ता में यूक्रेन संकट पर भारत की स्थिति ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की नई भूमिका को स्पष्ट किया। भारत न तो किसी ध्रुव में समाहित है, न ही किसी वैश्विक सुरक्षा-प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बल्कि वह शांतिवादी और वैचारिक नेतृत्व के नए मॉडल के रूप में उभरा है। ब्रिक्स, जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर भारत और रूस का समन्वय बहुध्रुवीय व्यवस्था के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। यह संबंध केवल सुरक्षा और सामरिक हितों से परे है, यह एक सभ्यतामूलक विमर्श है, जहां भारत और रूस अमेरिकी-यूरोपीय प्रभाव-क्षेत्र की एकध्रुवीयता को चुनौती देते हुए वैश्विक संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में ब्रह्मोस मिसाइल, सुखोई विमान, एस-400 सिस्टम और नई तकनीकों पर साझेदारी यह स्पष्ट करती है कि दोनों देशों का सुरक्षा बंधन साझा रणनीतिक विश्वास का परिणाम है। पहलगाम और मॉस्को हमलों के संदर्भ में आतंकवाद विरोधी एकजुटता की घोषणा यह सिद्ध करती है कि भारत और रूस नए खतरों की प्रकृति को समझते हैं और समाधान तलाशने में भी एकमत हैं। इन सभी आयामों का संकलन बताता है कि भारत-रूस संबंध न तो बीते युग की स्मृति हैं, न ही समीपस्थ हितों की आकस्मिक आवश्यकता। यह रिश्ते का वह मॉडल है, जो विश्वास, समय, भू-राजनीति, तकनीकी क्षमता और साझा दृष्टि के संयोग से निर्मित हुआ है। यह केवल दो राष्ट्रों का गठजोड़ नहीं, दो सभ्यताओं का मार्गदर्शन है। ध्रुव तारे की उपमा इसीलिए सार्थक है क्योंकि ध्रुव तारा केवल चमकता नहीं, दिशा भी देता है। भारत और रूस का संबंध भी दिशा-निर्देशक है, नई विश्व व्यवस्था की दिशा तय करने वाला, वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को पहचान देने वाला और शक्ति-संतुलन को न्यायपूर्ण बनाने वाला। 2030 का रोडमैप इस संबंध को केवल नई मंजिल की ओर नहीं ले जाता बल्कि दुनिया को संकेत देता है कि भारत अब उस युग में प्रवेश कर रहा है, जहां वह ध्रुवों की संरचना में योगदान देने वाली शक्ति है। रूस इस यात्रा में सहायक नहीं बल्कि सहयात्री है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## धरती की कार्बन भंडारण क्षमता असीमित नहीं

अध्ययन में स्थिर तलछटी चट्टानों पर ही गौर किया गया है, जहां फिलहाल अधिकांश कार्बन भंडारण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। फिलहाल, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तकनीक हर साल लगभग 4.9 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड हटाती है। योजना है कि इसे बढ़ाकर 41.6 करोड़ टन सालाना किया जाए।



एक हालिया अध्ययन के अनुसार, पृथ्वी की कार्बन डाईऑक्साइड को सुरक्षित रूप से भूमिगत भंडारण की करने क्षमता पूर्व अनुमानों से कहीं कम है और यह साल 2200 तक खत्म भी हो सकती है। इसका मतलब है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्बन कैप्चर और स्टोरेज जैसी तकनीकों को लंबी अवधि का हल मानना मुश्किल है।

पेरिस समझौते के तहत धरती के तापमान को औद्योगिक-पूर्व स्तर से डेढ़ से दो डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वातावरण से काफी मात्रा में कार्बन डाईऑक्साइड को हटाना होगा। इसका एक तरीका है उद्योगों से निकलने वाली गैस को कैद करके गहराई में चट्टानों के बीच संग्रहित करना। पहले माना गया था कि धरती 10 से 40 हजार गीगाटन कार्बन डाईऑक्साइड संभाल सकती है, लेकिन ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिकों का नया अध्ययन बताता है कि सुरक्षित क्षमता सिर्फ 1460 गीगाटन है। इस अनुमान में भूकंप से होने वाले रिसाव, तकनीकी दिक्कतों और जमीन के उपयोग पर राजनी. तिक पाबंदियों जैसे कारकों को भी शामिल किया गया है।

अध्ययन में स्थिर तलछटी चट्टानों पर ही गौर किया गया है, जहां फिलहाल अधिकांश कार्बन भंडारण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। फिलहाल, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तकनीक हर साल लगभग 4.9 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड हटाती है। योजना है कि इसे बढ़ाकर 41.6 करोड़ टन सालाना किया जाए। लेकिन पेरिस समझौते का लक्ष्य हासिल करने के लिए 2050 तक प्रति वर्ष 8.7 गीगाटन कार्बन डाईऑक्साइड हटाना होगा - यानी अगले 30 सालों में 175 गुना बढ़ोतरी। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगर धरती की सारी सुरक्षित क्षमता भी उपयोग कर ली जाए, तो भी तापमान केवल 0.7 डिग्री सेल्सियस ही घटेगा। जबकि इस सदी में तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अंदेशा है। इसलिए सिर्फ कार्बन कैप्चर के भरोसे नहीं रहा जा सकता। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को तेजी से घटाना होगा, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना होगा और टिकाऊ तरीकों को अपनाना होगा। अध्ययन यह भी बताता है कि जमीन में दफन कार्बन डाईऑक्साइड का रिसाव जमीन के पानी में घुलकर कार्बोनिक एसिड बना सकता है। इस तरह बढ़ी हुई अम्लीयता से खनिज घुल सकते हैं और जहरीली धातुएं निकल सकती हैं, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरनाक है।

**-स्रोत फीचर्स**

## हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल्वे ने हाल ही में घोषणा की है कि हाइड्रोजन से चलने वाली एक ट्रेन ने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैंय यह ट्रेन चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में विकसित की गई है। यह कदम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का एक अच्छा संकेत है। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रति वर्ष कम से कम पचास लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जो 2070 तक देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

यह ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे मार्ग दौड़ेगी। यह ट्रेन जींद में स्थित 1 मेगावाट के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर द्वारा उत्पादित हाइड्रोजन पर निर्भर है, जहां प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होता है। ट्रेन के ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भरी जाएगी, ईंधन सेल हाइड्रोजन को बिजली में बदलेगा जिससे ट्रेन की इलेक्ट्रिक मोटरें चलेंगी। हाइड्रोजन बनाने का सिद्धांत काफी सरल है। विद्युत-अपघटक पानी के अणु को ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आयन और इलेक्ट्रॉन में तोड़ता है। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया में ऋणात्मक इलेक्ट्रोड पर आणविक ऑक्सीजन मुक्त होती है, और मुक्त इलेक्ट्रॉन एक बाहरी परिपथ के माध्यम से धनात्मक इलेक्ट्रोड तक पहुंचते हैं। कैथोड और एनोड के बीच छन्ने के रूप में एक बहुलक विद्युत अपघटक झिल्ली होती है, जो केवल हाइड्रोजन आयन को कैथोड तक जाने देती है, जहां वे इलेक्ट्रॉनों के साथ मिलकर हाइड्रोजन अणु बनाते हैं। ए अणु गैस के रूप में ऊपर आते हैं। फिर इस गैस को संपीड़ित करके संग्र. हत कर लिया जाता है। छन्ने के तौर पर इस्तेमाल झिल्ली आम तौर पर एक फ्लोरोपॉलीमर, जैसे नैफिऑन टेफ्लॉन से सम्बंधित, से बनी होती है। यह झिल्ली विद्युत की उम्दा कुचालक होती है, जो अपने में से इलेक्ट्रॉन्स को गुजरने नहीं देती। उत्पादित हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एकदम अलग-अलग जगह बनते हैं।

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों में हाइड्रोजन ईंधन सेल में उपरोक्त अभिक्रिया विपरीत दिशा में होती है। हाइड्रोजन को एनोड तक लाया जाता है, जहां उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रत्एक हाइड्रोजन अणु टूटकर दो हाइड्रोजन आयन और दो इलेक्ट्रॉन बनाता है। हाइड्रोजन आयन झिल्ली से होकर कैथोड तक जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन इस झिल्ली को पार नहीं कर पाते और एक बाहरी परिपथ के जरिए कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड पर हाइड्रोजन आयन का संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन और एनोड तक बाहरी परिपथ के माध्यम से लाए गए इलेक्ट्रॉनों से होता है। इस प्रकार पानी बनता है। बाहरी परिपथ से प्रवाहित इलेक्ट्रॉन विद्युत धारा पैदा करते हैं जो वाहन को शक्ति प्रदान करती है। ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है।

> ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है। और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं।




और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं। इसमें विद्युत-रासायनिक रूप से सक्रिय सूक्ष्मजीव एनोड पर फलते-फूलते हैं और कृषि अवशेषों, अपशिष्ट जल जैसे कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करते हैं, और इस प्रक्रिया में उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को एनोड तक पहुंचाया जाता है। उत्प्रेरक के तौर पर इसमें प्लैटिनम, इरिडियम जैसे महंगे पदार्थ चाहिए होते हैं। वर्तमान शोध का उद्देश्य महंगे तत्वों को निकल, कोबाल्ट, या लोहे जैसे सस्ते तत्वों से प्रतिस्थापित करना है। सस्ते हाइड्रोजन उत्पादन के शुरुआती कार्य में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के सीएनआर राव के समूह ने प्लैटिनम इलेक्ट्रोड के बराबर जल-अपघटन क्षमता वाले निकल-निकल हाइड्रॉक्साइड-ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड डिजाइन किए हैं। ऐसे शोध कार्यों को सौर ऊर्जा और सूक्ष्मजीव-चालित प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर एक ऐसा ईंधन तैयार किया जा सकता है जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो और सस्ता भी।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**( स्रोत फीचर्स )**

# क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी ने कसा शिकंजा

## सरकार ने लोकसभा में बताया: 4190 करोड़ की संपत्ति जब्त और एक आरोपी भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईडी की कार्रवाई पर लोकसभा में सोमवार को आंकड़े दिए। सरकार ने बताया कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने 4189.89 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की।

इन मामलों में एक आरोपी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी भी घोषित किया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है। इन जांचों के दौरान न केवल हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त या फ्रीज की गई, बल्कि 29 लोगों को गिरफ्तार भी



■ ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है

किया गया। इसके अलावा, जांच एजेंसी ने 22 आरोप पत्र भी दाखिल किए। यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि सरकार वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के दुरुपयोग को लेकर कितनी गंभीर है, विशेष रूप से तब जब हाल ही में वीडीए को पीएमएलए के दायरे में लाया गया। प्रवर्तन निदेशालय के अलावा आयकर विभाग भी क्रिप्टो निवेशकों पर पैनी नजर बनाए हुए है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के लेनदेन से जुड़ी 888.82 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता लगाया। विभाग ने अनुपालन को सख्ती से लागू करने के लिए उन करदाताओं को भी रडार पर लिया है जिन्होंने अपने आयकर रिटर्न में 'शेडयूल वीडीए' के तहत सूचना नहीं दी।

वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि ऐसे 44057 करदाताओं को सीबीडीटी की ओर से नोटिस भेजे गए हैं, जिन्होंने वीडीए में निवेश या व्यापार तो किया, लेकिन उसकी रिपोर्टिंग नहीं की। संसद में सरकार ने साफ किया कि भारत में फिलहाल क्रिप्टो एसेट्स या वर्चुअल डिजिटल एसेट्स अनरेगुलेटेड हैं। हालांकि, सरकार वीडीए से जुड़े लेनदेन की निगरानी और जांच को मजबूत करने के लिए क्षमता बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। पंकज चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि क्रिप्टो एसेट्स की प्रकृति सीमा रहित है, इसलिए केवल घरेलू स्तर पर नियम बनाना पर्याप्त भी नहीं होगा। नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए वैश्विक समन्वय की जरूरत क्रिप्टो पर नियामकीय ढांचे के भविष्य पर बात करते हुए वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए मजबूत अंतर्राष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता है। नियामकीय आर्बिट्रेज एक ऐसी

## म्यांमार ने साइबर अपराध के आरोपी 1178 चीनी नागरिक वापस भेजे

**बीजिंग।** चीन के जन सुरक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इस महीने की शुरुआत से म्यांमार के म्यावाडी में टेलीकॉम धोखाधड़ी के मामलों में शामिल कुल 1178 चीनी नागरिकों को वापस लाया गया है। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक वीचैट अकाउंट पर एक बयान में कहा कि एक दिसम्बर से संदिग्धों को चीनी पुलिस की निगरानी में थाईलैंड के रास्ते समूहों में सौंपा गया है। यह हस्तांतरण 14 नवम्बर को चीन, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के बीच हुई एक मंत्री स्तरीय बैठक के बाद हुआ। बैठक में शामिल देशों ने सहयोग को गहरा करने और सीमा पार टेलीकॉम धोखाधड़ी पर मिलकर कार्रवाई शुरू करने पर सहमति जताई थी।



**अहमदाबाद। इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए हवाई यात्री भारतीय रेलवे द्वारा चलाई जा रही एक विशेष ट्रेन में सवार होने की तैयारी करते हुए।**

## बेनिन ने नाइजीरिया की मदद से तख्तापलट की कोशिश की नाकाम

**अबुजा।** पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन में नाइजीरियाई सेना ने वहां के सुरक्षा बलों की सहायता करते हुए तख्तापलट की कोशिश को नाकाम किया है। बेनिन के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में बताया कि बेनिन ने नाइजीरिया से तुरंत हवाई सहायता देने और नाइजीरियाई सैनिकों को भेजने की मदद मांगी थी, ताकि देश के संविधान और संस्थाओं की रक्षा की जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बेनिन के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबु ने नाइजीरियाई सशस्त्र बलों को बेनिन में तख्तापलट की कोशिश करने वाले समूह को रोकने में मदद करने का तुरंत आदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हम आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे: थाई प्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने सोमवार को कहा कि कंबोडिया के साथ सीमा पर चल रही झड़पों के जवाब में थाईलैंड राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए 'आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार' का इस्तेमाल करेगा। चर्नविराकुल ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव के बाद टेलीविजन पर दिए गए संबोधन में कहा कि सभी मामलों में स्थिति के अनुसार सैन्य अभियान चलाए जाएंगे। इसमें सावधानी बरती जाएगी और मानवीय सिद्धांतों का पालन किया जाएगा।

### कंबोडिया के साथ ताजा सीमा संघर्ष में थाईलैंड के सैनिक की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड की कंबोडिया से लगती विवादित सीमा पर हुई ताजा झड़प में एक थाई सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लंबी सीमा साझा करने वाले इन दो पड़ोसी देशों के बीच चल रहे संघर्ष ने महीनों से चले आ रहे तनाव को एक बार फिर बढ़ा दिया है। थाईलैंड की सेना ने बताया कि कंबोडियाई सैनिकों ने सोमवार तड़के उबोन रत्चथानी प्रांत में थाई सेना पर गोलीबारी की, जिसके कारण जवाबी गोलीबारी हुई जिसमें उनके एक सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

### तुर्की में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** तुर्की में सोमवार को 5.5 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 01:21 बजे आए भूकंप का केन्द्र, 92.1 किमी की गहराई पर 36.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 30.89 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया। भूकंप में किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान होने की खबर नहीं है।

### रोमानिया में सिउकू ने जीता बोखारेस्ट के महापौर का चुनाव

**बुखारेस्ट।** रोमानिया की नेशनल लिबरल पार्टी के सिप्रियन सिउकू ने बुखारेस्ट के महापौर के लिए हुए चुनाव में जीत दर्ज करते हुए राजधानी का सबसे बड़ा पद हासिल कर लिया। रोमानिया के स्थाई चुनावी प्राधिकरण के के अनुसार सभी 1289 मतदान केंद्रों की गिनती पूरी होने के बाद सिउकू को 36.16 प्रतिशत वोट मिले। बुखारेस्ट के 589000 से जयादा निवासियों ने वोट डाले, जो पंजीकृत मतदाताओं का 32.71 प्रतिशत था। सिउकू ने 2000 में राजनीति में कदम रखा था और बाद में स्थानीय प्रशासन में शामिल हो गए थे शुरू में उन्होंने स्थानीय पार्षद के तौर पर काम किया।

# क्वाड के जरिये भारत से सहयोग बढ़ाने पर जोर

## अमेरिकी सांसदों ने जारी किया वार्षिक रक्षा नीति विधेयक, चीन की चुनौती का सामना करने का मुद्दा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ सहयोग को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें क्वाड के जरिये सहयोग बढ़ाने की बात भी कही गई है, ताकि एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखा जा सके और चीन की चुनौती का सामना किया जा सके। सांसदों ने 2026 के वित्तीय वर्ष के लिए 'नेशनल डिफेंस आथोराइजेशन एक्ट' विधेयक जारी किया। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों के बारे में कांग्रेस की राय बताई गई है।

इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्री को ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों को मजबूत करें, ताकि चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका का 'तुलनात्मक लाभ' बढ़ाया जा सके। इन प्रयासों में भारत के साथ क्वाड के जरिये अमेरिकी सहयोग का विस्तार शामिल है। इसमें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग, सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार और मानवीय सहायता तथा आपदा प्रतिक्रिया में सहयोग शामिल हैं, ताकि एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखा जा सके। इसके अलावा, इसमें भारत के साथ समुद्री सुरक्षा पर अधिक सहयोग की संभावना पर जोर दिया गया है। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया



**चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना करने के लिए 2017 में यह समूह बनाया गया था**

शामिल हैं। चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना करने के लिए 2017 में यह समूह बनाया गया था। रक्षा नीति विधेयक में यह भी कहा गया है कि रक्षा मंत्री को विदेश मंत्री के साथ तालमेल बनाकर एक योजना बनानी चाहिए और चलानी चाहिए, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की रक्षा औद्योगिक क्षमताओं के बीच सहयोग मजबूत हो सके। यह पहल सभी देशों के रक्षा उद्योगों को मजबूत करेगी। इसमें उनकी क्षमता बढ़ाना, उत्पादन और कर्मचारियों को बढ़ाना, आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना, विभिन्न देशों की प्रणालियों को एक-दूसरे के साथ काम करने योग्य बनाना और देशों के बीच तालमेल बढ़ाना शामिल है।

## 6 खाड़ी देशों ने ईरान को दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** गल्फ कोआपरेशन काउंसिल (जीसीसी) ने ईरान के उस बयान पर गंभीर आपत्ति जताई है, जिसमें उसने 3 विवादित आइलैंड्स पर अपना दावा पेश किया था। ईरान ने दावा किया था कि यूएई के तीन द्वीप ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा उसके हैं। उसने सऊदी अरब और कुवैत के संयुक्त दुर्रा आफशोर आयल फील्ड पर अधिकार जताया था। इसके साथ ही ईरान ने बहरीन की संप्रभुता पर सवाल उठाए थे।

जीसीसी में सऊदी अरब, ओमान, यूएई, कतर, बहरीन और कुवैत शामिल हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई और संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने दावा किया था कि ये आइलैंड ईरानी क्षेत्र हैं। जीसीसी के महासचिव जासेम अल-बुदैवी ने कहा कि ईरान के बयान गलत, भ्रामक और बेबुनियाद आरोपों से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान अंतर्राष्ट्रीय नियमों के खिलाफ हैं। खास तौर पर वे नियम, जिनमें किसी देश के आंतरिक मामलों में दखल न देने और पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते रखने की बात कही गई है। अल-बुदैवी ने कहा कि ईरान की टिप्पणियां जीसीसी के उन प्रयासों को नुकसान पहुंचाती हैं, जो वह ईरान के साथ

■ यूएई के तीन द्वीप ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा पर दावा पेश किए जाने से बने जंग के आसार

रिश्ते सुधारने के लिए कर रहा है। उन्होंने बताया कि खाड़ी देश हमेशा ईरान के साथ बेहतर संबंध रखना चाहते हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सहयोग करते हैं। जीसीसी ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का पालन करने की जरूरत दोहराई। इनमें संप्रभुता का सम्मान, विवादों का शांतिपूर्ण हल और बल प्रयोग से बचना शामिल हैं। उन्होंने यह याद दिलाया कि ईरान ने जून में कतर पर हमला करके पहले भी इन सिद्धांतों का उल्लंघन किया था। अल-बुदैवी ने यह भी कहा कि जीसीसी देशों और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठकों में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता पर बातचीत की थी। जीसीसी ने अंत में ईरान से अपील की कि वह झूठे बयान देना बंद करे और संवाद और भरोसा बढ़ाने के प्रयासों में बाधा न डालें। ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा नाम के द्वीप पर्शियन गल्फ (अरब सागर का हिस्सा) में स्थित हैं। 1971 में यूएई के गठन से ठीक पहले ईरान ने इन द्वीपों पर नियंत्रण कर लिया था।

# सीरिया में शरणार्थी बने रहने को मजबूर लोग

**दमिश्क।** एक साल पहले बशर-अल असद की सरकार गिरने के बाद सीरिया में लंबे वक्त से चला आ रहा गृह युद्ध तो खत्म हो गया, लेकिन कई सीरियाई परिवार अब भी घर लौटने के इंतजार में हैं। इदलीब और अलेप्पो के शिविरों में सालों गुजारने के बाद जब ए परिवार अपने-अपने शहर लौट रहे हैं तो उन्हें अपने घर की जगह सिर्फ मलबे का ढेर मिल रहा है।

उनके लिए अपने शहर को पहचान पाना मुश्किल है, इसलिए यह वापसी बेमानी साबित हो रही है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट बताती है कि अलेप्पो की उत्तरी सीमा पर मौजूद ऐन दकनेह गांव में जो मोहल्ले कभी सैकड़ों लोगों का ठिकाना हुआ करते थे, वे अब टूटी-फूटी दीवारों, खंडहरों और मलबे के ढेर में तब्दील हो गए हैं। ऐन दकनेह के रहने वाले 40 वर्षीय यूसुफ मोहम्मद दीब तुर्किए की सीमा के करीब मौजूद बाब अल-सलाम शिविर से लौटने के बाद कहते हैं कि जब वह यहां लौटे तो उन्हें तबाही के सिवा कुछ नहीं दिखा। घर से दूर 10 साल बिताने वाले मोहम्मद दीब कहते हैं कि पूरा गांव तहस-नहस हो चुका है और

■ हमारे पास गुजारा करने के लिए कमाई का कोई जरिया नहीं है

अब वहां कुछ नहीं बचा। रहने के लिए कोई घर नहीं, और युद्ध रुकने के बावजूद भी वह एक शिविर में ही हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनआरए) के अनुसार, 30 लाख से ज्यादा सीरियाई शरणार्थी युद्ध रुकने के बाद से देश-विदेश से अपने घर लौटे हैं। वापसी के बाद हालांकि उन्हें न तो जीने लायक बुनियादी ढांचा मिला है, न विद्यालय मिले हैं, न स्वास्थ्य सेवाएं मिली हैं और न ही पर्याप्त रोजगार। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की उप-उच्चायुक्त केली क्लेमेंट्स के अनुसार, बिजली, पानी, विद्यालय और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे जरूरी बुनियादी ढांचे में निवेश के बिना सीरिया लोगों के लौटने के बाद उनकी व्यवस्था नहीं कर पाएगा। इदलीब के रहने वाले 63 वर्षीय इल्हाम जिलाक कहते हैं कि हम अपने घर लौटना चाहते हैं, लेकिन हमारे सब घर तबाह हो चुके हैं। मैं और मेरे सब भाई बूढ़े हो चुके हैं। हमारे पास गुजारा करने के लिए कमाई का कोई जरिया नहीं है।

# पीली रेखा है गाजा-इजरायल की नई सीमा: इजरायली सेना

**यरुशलम।** इजरायली सेना प्रमुख आयल जमीर ने कहा कि नई बनाई गई 'एलो लाइन' इजरायली गाजा पट्टी की 'नई सीमा रेखा' है। दो माह पहले 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम के बावजूद इजरायली सेना ने गाजा के कुछ हिस्से पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है।

इस हिस्से की सीमा को ही 'पीली रेखा' कहा जा रहा है। जमीर ने गाजा में बैत हनून और जबलिया के दौरे के दौरान कहा कि पीली रेखा एक नई सीमा रेखा है, जो हमारे समुदायों के लिए एक रक्षा पंक्ति और परिचालन गतिविधि की रेखा के तौर पर काम करती है। उन्होंने कहा कि सेना ने 'गाजा पट्टी के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण' कर लिया है और इजरायली सेना उन इलाकों में बनी रहेगी। जमीर ने कहा कि सेना 'हमास को खुद को फिर से स्थापित करने की अनुमति नहीं देगी' और 'अचानक हमले के परिदृश्यों' के लिए तैयारी कर रही है। इसे उन्होंने सेना की आने वाली कई वर्षों की योजना का एक मुख्य आधार बताया। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा में आखिरी मृत बंधक, पुलिस अधिकारी रैन ग्विली के अवशेषों को घर नहीं लाया जाता, तब तक मिशन पूरा नहीं होगा। हमास ने ग्विली के अलावा सभी 20 जीवित बंधकों और 27 मृत बंधकों के शवों को लौटा दिया है। इस दौरान इसरायली सैनिकों ने दर्जनों फिलिस्तीनियों की गोली मारकर यह कहते हुए हत्या की है कि वे संदिग्ध थे जिन्होंने 'पीली रेखा' पार की थी।

## गाजा में इजरायली सेना ने की फलस्तीनी लड़ाकों की हत्या

**गाजा।** दक्षिणी गाजा के राफा के मवासी इलाके में इजरायली सेना की गोलीबारी में एक फलस्तीनी लड़की की मौत हो गई। एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि लड़की की मौत मवासी में इजरायली सेना के तैनाती क्षेत्रों के बाहर हुई। इजरायली रक्षा बलों ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सैनिकों ने एक आतंकवादी की पहचान की, जो पीली रेखा पार कर सैनिकों के पास आया था और तत्काल खतरा पैदा कर रहा था कि और उन्होंने 'आतंकवादी को मार गिराया।' इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दवाओं और चिकित्सा आपूर्ति का भंडार 'विनाशकारी' शून्य स्तर पर बना हुआ है।

# थाइलैंड ने की कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक

## 45 दिन पहले ही ट्रम्प ने कराया था सीजफायर

**वाशिंगटन।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। थाईलैंड ने एक बार फिर कंबोडिया की सीमा पर एयर स्ट्राइक की है। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच युद्धविराम कराया था। इसके बाद थाईलैंड ने अब सीजफायर का उल्लंघन करते हुए एयर स्ट्राइक की है। हालांकि, दोनों देशों ने एक-दूसरे पर सीजफायर का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

एक थाई सैन्य अधिकारी ने कहा कि कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमले सोमवार सुबह हुए उस हमले का जवाब थे, जिसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हुए थे। थाई सेना ने कहा कि पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो क्षेत्रों में हिंसा भड़क गई थी। इसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई है और चार घायल हुए हैं। इसी के जवाब में थाईलैंड ने कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक की। एक बयान में कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने हवाई हमलों की पुष्टि करते हुए कहा, 8 दिसम्बर 2025



■ पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो क्षेत्रों में हिंसा भड़क गई थी

की सुबह लगभग 05:04 बजे, थाई सैन्य बलों ने प्रेह विहियर प्रांत के अन सेस क्षेत्र में कंबोडियाई बलों पर हमला किया। बयान में कहा गया कि कंबोडिया ने पलटवार नहीं किया। कंबोडिया ने यह भी कहा कि वो थाई पक्ष की ओर से की गई अमानवीय और बर्बर कार्रवाइयों की कड़े से कड़ी निंदा करता है। साथ ही कंबोडिया ने कहा कि थाईलैंड की ओर से किया गया यह हमला 26 अक्टूबर को हुए सीजफायर का उल्लंघन है। थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया ने सोमवार तड़के लगभग 3 बजे (स्थानीय समय) थाई सीमा को निशाना बनाना शुरू किया। इसी के बाद एक अलग बयान में, कंबोडियाई सेना ने आरोप लगाया कि थाई सेना ने लगभग 5:04 बजे सुबह (स्थानीय समय) कंबोडियाई बलों पर हमला किया। दोनों देशों के बीच जुलाई में सीमा विवाद भड़क गया था। इसी के बाद 5 दिन तक दोनों के बीच युद्ध हुआ। इसी के बाद मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और ट्रम्प की मध्यस्थता में युद्धविराम समझौता हुआ। दोनों नेताओं ने अक्टूबर में कुआलालंपुर में दोनों देशों के बीच शांति समझौता कराया। दोनों देशों के बीच जुलाई में झड़पे बढ़ गई थी। दोनों पड़ोसियों ने एक दूसरे पर राकेट दागे थे। इन हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हुई और लगभग 3 लाख लोग अस्थायी रूप से विस्थापित हो गए।

# पुतिन के भारत दौरे पर चीन की अहम प्रतिक्रिया

## विदेश मंत्रालय ने तीनों देशों के बीच सहयोग पर जोर दिया, ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा बताया

**बीजिंग।** चीन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। साथ ही तीनों देशों को ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि अच्छे त्रिपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति-स्थिरता में सहायक साबित होंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पुतिन की यात्रा पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। गुओ ने कहा कि चीन, रूस और भारत उभरती अर्थव्यस्थाएं हैं। हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे, हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। चीन द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए रूस और भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। भारत दौरे से पहले एक इंटरव्यू में पुतिन ने कहा था कि भारत और चीन हमारे करीबी दोस्त हैं। हम इस रिश्ते को काफी अहमियत



■ हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे, हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं

देते हैं। भारत और चीन के रिश्ते 2020 में लद्दाख में सैनिक तनाव के बाद काफी प्रभावित हुए थे, लेकिन अब दोनों देश धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। इस पर चीन ने कहा कि वह भारत के साथ रिश्तों को लंबी अवधि और रणनीतिक दृष्टि से आगे बढ़ाना चाहता है, ताकि दोनों देशों को फायदा मिले और एशिया समेत पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि बढ़े। चीनी मीडिया ने भी पुतिन के बयानों को प्रमुखता से दिखाया, खासकर वह हिस्सा जिसमें उन्होंने अमेरिका के आरोपों का जवाब दिया। अमेरिका कहता रहा है कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीद रहा है, लेकिन पुतिन ने इन आरोपों को खारिज किया। चीन खुद भी रूस का सबसे बड़ा तेल और गैस खरीदार है और उसने भी अमेरिका की उन मांगों को ठुकराया है, जिसमें रूस से ऊर्जा खरीद बंद करने को कहा जाता है। पुतिन 4 से 5 दिसम्बर तक भारत में थे। यह उनकी 2021 के बाद पहली भारत यात्रा थी। इस दौरान भारत और रूस के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनका उद्देश्य व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना है।

